जबलपुर
मंगलवार, 22 जुलाई 2025
श्रावण मास कृष्ण पक्ष-12
वर्ष : 20, अंक : 83
पृष्ठ : 14 मूल्य : 3.00 *

मौसम
अधि. 30
न्यून. 25

# हरिभूमि

मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com




## संस्कार कांवड़ यात्रा : हर हर महादेव से गूंजी संस्कारधानी

**जबलपुर।** सावन के दूसरे सोमवार को संस्कारधानी जबलपुर में भव्य "संस्कार कांवड़ यात्रा" का आयोजन किया गया। संस्कार कांवड़ यात्रा में धार्मिक आस्था का अद्भुत दृश्य देखने को मिला, जिसमें हजारों शिवभक्तों ने भाग लिया। कांवड़ यात्रा में 1 लाख कांवड़यि नर्मदा जल लेकर निकले। पूरा कांवड़ यात्रा मार्ग बम भोले के जयकारों से गूंजता रहा। 35 किलोमीटर लंबी इस यात्रा का समापन खमरिया के पास ग्राम मटावर स्थित कैलाश धाम में हुआ।

# उप-राष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने दिया इस्तीफा

## राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू को लिखा लेटर

हरिभूमि, नई दिल्ली।

उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने अपने पद से इस्तीफा दे दिया है। धनखड़ ने इस संबंध में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू को एक लेटर लिखा है। इसमें स्वास्थ्य संबंधी कारणों का हवाला दिया है। धनखड़ ने कहा कि उन्होंने अपने स्वास्थ्य को प्राथमिकता देते हुए डॉक्टरी सलाह के आधार पर यह फैसला किया है। उन्होंने अपने इस्तीफे को तत्काल प्रभाव से स्वीकार करने की बात कहते हुए संविधान के अनुच्छेद 67(ए) का हवाला दिया है।

### समर्थन के लिए जताया आभार

जगदीप धनखड़ ने अपने पत्र में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू के लिए कहा कि आपके अटूट समर्थन और मेरे कार्यकाल के दौरान हमारे बीच बने सुखद और अद्भुत कार्य संबंधों के लिए अपनी हार्दिक



कृतज्ञता व्यक्त करता हूं। उन्होंने पीएम मोदी के साथ ही मंत्रिपरिषद् के प्रति भी अपना आभार व्यक्त किया। जगदीप धनखड़ ने लिखा कि मैंने अपने कार्यकाल के दौरान बहुत कुछ सीखा है। उन्होंने कहा कि सभी माननीय संसद सदस्यों से मुझे जो गर्मजोशी, विश्वास और स्नेह मिला है, वह हमेशा मेरी स्मृति में रहेगा। उन्होंने आगे लिखा कि मैं हमारे महान लोकतंत्र में उपराष्ट्रपति के रूप में प्राप्त अमूल्य अनुभवों और अंतर्दृष्टि के लिए तहे दिल से आभारी हूं।

### देश की उल्लेखनीय प्रगति का किया जिक्र

धनखड़ ने आगे कहा कि इस महत्वपूर्ण अवधि के दौरान भारत की उल्लेखनीय आर्थिक प्रगति और अभूतपूर्व विकास को देखना और उसमें भाग लेना मेरे लिए सौभाग्य और संतुष्टि की बात रही है। हमारे राष्ट्र के इतिहास के इस परिवर्तनकारी युग में सेवा करना मेरे लिए एक सच्चा सम्मान रहा है।

### सियासी गलियारे में तरह-तरह की चर्चाएं

संसद के मानसून सत्र के दौरान जब मीडिया सत्र को कवर कर रहा तब यह खबर आई जिससे देश का राजनैतिक तापमान बढ़ गया। उपराष्ट्रपति का कार्यकाल अगस्त 2027 में पूरा होना था। अचानक इस्तीफे को लोग हजम नहीं कर पा रहे। 10 जुलाई को जवाहर लाल नेहरू विवि में उन्होने मजाकिया अंदाज में कहा था कि मै सहीं समय 10 अगस्त 2027 को रिटायर हो जाऊंगा। स्वतंत्र भारत में यह पहली बार है कि उपराष्ट्रपति को समय से पहले हटना पड़ा । विदित हो कि विपक्ष ने धनकड के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव पेश किया था, जिसे राज्यसभा के उपसभापति हरवंश ने खारिज कर दिया था।


inh 24x7
छत्तीसगढ़ एवं मध्यप्रदेश का सर्वाधिक लोकप्रिय चैनल देखें
TATA PLAY चैनल नं. 1155 | airtel चैनल नं. 366

हरिभूमि सहेली
आज के अंक के साथ


## सरकार चर्चा को तैयार, पर तकरार है बरकरार

*मानसून सत्र के पहले दिन ही संसद के दोनों सदनों में पहलगाम हमले व ऑपरेशन सिंदूर पर सरकार से जवाब मांगने को लेकर हंगामा हो गया। यानी, सर्वदलीय बैठक में विपक्ष ने सदन चलने देने का जो भरोसा दिलाया था, वह फलीभूत न हो सका। संसद की कार्यवाही 4 बार बाधित हुई। ऑपरेशन सिंदूर पर लोकसभा में 16 तो राज्यसभा में 9 घंटे होगी बहस।*

[ केंद्रीय मंत्री जेपी नड्डा ने कहा ]

### सारे 'सबूत' दिखाने के बाद भी हम ऑपरेशन सिंदूर पर चर्चा को तैयार

***ताकि, देश में ये संदेश न जाए कि हम चर्चा को तैयार नहीं हैं, हम हर बिंदु का जवाब देंगे***

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

लोकसभा शुरू होते ही 20 में मिनट में ही 12 बजे तक के लिए स्थगित कर दी गई। वहीं, राज्य सभा को भी सत्ता पक्ष और विपक्ष के बीच टकराव के चलते स्थगित की गई। संसद के मानसून सत्र में केंद्र सरकार ऑपरेशन सिंदूर समेत विपक्ष के कई मुद्दों पर चर्चा के लिए तैयार है। ऑपरेशन सिंदूर पर लोकसभा में 16 घंटे और राज्यसभा में 9 घंटे चर्चा होगी। मल्लिकार्जुन खरगे की मांग को लेकर राज्यसभा के नेता सदन जेपी नड्डा ने कहा कि यह संदेश नहीं जाना चाहिए कि सरकार ऑपरेशन सिंदूर पर चर्चा नहीं चाहती।



सरकार इस पर चर्चा के लिए पूरी तरह तैयार है। भाजपा अध्यक्ष ने कहा कि हमने बिजनेस एडवाइजरी कमेटी में समय आवंटित करने के लिए प्रस्ताव रखा है। केंद्रीय मंत्री जेपी नड्डा ने विपक्ष की मांगों को लेकर कहा कि हम पूरी तरह से, हर बिंदु पर चर्चा के लिए तैयार हैं।

[ कांग्रेस अध्यक्ष खरगे बोले ]

### ट्रंप 24 बार बोले, उनके 'दावे' पर तो केंद्र को स्पष्टीकरण देना चाहिए

***जब सारी दुनिया को सबूत दिखाए तो स्थिति साफ करने में सरकार को क्या हर्ज है?***

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

संसद मानसून सत्र के पहले दिन पहलगाम हमले और ऑपरेशन सिंदूर को लेकर लोकसभा और राज्यसभा में हंगामा हुआ। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने राज्यसभा में कहा कि अभी तक पहलगाम हमले के आतंकी नहीं पकड़े गए।

मारे भी नहीं गए। उपराज्यपाल ने कहा है कि जम्मू-कश्मीर में इंटेलिजेंस फेलियर हुआ। अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप 24 बार कह चुके हैं कि हमने भारत-पाकिस्तान के बीच जंग रुकवाई। सरकार को इन सभी जवाब देना चाहिए। कांग्रेस नेता केसी वेणुगोपाल



ने कहा कि हम चाहते हैं कि सदन में हर मुद्दे पर खुलकर चर्चा हो। सरकार को ऑपरेशन सिंदूर और विजय उत्सव के बारे में स्पष्ट जवाब देना चाहिए। हमने विशेष सत्र की मांग की थी, लेकिन सरकार इसके लिए तैयार नहीं हुई।

### संसद परिसर में पीएम मोदी का संबोधन


## मानसून सत्र 'विजय का उत्सव'

सत्र की शुरुआत से पहले पीएम नरेंद्र मोदी ने संसद परिसर से मीडिया के माध्यम से देश को संबोधित किया है। पीएम मोदी ने कहा कि संसद का यह मानसून सत्र एक विजय उत्सव की तरह है। अंतर्राष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन पर भारत का झंडा फहराया जाना प्रत्येक भारतीय के लिए गौरव का क्षण है। यह मानसून सत्र जीत का जश्न है। पूरी दुनिया ने भारत की सैन्य शक्ति का लोहा माना है। ऑपरेशन सिंदूर में भारतीय सेना द्वारा निर्धारित लक्ष्य को 100% हासिल किया गया।



**राहुल का आरोप**

### मैं विपक्ष का नेता, फिर भी मुझे बोलने नहीं दे रहे



राहुल ने संसद भवन के बाहर संवाददाताओं से कहा कि रक्षा मंत्री और सरकार के अन्य लोगों को बोलने की इजाजत है, लेकिन विपक्षी नेताओं को बोलने नहीं दिया जा रहा। मैं विपक्ष का नेता हूं, बोलना मेरा अधिकार है, मुद्दे उठाना मेरा काम है, लेकिन वे मुझे बोलने नहीं दे रहे। उन्होंने आरोप लगाया कि सरकार एक नया तरीका अपना रही है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सदन से चले गए। अगर वे अनुमति दें तो चर्चा हो सकती है, लेकिन मुद्दा यह है कि परंपरा कहती है कि अगर सरकार के नेताओं को बोलने की अनुमति है।

**भाजपा विधायक शुक्ला के बेटे पर आरोप**

भस्म आरती का लाइव प्रसारण भी बंद करा दिया

### महाकाल के गर्भगृह में जबरन घुस गए कर्मचारी को धमकाया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ उज्जैन

इंदौर एक विधानसभा सीट से भाजपा विधायक गोलू शुक्ला और उनका बेटा रुद्राक्ष एक बार विवाद में फंस गए हैं। आरोप है कि विधायक शुक्ला रविवार रात को अपने बेटे के साथ कांवड़ यात्रा लेकर महाकालेश्वर मंदिर पहुंचे। भस्म आरती के दौरान रुद्राक्ष ने गर्भगृह में प्रवेश करने का प्रयास किया। रोकने पर कर्मचारी से दुर्व्यवहार किया ।



**डिप्टी सीएम शुक्ल का देखिए अनुशासन**

### गर्भगृह से बाहर नंदी हॉल से ही किए बाबा महाकाल के दर्शन

**प्रदेशवासियों के सुख, समृद्धि एवं कल्याण की प्रार्थना की**

दूसरी तरह उपमुख्यमंत्री राजेंद्र शुक्ल ने पवित्र श्रावण माह के दूसरे सोमवार को उज्जैन में बाबा महाकाल के दर्शन किए और प्रदेशवासियों के सुख, समृद्धि एवं कल्याण की प्रार्थना की। उनका अनुशासन देखने को मिला। वे गर्भगृह से बाहर नंदीहॉल में खड़े होकर बाबा के दर्शन करते नजर आए। उपमुख्यमंत्री शुक्ल ने बाबा महाकाल की परंपरागत सवारी में श्रद्धा एवं भक्ति भाव से शामिल हुए। उप मुख्यमंत्री शुक्ल ने कहा कि उज्जैन नगरी की धरती पर बाबा महाकाल का दर्शन परम सौभाग्य की बात है। श्रावण का यह पावन पर्व हमें भक्ति, सेवा और आत्मिक शुद्धता का संदेश देता है।



## खबर संक्षेप

### ढाका में स्कूल पर गिरा विमान, 19 की मौत

**ढाका।** बांग्लादेश की वायुसेना का ट्रेनर विमान सोमवार को ढाका के स्कूल पर गिर गया। हादसे में 19 लोगों की मौत हो गई है। मरने वालों में 16 छात्र, 2 शिक्षक और 1 पायलट शामिल हैं। हादसे में 171 से ज्यादा लोग घायल हैं। 60 घायलों को बर्न इंस्टीट्यूट रेफर किया गया है।



### मुंबई ट्रेन ब्लास्ट केस के सभी 12 आरोपी बरी

**मुंबई।** मुंबई में 2006 के सीरियल ट्रेन ब्लास्ट मामले में हाईकोर्ट ने सभी 12 आरोपियों को बरी कर दिया। कोर्ट ने कहा कि सरकारी वकील आरोपियों के खिलाफ केस साबित करने में नाकाम रहे हैं। हाईकोर्ट ने कहा कि यह मानना मुश्किल है कि आरोपियों ने अपराध किया है।



### खदान में डूबने से दो सगी बहनों की दर्दनाक मौत

मैहर। नादन थाना क्षेत्र के ग्राम बठिया में सोमवार सुबह एक हृदय विदारक हादसे में दो मासूम सगी बहनों की पानी से भरी खदान में डूबने से मौत हो गई। यह घटना सुबह करीब 10:30 बजे की है,जब पुष्पा कोल 8 वर्ष और प्राची कोल 7 वर्ष,निवासी बठिया,अपने घर के पीछे स्थित खदान में नहा रही थीं।



जस्टिस वर्मा को हटाने की प्रक्रिया शुरू

### लोकसभा में 145, राज्यसभा में 63 सांसदों ने दिया नोटिस

**नई दिल्ली।** संसद के दोनों सदनों में जस्टिस यशवंत वर्मा को हटाने के लिए सांसदों ने नोटिस दिया है। जिसमें लोकसभा के 145 सांसद और राज्यसभा के 63 सांसद शामिल हैं। घर से अधजले नोटों की बरामदगी के बाद जस्टिस यशवंत वर्मा को हटाने की सिफारिश की गई है। यशवंत वर्मा को इस विवाद के बाद दिल्ली हाई कोर्ट से वापस इलाहाबाद हाई कोर्ट भेज दिया गया है। न्यायाधीश को हटाने के लिए संविधान के अनुच्छेद 124, 217 और 218 के तहत प्रक्रिया तय की गई है।



■ अनुच्छेद 124, 217 और 218 के तहत प्रक्रिया

छिंदवाड़ा में मानवता तार-तार

### नवजात को कचरे के साथ फेंका, कुत्तों ने नोचा शव

**छिंदवाड़ा।** यहां एक युवती ने नवजात शिशु को कचरे के साथ डस्टबिन में भरकर फेंक दिया। कुछ देर बाद वहां आवारा कुत्ते पहुंचे। जिन्होंने बच्चे को नोच डाला। लोगों की नजर पड़ी तो कुत्तों को भगाकर पुलिस को बुलाया। मौके पर पहुंची पुलिस बच्चे को जिला अस्पताल ले गई। जहां उसे मृत घोषित कर दिया गया। ये अभी स्पष्ट नहीं है कि युवती ने नवजात को जिंदा फेंका या मरा हुआ। यह भी नहीं बताया कि नवजात कितने महीने का था।



■ हिरासत में एक अविवाहित युवती

भगवान गणेश की मूर्ति पर बवाल

### कारीगर का मुंह काला किया 3 मूर्तिकारों पर एफआईआर

**इंदौर।** शहर में सोमवार को खजराना इलाके में गणेश प्रतिमा को आपत्तिजनक तरीके से बनाए जाने पर जमकर बवाल हुआ। हिंदू संगठन के कार्यकर्ताओं ने प्रतिमा को परंपराओं के खिलाफ बताते हुए विरोध जताया। फिर कारीगर का मुंह काला कर दिया। इसके बाद वे कारीगरों को खजराना थाने लेकर पहुंचे और पुलिस से शिकायत दर्ज करवाई। पुलिस ने तीन कारीगरों के खिलाफ केस दर्ज करते हुए प्रतिबंधात्मक कार्रवाई की है।



■ प्रतिमा को प्री वेडिंग शूट की तर्ज पर बनाया

**सीहोर से 90 साल के किसान का दिल दहला देने वाला वीडियो**

अमर सिंह कहते हैं
जिंदगी ने हमें कोई विकल्प नहीं दिया

### ट्रैक्टर के पैसे नहीं तो खुद ही जुत गया 'बूढ़ा' किसान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सीहोर

जिले से एक किसान का दिल दहला देने वाला वीडियो सामने आया है। किसान खुद जुतकर हकाई कर रहा है। 90 साल के बुजुर्ग किसान का ये वीडियो अलग ही तस्वीर को बयां कर रहा है। करीब सात दशक पहले मदर इंडिया फिल्म में ऐसी ही तस्वीर सामने आई थी। ग्राम तज अमरोद के 90 वर्षीय किसान अमर सिंह के पास केवल तीन एकड़ जमीन है,



आज भी अपने खेतों में खुद हल चलाते हैं। उनके पास न तो ट्रैक्टर है और न ही कोई आधुनिक कृषि उपकरण, लेकिन उनके हौंसले और मेहनत में कोई कमी नहीं है। बुजुर्ग किसान ट्रैक्टर, बैलगाड़ी नहीं होने के कारण खुद हल की तरह जुत गया है।

**मुख्यमंत्री डॉ. यादव विधायक विश्राम गृह कैंपस में नवीन विधायक विश्रामगृह के निर्माण कार्य के भूमिपूजन पर बोले**

## विधायकों के लिए फिलहाल 102 आवास बनेंगे, बाकी दूसरे चरण में बनकर होंगे तैयार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि भवन निर्माण और वास्तुकला के क्षेत्र में नवीनतम तकनीकों के उपयोग से बनने वाला यह नवीन विधायक विश्राम गृह विधायकों को बेहतर वातावरण उपलब्ध कराएगा। राज्य सरकार ने विधायकों के कार्यालयों के आधुनिकीकरण के लिए बजट में 5-5 लाख रुपए के आवंटन का प्रावधान अलग से किया है। मुख्यमंत्री ने नवीन विधायक विश्रामगृह के द्वितीय चरण के निर्माण को भी स्वीकृति प्रदान करने की घोषणा की। मुख्यमंत्री डॉ. यादव सोमवार को विधायक विश्राम गृह कैंपस में नवीन विधायक विश्रामगृह के निर्माण कार्य के भूमि पूजन अवसर पर आयोजित कार्यक्रम



में बोल रहे थे। यहां 102 नवीन विश्राम गृह 159 करोड़ रुपए की लागत से बनेगा। बाकी विधायकों के लिए अगले चरण में भवन बनकर तैयार होगा।


**राहुल ने मांडू में मप्र कांग्रेस विधायक दल द्वारा आयोजित 'नव संकल्प शिविर' में वर्चुअली कहा**

# सावधान न रहे तो फिर होगी मप्र में चुनाव की चोरी

## सरकार बनी तो तेलंगाना की तर्ज पर होगी जातीय जनगणना

विशेष प्रतिनिधि ▶▶ भोपाल

लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने कहा है कि मैं बिना किसी शक के कह रहा हूं कि महाराष्ट्र में चुनाव चोरी किया गया है। हमने अनेक बार चुनाव आयोग से इलेक्शन डेटा वोटर लिस्ट, और पोलिंग बूथ के वीडियो फुटेज मांगे लेकिन कोर्ट में कहने बोलने के बाद भी आज तक डेटा नहीं दिया गया। मैं पूरे विश्वास से कह सकता हूं कि मध्य प्रदेश में भी चुनाव अनेक बार चोरी किया गया है।





### कमलनाथ सहित वरिष्ठ नेताओं ने भी किया संबोधित

*'नव संकल्प शिविर' को पार्टी के अन्य वरिष्ठ नेताओं ने भी संबोधित किया। कमलनाथ ने वर्चुअल जुड़ कर कहा कि यह समय नौजवानों और किसानों के लिए चुनौती भरा है। निवेश आकर्षण से आता है डिमांड से नहीं। प्रदेश प्रभारी हरीश चौधरी ने कहा कि अगला चुनाव एआई आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस से मैनेज रहेंगे। कांग्रेस को भी सोशल मीडिया को अपना हथियार बनाना पड़ेगा। नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार ने कहा कि यह शोषण के खिलाफ महिला, युवा, गरीब, आदिवासी और प्रदेश के प्रत्येक नागरिक की खुशहाली का नव संकल्प है।*

# संविधान जेब में रखकर संवैधानिक संस्था पर हमला ठीक नहीं: शेखावत
# राहुल खुद बोलना नहीं चाहते, कहते हैं हमें बोलने नहीं दिया जाता: पाल




एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

लोकसभा के मानसून सत्र में सोमवार को बार-बार व्यवधान देखने को मिला। इसके चलते लोकसभा की कार्यवाही कई बार स्थगित करनी पड़ी। हंगामे के बावजूद, केंद्र सरकार ने कहा कि वह विपक्ष की ओर से उठाए गए सभी मुद्दों पर चर्चा करने के लिए तैयार है। इस बीच सत्ता पक्ष ने कांग्रेस सांसद राहुल गांधी पर भी जमकर पलटवार किए। सत्ता पक्ष ने कहा कि संविधान जेब में रखकर चलते हैं और संवैधानिक संस्थाओं पर हमला करते हैं ये दोहरा बात कैसे स्वीकार हो सकती है। राहुल गांधी बार-बार कहते हैं कि उन्हे सदन में बोलने नहीं दिया जा रहा है। जबकि ये क्यों नहीं कहते हैं कि वे खुद बोलना नहीं चाहते है। राहुल ने आरोप लगाया है कि उन्हें लोकसभा में बोलने की अनुमति नहीं दी गई। इस पर उस वक्त सदन की अध्यक्षता कर रहे सांसद जगदंबिका पाल ने कहा, मैं उस समय सदन में था और अध्यक्षता कर रहा था मैंने राहुल गांधी से कहा कि आप विपक्ष के नेता हैं, आपकी पार्टी के सांसद वेल में हैं और नारे लगा रहे हैं। प्रश्नकाल के दौरान मैंने विपक्ष के नेता से कहा कि आप अपने सांसदों को अपनी सीटों पर बैठने के लिए कहें, मैं उन्हें बोलने का मौका देता, लेकिन वे खुद बोलना नहीं चाहते।

केंद्रीय मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत ने मीडिया से बातचीत के दौरान कहा कि संविधान की एक प्रति जेब में रखना और साथ ही संवैधानिक संस्थाओं पर हमला करना और उनकी पवित्रता को कम करना बेहद विरोधाभाषी ये कतई स्वीकार नहीं है।

## सत्ता पक्ष ने राहुल गांधी पर किए चौतरफा हमले

**सत्र के पहले ही दिन इस तरह का विरोध करना ठीक नहीं है**

पीएम मोदी की अध्यक्षता में हुई बैठक में बनाई आगामी रणनीति



लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी के चुनाव आयोग पर लगाए जा रहे आरोपों पर केंद्रीय मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत ने तंज कसा है। शेखावत ने कहा कि संविधान की एक प्रति जेब में रखना और संवैधानिक पद पर हमला विरोधाभाषी है। केंद्रीय मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत ने मीडिया से बातचीत के दौरान कहा कि संविधान की एक प्रति जेब में रखना और साथ ही संवैधानिक संस्थाओं पर हमला करना और उनकी पवित्रता को कम करना बेहद विरोधाभाषी है। मतदाता सूची का विशेष गहन पुनरीक्षण चल रहा है। यह पहली बार नहीं है, बल्कि देश में चौथी बार ऐसा हो रहा है, ऐसे में इस तरह की अनुचित टिप्पणी करना उनकी अपनी विश्वसनीयता को ही कम करता है। संसद के आगामी मानसून सत्र पर शेखावत ने कहा कि मेरा मानना है कि देश के सामने कई महत्वपूर्ण और प्रासंगिक मुद्दे हैं, जिन पर खुली चर्चा और संवाद होना चाहिए। संसद संवाद का प्लेटफार्म है। मुझे पूरी उम्मीद है कि इसका इस्तेमाल रचनात्मक विचार-विमर्श के लिए किया जाएगा, ना कि इसे व्यवधान या अराजकता का मंच बनाया जाएगा।

### सदन में बोले रक्षा मंत्री
### विपक्ष के मुद्दों पर हम चर्चा को तैयार



लोकसभा में रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने सदन को आश्वासन दिया कि सरकार पहलगाम हमले सहित राष्ट्रीय सुरक्षा के मामलों पर विस्तृत बहस के लिए पूरी तरह तैयार है। राजनाथ सिंह ने कहा कि मैं सांसदों को भरोसा दिलाता हूं कि सुरक्षा से जुड़े किसी भी मुद्दे पर, चाहे चर्चा कितनी भी लंबी क्यों न हो, हम पूरी तरह से चर्चा के लिए तैयार हैं। जब भी स्पीकर समय देंगे, हम चर्चा में भाग लेंगे। यह बात उन्होंने उस समय कही जब विपक्षी सांसदों ने पहलगाम आतंकी हमले पर चर्चा के दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की संसद में गैरहाजिरी पर सवाल उठाए।

### मुद्दा उठाना है तो उसे नियमों के तहत चर्चा करें: रिजिजू



संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजिजू ने कहा कि सर्वदलीय बैठक में यह तय हुआ था कि इस सत्र में ज्यादा से ज्यादा चर्चा होनी चाहिए। सरकार चर्चा के लिए तैयार है, लेकिन विपक्ष के सांसद सदन के वेल में आकर विरोध कर रहे हैं। सत्र के पहले ही दिन इस तरह का विरोध करना ठीक नहीं है। अगर किसी को कोई मुद्दा उठाना है तो उसे नियमों के तहत चर्चा करनी चाहिए। पहले, स्पीकर ओम बिरला ने शुरुआती व्यवधान के बाद लोकसभा की कार्यवाही दोपहर तक के लिए स्थगित कर दी। दुबारा हंगामा हुआ तब पीठासीन जगदंबिका पाल को सदन की कार्यवाही दोपहर 2 बजे तक के लिए फिर से स्थगित कर दी।

### पीएम मोदी की अध्यक्षता में उच्चस्तरीय बैठक

संसद के मानसून सत्र का पहला दिन काफी हंगामेदार रहा। सरकार और विपक्ष एक दूसरे पर तमाम मुद्दों को लेकर आरोप-प्रत्यारोप लगाते नजर आए। वहीं, संसद भवन में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में एक उच्चस्तरीय बैठक भी आयोजित की गई। इस बैठक में केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, भाजपा अध्यक्ष और केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री जेपी नड्डा, वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण, कानून मंत्री अर्जुन मेघवाल, संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजिजू और कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान समेत कई मंत्री शामिल हुए। सूत्रों के अनुसार, यह बैठक संसद सत्र को लेकर आयोजित की गई थी, जिसमें सत्र की रूपरेखा, विधायी एजेंडा और विपक्ष से संभावित रणनीति पर विचार-विमर्श किया गया।

## देश में बेरोजगारी दर घटकर 3.2 फीसदी हुई, महंगाई दर भी रिकॉर्ड निचले स्तर पर : निर्मला सीतारमण

वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने आज सोमवार को लोकसभा में जानकारी दी कि सरकार की विभिन्न पहलों के चलते देश में बेरोजगारी दर 6 वर्षों में 6 प्रतिशत से घटकर 3.2 प्रतिशत रह गई है। वहीं



महंगाई दर भी 6 वर्षों के सबसे निचले स्तर पर पहुंच गई है। वित्त मंत्री ने लोकसभा में लिखित उत्तर में बताया कि महंगाई को नियंत्रित करने और खासकर गरीबों, युवाओं के बीच रोजगार बढ़ाने के लिए कई ठोस कदम उठाए गए हैं। इनमें जरूरी खाद्य वस्तुओं का बफर स्टॉक बढ़ाना, खुले बाजार में अनाज की रणनीतिक बिक्री, आपूर्ति में कमी के समय आयात को बढ़ावा और निर्यात पर रोक, स्टॉक लिमिट लागू करना, भारत ब्रांड के तहत सस्ती दरों पर खुदरा बिक्री और 81 करोड़ लोगों को मुफ्त खाद्यान्न वितरण जैसे कदम शामिल हैं। इसके साथ ही सरकार ने कर छूट की सीमा बढ़ाकर व्यक्तियों की आय में बढ़ोतरी की है। अब सालाना 12 लाख रुपये तक की आय (और वेतनभोगी के लिए 12.75 लाख तक) कर-मुक्त कर दी गई है। वित्त मंत्री ने बताया कि इन उपायों से उपभोक्ता मूल्य सूचकांक (सीपीआई) के आधार पर खुदरा महंगाई दर 2023-24 में 5.4% से घटकर 2024-25 में 4.6% हो गई है, जो पिछले छह वर्षों में सबसे कम है। 2025-26 की पहली तिमाही में सीपीआई और गिरकर औसतन 2.7% रही और जून 2025 में यह 2.1% पर पहुंच गई। वहीं

### कंपनियों ने युवाओं को 1.53 लाख से ज्यादा प्रस्ताव दिए

वित्त एवं कॉर्पोरेट मामलों की मंत्री निर्मला सीतारमण ने बताया कि अक्टूबर 2024 में शुरू की गई पीएम इंटर्नशिप स्कीम (पीएमआईएस) के पहले दो चरणों के दौरान देश की शीर्ष कंपनियों ने युवाओं को 1.53 लाख से ज्यादा प्रस्ताव दिए। वित्त मंत्री सीतारमण ने एक लिखित उत्तर में बताया कि पीएम इंटर्नशिप योजना पायलट प्रोजेक्ट के पहले चरण में, साझेदार कंपनियों ने देश भर के पीएमआईएस पोर्टल पर 1.27 लाख से ज्यादा इंटर्नशिप के अवसर पोस्ट किए।

### कब होगा 8वें वेतन आयोग का गठन

दो सांसदों के सवाल पर लोकसभा में वित्त राज्य मंत्री पंकज चौधरी ने कहा सरकार द्वारा 8वें वेतन आयोग के अध्यक्ष और सदस्यों की नियुक्ति के बाद इसकी अधिसूचना जारी कर दी जाएगी।

### 32 दिन चलेगा संसद का मानसून सत्र

संसद का मानसून सत्र 21 जुलाई से 21 अगस्त तक यानी कुल 32 दिन चलेगा। इस दौरान 18 बैठकें होंगी, 15 से ज्यादा बिल पेश होंगे। स्वतंत्रता दिवस समारोह के कारण 13-14 अगस्त को संसद की कार्यवाही नहीं होगी। केंद्र सरकार मानसून सत्र में 8 नए बिल पेश करेगी, जबकि 7 लंबित बिलों पर चर्चा होगी। इनमें मणिपुर जीएसटी संशोधन बिल 2025, इनकम टैक्स बिल, नेशनल स्पोर्ट्स गवर्नेंस बिल जैसे विधेयक शामिल हैं। पहले दिन नए इनकम टैक्स बिल पर बनी संसदीय कमेटी की रिपोर्ट लोकसभा में पेश होगी। कमेटी ने 285 सुझाव दिए हैं। 622 पन्नों वाला बिल 6 दशक पुराने इनकम टैक्स एक्ट 1961 को रिप्लेस करेगा।

---

## खबर संक्षेप

### सात्विक ने चावल पर उगाई कीड़ाजड़ी

**शिमला।** हिमालयी क्षेत्रों में पाई जाने वाली दुर्लभ और मूल्यवान कीड़ाजड़ी को एक छात्र ने भूरे चावल के दानों पर उगा दिया। यह



दावा किया है डॉ. वाईएस बागवानी परमार एवं वानिकी विवि नौणी के सात्विक चौहान ने। उन्होंने तीन महीने के अंदर आधा किलो कीड़ाजड़ी मशरूम उगाकर कर युवाओं को स्वरोजगार की राह दिखाई है। इसका एक किलो का बाजार मूल्य 80 हजार रुपये तक है। शिमला की निकटवर्ती कोटखाई तहसील के भवाणा (पुड़ग) गांव के सात्विक चौहान ने मुख्यमंत्री स्टार्टअप योजना के तहत पढ़ाई के साथ-साथ यह प्रयोग किया।

### वैष्णो देवी जाने वाले मार्ग पर भूस्खलन, 1 की मौत

**जम्मू।** जम्मू-कश्मीर के रियासी जिले में माता वैष्णो देवी मंदिर के पुराने यात्रा मार्ग पर सोमवार सुबह भारी भूस्खलन हुआ, जिसमें एक श्रद्धालु की मौत हो गई और नौ अन्य



घायल हो गए। अधिकारियों ने बताया कि यह भूस्खलन त्रिकुटा पहाड़ियों पर स्थित तीर्थयात्रियों के आधार शिविर कटरा शहर में हुई भारी बारिश के कारण हुआ है। यह घटना सुबह लगभग 8.50 बजे बाणगंगा के पास गुलशन का लंगर में हुई। यह यात्रा का प्रारंभिक बिंदु है।

### कर्नाटक के मुख्यमंत्री की पत्नी को दी राहत
# सुप्रीम कोर्ट ने ईडी को लगाई फटकार-कहा हमें मुंह खोलने के लिए मजबूर न करें

*कोर्ट ने सवाल किया कि राजनीतिक लड़ाई को मतदाताओं के सामने लड़ने देना चाहिए, उसमें आप क्यों इस्तेमाल हो रहे हैं*

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) को जमकर लताड़ लगाई और ईडी के कथित राजनीतिक रूप से इस्तेमाल होने को लेकर तीखी टिप्पणी की। सुप्रीम कोर्ट ने कर्नाटक सीएम की पत्नी के खिलाफ दायर ईडी की याचिका को खारिज कर दिया और कर्नाटक उच्च न्यायालय के आदेश को बरकरार रखा। सुप्रीम कोर्ट ने याचिका पर सुनवाई करते हुए कहा कि 'श्रीमान राजू, कृपया हमें अपना मुंह खोलने के लिए मजबूर न करें। वर्ना हमें ईडी के खिलाफ कुछ कड़े शब्दों का इस्तेमाल करना पड़ेगा। दुर्भाग्य से, मुझे महाराष्ट्र में इसे लेकर कुछ अनुभव है। इसे पूरे देश में मत फैलाइए। राजनीतिक लड़ाई को मतदाताओं के सामने लड़ने देना चाहिए, उसमें आप क्यों इस्तेमाल हो रहे हैं।' अदालत ने ईडी की याचिका खारिज कर दी और कर्नाटक उच्च न्यायालय के आदेश को बरकरार रखा। इस पर खुशी जताते हुए कर्नाटक के मुख्यमंत्री सिद्धारमैया ने कहा कि आखिरकार न्याय हुआ और मुडा मामले का भी अंत हो गया है।



### सुप्रीम कोर्ट ने ईडी पर की तीखी टिप्पणी

मुख्य न्यायाधीश जस्टिस बीआर गवई और जस्टिस के विनोद चंद्रन की पीठ ने ईडी की याचिका पर सुनवाई की। ईडी ने कर्नाटक उच्च न्यायालय के उस आदेश को चुनौती दी गई थी, जिसमें उच्च न्यायालय ने कर्नाटक सीएम की पत्नी पार्वती के खिलाफ मूडा घोटाले में कार्रवाई करने पर रोक लगा दी थी। ईडी की तरफ से अतिरिक्त सॉलिसिटर जनरल एसवी राजू सुप्रीम कोर्ट में पेश हुए थे।

### महंगी जमीन आवंटित की

बता दें कि मूडा (मैसूर अर्बन डेवलपमेंट अथॉरिटी) मामले में कर्नाटक के मुख्यमंत्री सिद्धारमैया की पत्नी पार्वती सिद्धारमैया को जमीन आवंटन में अनियमितता के आरोप लगे थे। आरोप है कि मुख्यमंत्री की पत्नी को मुडा ने एक जमीन अधिग्रहण के बदले में मैसूर में पॉश इलाके में ज्यादा महंगी जमीन आवंटित की। इस मामले में करोड़ों रुपये के घोटाले के आरोप लगे थे।

### कर्नाटक सीएम ने जताई फैसले पर खुशी

कर्नाटक के मुख्यमंत्री सिद्धारमैया ने सुप्रीम कोर्ट के फैसले पर खुशी जताई और एक बयान जारी कर कहा कि आखिरकार न्याय हुआ। मुख्यमंत्री कार्यालय की तरफ से जारी बयान में कहा गया कि 'सुप्रीम कोर्ट ने उच्च न्यायालय का आदेश बरकरार रखा और ईडी की याचिका को खारिज कर दिया। अदालत ने ईडी के खिलाफ टिप्पणी करने में सावधानी बरती और उन्होंने कहा कि मामले का राजनीतिकरण नहीं किया जाना चाहिए। सुप्रीम कोर्ट को उच्च न्यायालय के फैसले में कोई गलती नहीं लगी। न्याय हुआ और मुडा घोटाले में ईडी का दखल अब बंद हो जाएगा।

### सिद्धारमैया पर लगे आरोपों की फेहरिस्त



- सिद्धारमैया की पत्नी को मूडा की ओर से मुआवजे के तौर पर मिले विजयनगर के प्लॉट की कीमत कसारे गांव की उनकी जमीन से बहुत ज्यादा है।
- स्नेहमयी कृष्णा ने सिद्धारमैया के खिलाफ शिकायत दर्ज करवाई। इसमें उन्होंने सिद्धारमैया पर मूडा साइट को पारिवारिक संपत्ति का दावा करने के लिए डॉक्युमेंट्स में जालसाजी का आरोप लगाया गया।
- 1998 से लेकर 2023 तक सिद्धारमैया कर्नाटक में डिप्टी सीएम या सीएम जैसे प्रभावशाली पदों पर रहे। भले ही सीधे तौर पर वे इस घोटाले से न जुड़े हों, लेकिन उन्होंने अपने पावर का इस्तेमाल कर करीबी लोगों की मदद की।
- सिद्धारमैया की पत्नी पार्वती के भाई मल्लिकार्जुन ने साल 2004 में डिनोटिफाई 3 एकड़ जमीन अवैध रूप से खरीदी थी। 2004-05 में कर्नाटक में फिर कांग्रेस-जेडीएस गठबंधन की सरकार में सिद्धारमैया डिप्टी सीएम थे।
- योजना के तहत, जिन लैंड ओनर्स की भूमि मूडा द्वारा अधिग्रहित की गई है। उन्हें मुआवजे के रूप में अधिक मूल्य की वैकल्पिक साइटें आवंटित की गई हैं। साथ ही रियल एस्टेट एजेंट्स को भी इस स्कीम में जमीन दी गई है

### न्यायाधीशों के स्वीकृत पद 60, अब 40 हुए
# दिल्ली हाई कोर्ट को मिले 6 नए जज, अब कॉलेजियम में भी जल्द होगा बदलाव

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

दिल्ली हाई कोर्ट में सोमवार को छह नए न्यायाधीशों ने पद की शपथ ली। जिससे अदालत में न्यायाधीशों की संख्या बढ़कर 40 हो गई है। मुख्य न्यायाधीश देवेंद्र कुमार उपाध्याय ने उच्च न्यायालय परिसर में आयोजित एक समारोह में इन छह नए न्यायाधीशों को पद की शपथ दिलाई। शपथ लेने वाले छह न्यायाधीशों में न्यायमूर्ति वी. कामेश्वर राव, न्यायमूर्ति नितिन वासुदेव साम्ब्रे, न्यायमूर्ति विवेक चौधरी, न्यायमूर्ति अनिल क्षेत्रपाल, न्यायमूर्ति अरुण कुमार मोंगा और न्यायमूर्ति ओम प्रकाश शुक्ला शामिल हैं। रिपोर्ट के अनुसार उच्च न्यायालय में न्यायाधीशों की स्वीकृत पदों की संख्या 60 है।




### एक न्यायमूर्ति चौधरी ने ली हिंदी में शपथ

न्यायमूर्ति चौधरी ने हिंदी में शपथ ली, जबकि अन्य पांच न्यायाधीशों ने अंग्रेजी में शपथ ली। न्यायमूर्ति साम्ब्रे इससे पहले बंबई उच्च न्यायालय में कार्यरत थे, जबकि न्यायमूर्ति चौधरी एवं शुक्ला इलाहाबाद उच्च न्यायालय में कार्यरत थे। न्यायमूर्ति क्षेत्रपाल पंजाब एवं हरियाणा उच्च न्यायालय में और न्यायमूर्ति मोंगा राजस्थान उच्च न्यायालय में सेवाएं दे रहे थे। न्यायमूर्ति राव का तबादला कर्नाटक उच्च न्यायालय से दिल्ली किया गया है।

### न्यायाधीश बाखरू पदोन्नत

दिल्ली उच्च न्यायालय के वरिष्ठतम न्यायाधीश विभु बाखरू को कर्नाटक उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश के रूप में पदोन्नत होने पर 16 जुलाई को विदाई दी गई। इस फेरबदल के परिणामस्वरूप उच्च न्यायालय के तीन सदस्यीय कॉलेजियम का पुनर्गठन भी होगा। अब तक उच्च न्यायालय कॉलेजियम में मुख्य न्यायाधीश उपाध्याय एवं न्यायमूर्ति बाखरू के अलावा न्यायमूर्ति प्रतिभा एम सिंह शामिल थीं। शपथ ग्रहण समारोह के बाद कॉलेजियम में मुख्य न्यायाधीश उपाध्याय, न्यायमूर्ति राव तथा न्यायमूर्ति साम्ब्रे शामिल होंगे क्योंकि वे न्यायमूर्ति सिंह से वरिष्ठ हैं। केंद्र सरकार ने 14 जुलाई को उच्चतम न्यायालय कॉलेजियम की सिफारिशों के आधार पर इन छह न्यायाधीशों को उनके संबंधित उच्च न्यायालयों से दिल्ली उच्च न्यायालय में स्थानांतरित करने की अधिसूचना जारी की थी।

---

### जस्टिस सुंदरेश ने कहा कि गाय तो गाय ही होती है
# तिरुपति मंदिर में देसी गाय के दूध से बने प्रसाद... सुप्रीम कोर्ट में लगी अर्जी पर हुई दिलचस्प बहस

**ईश्वर सभी मनुष्यों के लिए समान: जस्टिस**

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

सुप्रीम कोर्ट में सोमवार को तिरुपति मंदिर में भगवान वेंकटेश की पूजा और भोग प्रसाद में सिर्फ देसी नस्ल की गायों के दूध का इस्तेमाल करने की अर्जी दाखिल की गई। अर्जी में तिरुपति वेंकटेश्वर बालाजी मंदिर संस्थान के प्रबंधक तिरुमला तिरुपति देवस्थानम को देसी गायों के दूध का इस्तेमाल करने का निर्देश देने की मांग की। जस्टिस एमएम सुंदरेश और जस्टिस एन कोटिश्वर सिंह की पीठ ने इस याचिका पर सुनवाई से सिरे से ही इनकार कर दिया। हालांकि याचिकाकर्ता को यहां से याचिका वापस लेकर हाई कोर्ट जाने की छूट दे दी। इस दौरान बेंच और वकील के बीच दिलचस्प बहस हुई। सुनवाई के दौरान जस्टिस सुंदरेश ने टिप्पणी की, कि गाय तो गाय ही होती है। ईश्वर के प्रति सच्चा प्रेम साथी जीवों की सेवा करने में है न कि इन मुद्दों में पड़ने के लिए है। इससे कहीं अधिक महत्वपूर्ण मुद्दे समाज में मौजूद हैं।

*ईश्वर के प्रति सच्चा प्रेम जीवों की सेवा करने में है न कि इन मुद्दों में पड़ने में*



### वो दयालु और समदर्शी है

हम पूरे सम्मान के साथ आपको ये सब बता रहे हैं। इस पर याचिकाकर्ता वकील ने कहा कि आगम शास्त्रों के अनुसार भी इसमें भेद है। यह एक अनिवार्य परंपरा है। जस्टिस सुंदरेश ने कहा कि यह वर्गीकरण केवल मनुष्यों के लिए है। वो भी भाषा, जाति, समुदाय, राज्य धर्म आदि के आधार पर किया गया है। ईश्वर सभी मनुष्यों के लिए समान है। दूसरे प्राणियों के लिए भी वो दयालु और समदर्शी है। उन्होंने कहा कि आप कह सकते हैं कि ईश्वर नहीं चाहते कि दूध देसी गाय दे या किसी और नस्ल की। ईश्वर के पास कुछ और होगा ही। हालांकि वकील की दलील थी कि भगवान की पूजा तो आगम शास्त्रों के अनुसार ही की जानी चाहिए।

### हाई कोर्ट जाने की अनुमति देंगे या यहीं खारिज करेंगे?

जस्टिस सुंदरेश ने कहा कि आप जो भी अनुष्ठान करते हैं, वह ईश्वर के प्रेम का प्रतीक है। इससे बढ़कर कुछ नहीं है। फिर जस्टिस सुंदरेश ने कहा कि हम आपको उच्च न्यायालय जाने की अनुमति देंगे या आपकी इस अर्जी को यहीं खारिज करेंगे। जस्टिस सुंदरेश ने पूछा कि क्या इसमें कोई कानूनी आदेश है? इस पर वकील ने कहा कि हमारी प्रार्थना दो संवैधानिक पीठ के फैसलों के अंतर्गत आती है। जस्टिस सुंदरेश ने पूछा कि क्या अब हम ये कहेंगे कि तिरुपति के लड्डू स्वदेशी होने चाहिए? पीठ ने कहा कि हमने वकील की बात सुन ली है। हम इस पर विचार नहीं करना चाहते हैं। आखिर में वकील ने कहा कि फिर हाई कोर्ट जाने की छूट के साथ याचिका वापस लेने की अनुमति दें। इसके बाद कोर्ट ने याचिकाकर्ता को हाई कोर्ट जाने की छूट दे दें।

# युवक की हत्या से जयपुर में भड़का आक्रोश गुस्साए लोगों ने जमकर किया पथराव

एजेंसी ▶▶ जयपुर

राजधानी जयपुर के जामडोली थाना क्षेत्र में एक युवक की हत्या ने सोमवार सुबह शहर के हालात को अशांत कर दिया। मृतक युवक विपिन की हत्या से गुस्साए लोगों ने जयपुर-आगरा हाईवे को पूरी तरह जाम कर दिया और जोरदार प्रदर्शन शुरू कर दिया। यह विरोध प्रदर्शन देखते ही देखते उग्र रूप ले बैठा, जिससे क्षेत्र में भारी तनाव फैल गया।

हाईवे पर जमा हुई भीड़ ने पुलिस की समझाइश को अनसुना कर दिया। स्थिति तब और बिगड़ गई जब लोगों ने दुकानों पर पथराव शुरू कर दिया और धक्का-मुक्की के हालात बन गए। पथराव में कई दुकानें क्षतिग्रस्त हो गईं, जबकि एक पुलिसकर्मी भी घायल हुआ है। हालात काबू से बाहर होते देख पुलिस प्रशासन ने बड़े पैमाने पर बल तैनात किया और बल प्रयोग करते हुए सड़क को खाली कराया। हालांकि अभी भी तनावपूर्ण माहौल बना हुआ है। प्रदर्शन कर रहे लोगों की चार मुख्य मांगें हैं, जिन्हें लेकर उन्होंने सड़क से हटने से इनकार कर दिया।

### मांगों पर अड़े रहे प्रदर्शनकारियों ने हाइवे किया बंद



### बहन की करुण पुकार ने चीर दिया कलेजा

हाईवे पर धरने पर बैठी विपिन की बहन को जब पुलिस हटाने की कोशिश कर रही थी, तो वह बार-बार बेसुध हो जाती थी। आंखों में आंसू और आवाज में दर्द समेटे उसका एक ही वाक्य हर किसी को झकझोर रहा था कि मुझे मेरा भाई चाहिए, मुझे न्याय चाहिए...। भीड़ में कई लोग विपिन की बहन को सांत्वना देते रहे, लेकिन उसका शोक और आक्रोश थमने का नाम नहीं ले रहा था।



# नौसेना और तटरक्षक बलों की बढ़ाएगा और ताकत

**मरीन वर्जन के लिए रिक्वेस्ट फॉर प्रपोजल जारी किया गया**

**अगले साल मिलेगा पहला स्वदेशी ट्रांसपोर्ट विमान**

**मेड इन इंडिया सी-295 विमान**

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

भारतीय वायुसेना में पुराने विमानों को नए विमानों से बदला जा रहा है, इनमें 60 के दशक से सेवाएं दे रहे छोटा ट्रांसपोर्टर विमान की जगह ले रहा है सी-295एमडब्ल्यू मीडियम लिफ्ट टैक्टिकल विमान। वायुसेना के साथ-साथ अब सी-295एमडब्ल्यू की खरीद भारतीय नौसेना और तटसुरक्षा बलों के लिए भी की जा रही है।

सी-295एमडब्ल्यू के मरीन वर्जन के लिए रिक्वेस्ट फॉर प्रपोजल (आरएफपी) 13 मार्च 2025 को जारी किया गया था। 15 मार्च 2024 को रक्षामंत्री राजनाथ सिंह की अध्यक्षता में हुई डीएसी की बैठक में एओएन को मंजूरी दी गई थी।


कुल 15 सी-295एमडब्ल्यू की खरीद की जानी है, जिनमें से 9 विमान नेवी के लिए और 6 कोस्टगार्ड के लिए होंगे। इसकी कमर्शियल बिड के निविदा की अंतिम तारीख दिसंबर 2025 है।

### 11 घंटे तक भर सकता है उड़ान

*480 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से 11 घंटे तक उड़ान भर सकता है। इस विमान में स्वदेशी इलेक्ट्रॉनिक वॉरफेयर सूट लगा हुआ है। मेडिकल इवेक्यूएशन ऑपरेशन के दौरान इस विमान में 24 स्ट्रेचर लगाए जा सकते हैं।*

### वायुसेना के पास आ चुके हैं 15 विमान

भारत सरकार ने स्पेन से 56 नए सी-295एमडब्ल्यू विमानों की खरीद का करार साल 2021 में किया था। इसका निर्माण गुजरात के वडोदरा में किया जा रहा है और इसका पहला स्क्वाड्रन भी वहीं स्थापित किया गया है। भारत में एयरबस का पार्टनर टाटा कंसॉर्टियम है। समझौते के मुताबिक स्पेन से कुल 56 विमान भारतीय वायुसेना के लिए जा रहे हैं, जिनमें से 16 विमान स्पेन से पूरी तरह तैयार होकर फ्लाई वे कंडीशन में भारत आ रहे हैं, जिनमें से 15 अब तक वायुसेना को मिल चुके हैं। इसके अलावा बाकी 40 को लाइसेंस के तहत भारत में बनाया जा रहा है। अगले साल अगस्त-सितंबर में देश में बना पहला ट्रांसपोर्ट विमान एयरफोर्स को मिलने की उम्मीद है।



### छोटे रनवे से लैंडिंग और टेकऑफ करने में सक्षम

नए विमान की माल ढोने की क्षमता 5 से 10 टन की है, यानी लगभग 70 सैनिकों और पूरे बैटल लोड के साथ 50 पैराट्रूपर को आसानी से ले जा सकता है। इस विमान से सैनिक और कार्गो को पैरा ड्रॉप करने के लिए रीयर रैंप डोर भी है। यह विमान नीची उड़ान भरने में सक्षम है। यह विमान छोटे रनवे से लैंडिंग और टेकऑफ कर सकता है। टेकऑफ महज 670 मीटर से और लैंडिंग 320 मीटर के रनवे पर कर पाने की क्षमता है।

**नए विमान ला रही सेना**

*पुराने विमान में एवरो की जगह सी-295एमडब्ल्यू ले रहा है। एएन-32 विमान साल 2032 के बाद सेना से हटना शुरू हो जाएंगे, जबकि आईएल-76 कुछ और साल अपनी सेवाएं देंगे। एएन-32 के रिप्लेसमेंट के लिए भी सी-295एमडब्ल्यू की आवश्यकता वायुसेना की तरफ से जारी की गई है।*

---

## खबर संक्षेप

### ईडी के समक्ष पेश नहीं हुए गूगल और मेटा



**नई दिल्ली।** अवैध ऑनलाइन सट्टेबाजी और जुए के प्लेटफॉर्म को प्रमोट करने से जुड़े मनी लॉड्रिंग मामले में सोमवार को गूगल और मेटा (फेसबुक) कंपनियों के अधिकारी प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) के सामने पेश नहीं हुए। अब उन्हें 28 जुलाई को फिर से समन भेजा गया है। मामले में ईडी इन कंपनियों से यह जानना चाहती है कि अवैध सट्टा और जुए के प्लेटफॉर्म उनके सोशल मीडिया और एप्स पर कैसे विज्ञापन चला पा रहे हैं। इन विज्ञापनों के जरिए लोगों से ठगी की जा रही है और कई करोड़ की मनी लॉड्रिंग हो रही।

### ब्रिटिश एफ-35बी विमान ठीक हुआ, जल्द लौटेगा



**कोच्चि।** ब्रिटिश रॉयल नेवी का एफ-35बी लड़ाकू विमान 14 जून को इमरजेंसी लैंडिंग के बाद केरल के अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर फंसा हुआ था। अब ये विमान उड़ान भरने और वापस ब्रिटेन जाने के लिए तैयार हो गया है। तकनीकी मरम्मत के लिए 6 जुलाई को आई 14 सदस्यीय इंजीनियर्स की टीम एयरबस ए400एम एटलस विमान से ब्रिटेन लौटेगी। जल्द ही एफ-35 फाइटर जेट भी ब्रिटेन वापसी के लिए टेक ऑफ करेगा। ब्रिटेन ने भारतीय अधिकारियों और हवाई अड्डा टीमों का आभार जताया है।

### नासा-इसरो उपग्रह निसार 30 जुलाई को होगा लॉंच



**बेंगलुरु।** श्रीहरिकोटा स्थित सतीश धवन अंतरिक्ष केंद्र से नासा-इसरो संयुक्त उपग्रह 'निसार' को 30 जुलाई की शाम पांच बजकर 40 मिनट पर प्रक्षेपित किया जाएगा। भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) के अनुसार, जीएसएलवी-एफ16 सिंथेटिक अपर्चर रडार (निसार) उपग्रह को 743 किलोमीटर दूर सूर्य-समकालिक कक्षा में स्थापित करेगा और इसका झुकाव 98.4 डिग्री होगा। निसार पहली बार स्वीपएसएआर प्रौद्योगिकी का उपयोग करेगा, जिसके तहत 242 किलोमीटर के दायरे में पृथ्वी की निगरानी करेगा।

---

### बांग्लादेश वायुसेना का प्रशिक्षण चीनी विमान कॉलेज परिसर में गिरा

# पायलट समेत 19 की मौत, 164 से अधिक लोग घायल हुए, सेना राहत और बचाव कार्य में जुटी

हादसे के समय स्कूल में क्लासेस चल रही थीं और सैकड़ों छात्र वहां मौजूद थे। यह विमान सोमवार दोपहर करीब 1 बजे स्कूल के ऊपर गिरा। विमान से आग की लपटें उठीं और कैंपस में धुआं फैल गया। घटना के बाद कॉलेज में अफरातफरी मच गई। कई छात्रों को बसों से घर भेजा

एजेंसी ▶▶ ढाका

बांग्लादेश की वायुसेना का चीन में बना एफ-7 बीजीआई प्रशिक्षण विमान सोमवार को ढाका के उत्तरा क्षेत्र के दियाबारी इलाके में माइलस्टोन स्कूल और कॉलेज परिसर में गिर गया।

हादसे में अब तक पायलट समेत 19 लोगों की मौत हो गई है। 164 से ज्यादा लोग घायल हैं। 60 से ज्यादा घायलों को बर्न इंस्टीट्यूट रेफर कर दिया गया है। मामूली रूप से घायल कई लोगों का उत्तरा मेडिकल कॉलेज में इलाज चल रहा है। गंभीर रूप से घायल हुए लोगों को वायुसेना के हेलिकॉप्टर से अस्पताल पहुंचाया गया। सरकार ने एक दिन के राजकीय शोक की घोषणा की है।

हादसे के समय स्कूल में क्लासेस चल रही थीं और सैकड़ों छात्र वहां मौजूद थे। यह विमान सोमवार दोपहर करीब 1 बजे स्कूल के ऊपर गिरा। विमान से आग की लपटें उठीं और कैंपस में धुआं फैल गया। घटना के बाद कॉलेज में अफरातफरी मच गई। कई छात्रों को बसों से घर भेजा गया। एयरक्राफ्ट में लगी आग को बुझाने के लिए फायरब्रिगेड कर्मचारियों को बेहद मशक्कत करनी पड़ी। हादसे के बाद बांग्लादेशी सेना स्कूल कैंपस में तैनात है। सेना राहत और बचाव कार्य में भी जुटी है।

**सरकार ने एक दिन के राजकीय शोक की घोषणा की**

**हादसे के समय कॉलेज में क्लासेस चल रही थीं**



*नेशनल बर्न इंस्टीट्यूट के अधिकारी प्रोफेसर मोहम्मद सईदुर रहमान और हजरत शाहजलाल अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे के एक वरिष्ठ अधिकारी ने भी घटना की पुष्टि की है। सूचना मिलने पर बांग्लादेशी सेना के सदस्य, अग्निशमन सेवा और नागरिक सुरक्षा की 8 गाड़ियां घटनास्थल पर पहुंचीं और बचाव अभियान शुरू किया। माइलस्टोन स्कूल और*

**राहत और बचाव कार्य जारी**



*कॉलेज के प्रवक्ता ने कहा कि विमान स्कूल के गेट के पास गिरा। हादसे के वक्त माइलस्टोन कॉलेज में बच्चे मौजूद थे। प्लेन क्रैश होने के बाद स्कूल-कॉलेज में अफरातफरी मच गई। दूसरी तरफ फायर सर्विस ने बताया है कि यह घटना दोपहर 1:18 बजे हुई और उनके यूनिट 1:22 बजे मौके पर पहुंच गए।*

**चीन में बना है यह विमान**

*एफ-7बीजीआई बांग्लादेश एयरफोर्स (बीएएफ) का मल्टीरोल लड़ाकू विमान है। यह चीन के चेंगदू जे-7 लड़ाकू विमान का उन्नत फाइटर का एडवांस वर्जन है, जिसे सोवियत यूनियन के मिग-21 की तर्ज पर बनाया गया था। बीएएफ ने 2011 से 2013 के बीच यह विमान खरीदा था। इसे थंडरकैट स्क्वाड्रन में शामिल किया गया था। यह विमान एयर डिफेंस, ग्राउंड अटैक और समुद्री इलाकों में हमले जैसी कई भूमिकाओं में काम आता है।*

**यूनुस ने हादसे पर दुख जताया**

अंतरिम सरकार के प्रमुख मोहम्मद यूनुस ने इस घटना पर दुख जताया है। उन्होंने एक फेसबुक पोस्ट में लिखा कि इस विमान हादसे में वायुसेना के सदस्य, माइलस्टोन स्कूल एंड कॉलेज के छात्र, अभिभावक, शिक्षक और कर्मचारी सहित जिन लोगों को नुकसान हुआ है, वह अपूरणीय है। यह देश के लिए एक बेहद दुखद क्षण है। मैं घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना करता हूं। उन्होंने स्थिति को संभालने के लिए अस्पतालों और अधिकारियों को निर्देश दिए हैं। उन्होंने घायलों की हर संभव मदद करने और हादसे की जांच कराने की बात भी कही।



---

### पीएम मोदी जाएंगे यूनाइटेड किंगडम

# भारत व ब्रिटेन व्यापार समझौते पर 24 जुलाई को होंगे हस्ताक्षर



एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

पीएम नरेंद्र मोदी बुधवार से ब्रिटेन और मालदीव की चार दिवसीय यात्रा पर जाएंगे। उनकी यात्रा का मकसद व्यापार, निवेश और रक्षा क्षेत्रों में द्विपक्षीय संबंधों को मजबूत करना है। एक अधिकारी ने बताया कि इस यात्रा में भारत और ब्रिटेन के बीच मुक्त व्यापार समझौते (एफटीए) पर 24 जुलाई को लंदन में हस्ताक्षर किए जाएंगे।

इस अवर पर पीएम के साथ वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल रहेंगे। दोनों देशों ने छह मई को व्यापार समझौते के लिए बातचीत पूरी होने की घोषणा की थी। मुक्त व्यापार समझौते पर हस्ताक्षर होने के बाद, इसे लागू करने से पहले ब्रिटिश संसद और भारत में केंद्रीय मंत्रिमंडल से मंजूरी लेनी होगी।

**छह मई को एफटीए पर पूरी हुई थी चर्चा लागू होने में लगभग एक साल लगेगा**

### भारत-ईयू के बीच सितंबर में वार्ता

भारत और यूरोपीय संघ (ईयू) के बीच प्रस्तावित मुक्त व्यापार समझौते (एफटीए) पर अगले दौर की वार्ता सितंबर में होगी। दोनों पक्षों के बीच वार्ता का 12वां दौर ब्रसेल्स में संपन्न हुआ था। भारत और 27 देशों के यूरोपीय संघ ने आठ वर्ष से अधिक के अंतराल के बाद जून, 2022 में एक व्यापक मुक्त व्यापार समझौते, एक निवेश संरक्षण समझौते और भौगोलिक संकेतकों (जीआई) पर एक समझौते के लिए बातचीत फिर से शुरू की थी। बाजारों को खोलने के स्तर पर मतभेदों के कारण 2013 में यह समझौता रुक गया था। भारत और यूरोपीय संघ इस वर्ष के अंत तक मुक्त व्यापार समझौते को पूरा करने का लक्ष्य बना रहे हैं। पीएम मोदी और यूरोपीय आयोग के अध्यक्ष ने इस वर्ष के अंत तक बहुप्रतीक्षित मुक्त व्यापार समझौते पर हस्ताक्षर करने को लेकर 28 फरवरी को सहमति व्यक्त की थी।

### 120 अरब अमेरिकी डॉलर तक होगा व्यापार

भारत और ब्रिटेन के बीच मुक्त व्यापार समझौते में चमड़ा, जूते और कपड़ा जैसे श्रम-प्रधान उत्पादों के निर्यात पर कर हटाने का प्रस्ताव है। साथ ही ब्रिटेन से व्हिस्की और कारों के आयात को सस्ता किया जाएगा। उम्मीद है कि इस समझौते से 2030 तक दोनों अर्थव्यवस्थाओं के बीच व्यापार दोगुना होकर 120 अरब अमेरिकी डॉलर तक पहुंच जाएगा।

---

### मुंबई में विमान रनवे से आगे निकला

# सभी सवार लोग सुरक्षित, इंजन को नुकसान, 3 टायर फटे, जांच जारी



एजेंसी ▶▶ मुंबई

मुंबई एयरपोर्ट पर सोमवार सुबह एअर इंडिया का एआई2744 प्लेन लैंडिंग के दौरान रनवे से फिसल गया। ये विमान कोच्चि से मुंबई आया था। मुंबई में भारी बारिश के कारण रनवे पर फिसलन थी, जिससे विमान रनवे से 16 से 17 मीटर दूर घास पर चला गया।

**हादसे में विमान का एक पंख भी क्षतिग्रस्त हुआ**

हादसा सुबह 9:27 बजे हुआ। विमान के दाहिने इंजन के नैसेल को नुकसान पहुंचा है। हादसे में विमान का एक पंख भी क्षतिग्रस्त हुआ। इस घटना के बाद विमान को पार्किंग तक लाया गया, जहां सभी यात्री और क्रू मेंबर्स को उतारा गया। इस दौरान विमान के तीन टायर फट गए। हादसे में किसी पैसेंजर्स या क्रू मेंबर्स को नुकसान नहीं पहुंचा है। जानकारी मिलते ही डीजीसीए की एक टीम जांच के लिए मुंबई एयरपोर्ट पहुंची है।

---

### संयुक्त राष्ट्र की खाद्य एजेंसी का आरोप

# इजराइल ने किया सहायता मांग रही भीड़ पर हमला, 80 लोग मरे



एजेंसी ▶▶ दीर अल-बलाह

संयुक्त राष्ट्र की खाद्य एजेंसी ने इजराइल पर आरोप लगाया है कि उसने सोमवार को टैंक, स्नाइपर और अन्य हथियारों का उपयोग करके मदद मांगने वाले सहायता मांगने वाले फिलिस्तीनियों की भीड़ पर गोलीबारी की।

**इजराइली सेना ने मौत के आंकड़ों पर सवाल उठाए**

डब्ल्यूएफपी ने रविवार को एक बयान में उत्तरी गाजा में हिंसा की निंदा की। फिलिस्तीनी लोग भोजन लाने वाले ट्रकों के काफिले तक पहुंचने की कोशिश कर रहे थे। गाजा के स्वास्थ्य मंत्रालय ने कहा कि इस घटना में 80 लोग मारे गए। वहीं, इजराइली सेना ने कहा कि उसने 'तत्काल खतरे को हटाने' के लिए चेतावनी के लिए गोलियां चलाईं। सेना ने फिलिस्तीन की ओर से बताए गए मौत के आंकड़ों पर सवाल उठाए।

---

### 2006 का मुंबई लोकल ट्रेन सीरियल ब्लास्ट केस मामला

# 19 साल बाद सभी 12 आरोपी बरी, हाईकोर्ट ने 'सबूतों के अभाव' में रद्द की फांसी की सजा

एजेंसी ▶▶ मुंबई

11 जुलाई 2006 को मुंबई की लोकल ट्रेनों में हुए सात धमाकों ने पूरे देश को हिलाकर रख दिया था। करीब 19 साल बाद, बॉम्बे हाई कोर्ट ने इस मामले में एक बड़ा फैसला सुनाया है। कोर्ट ने 12 लोगों को बेगुनाह करार देते हुए बरी कर दिया। इनमें से पांच को विशेष अदालत ने मौत की सजा और बाकियों को उम्रकैद की सजा सुनाई थी। कोर्ट का कहना है कि अभियोजन पक्ष इस मामले को साबित करने में पूरी तरह नाकाम रहा है।

**गवाहों पर कोर्ट को नहीं हुआ यकीन**

*कोर्ट ने अभियोजन पक्ष के लगभग सभी गवाहों के बयानों को अविश्वसनीय करार दिया। फैसले में कहा गया कि टैक्सी ड्राइवरों और ट्रेन में मौजूद लोगों के लिए धमाकों के 100 दिन बाद आरोपियों को याद करना मुश्किल था। इसके अलावा, बम, बंदूकें, नक्शे जैसे सबूतों की बरामदगी को भी कोर्ट ने खारिज कर दिया।*



**11 मिनट में 7 धमाके हुए थे**

11 जुलाई 2006 को शाम के वक्त, जब मुंबई की लोकल ट्रेनें यात्रियों से खचाखच भरी थीं, सात जगहों पर आरडीएक्स बम धमाके हुए। ये धमाके खार-सांताक्रूज, बांद्रा-खार, जोगेश्वरी, माहिम, मीरा रोड-भायंदर, माटुंगा-माहिम और बोरीवली में हुए।

---

### वॉल स्ट्रीट जर्नल पर फिर भड़के डोनाल्ड ट्रंप

# फेडरल चीफ की बर्खास्तगी वाली रिपोर्ट को 'झूठा और भ्रामक' बताया



एजेंसी ▶▶ वॉशिंगटन

अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने वाल स्ट्रीट जर्नल (डब्ल्यूएसजे) की एक रिपोर्ट को 'झूठा और भ्रामक' बताया। यह रिपोर्ट कहती है कि ट्रंप को उनके ट्रेजरी सेक्रेटरी ने समझाया था कि फेडरल रिजर्व चेयरमैन जेरोम पॉवेल को हटाना शेयर बाजार के लिए नुकसानदायक होगा।

**मैं जानता हूं कि बाजार और अमेरिका के लिए क्या सही**

ट्रंप ने इस खबर को सिरे से खारिज करते हुए सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म ट्रुथ सोशल पर लिखा कि डब्ल्यूएसजे ने एक और झूठी स्टोरी छापी है कि ट्रेजरी सेक्रेटरी स्कॉट बेसेंट ने मुझे समझाया कि पॉवेल को हटाने से बाजार गिर जाएगा। किसी को मुझे समझाने की जरूरत नहीं, मैं खुद जानता हूं कि बाजार और अमेरिका के लिए क्या सही है। अगर मैं नहीं होता, तो बाजार आज रिकॉर्ड ऊंचाई पर नहीं होता बल्कि कब का क्रैश हो गया होता!

---

### भारतीय नौसेना की बढ़ेगी समुद्री ताकत, तटीय रक्षा क्षमताएं और मजबूत होंगी

**8 उथले जल युद्धपोतों की श्रृंखला का आखिरी पोत**

# पनडुब्बी रोधी युद्धपोत 'अजय' का किया जलावतरण

एजेंसी ▶▶ कोलकाता

भारतीय नौसेना के बेड़े में सोमवार को पनडुब्बी रोधी युद्धपोत 'अजय' शामिल हो गया। यह रक्षा क्षेत्र की पीएसयू गार्डन रीच शिपबिल्डर्स एंड इंजीनियर्स लिमिटेड (जीआरएसई) द्वारा बनाए गए आठ उथले जल युद्धपोतों की श्रृंखला का आखिरी पोत है। युद्धपोत का जलावतरण समारोह में मुख्य अतिथि के तौर पर शामिल हुए भारतीय नौसेना के सामग्री प्रमुख वाइस एडमिरल किरण देशमुख की पत्नी प्रिया देशमुख ने किया। वहीं, जीआरएसई के अधिकारियों ने बताया कि यह आठवां युद्धपोत भी तय समय पर तैयार किया गया है, जिससे भारतीय नौसेना की तटीय रक्षा क्षमताएं और मजबूत होंगी। उन्होंने बताया कि ये बहुउद्देश्यीय युद्धपोत हैं और कई तरह के अभियानों में हिस्सा ले सकते हैं।

**हल्के टॉरपीडो और पनडुब्बी रोधी रॉकेट से लैस**




### आत्मनिर्भर भारत की मिसाल


वाइस एडमिरल देशमुख वाइस एडमिरल किरण देशमुख ने इस अवसर पर कहा, वर्तमान में नौसेना भारतीय शिपयार्ड्स से बड़ी संख्या में युद्धपोत बनवा रही है। यह आत्मनिर्भरता की दिशा में भारत की प्रतिबद्धता को दर्शाता है। उन्होंने जीआरएसई की सराहना करते हुए कहा कि इसने देश में सबसे अधिक युद्धपोतों का निर्माण किया है और अब तक नौसेना व तटरक्षक बल के लिए 110 से अधिक पोत बना चुका है।

### अजय तीसरी पीढ़ी का युद्धपोत

जीआरएसई चेयरमैन जीआरएसई के चेयरमैन और प्रबंध निदेशक कमोडोर (सेवानिवृत्त) पीआर हरि ने बताया, मौजूदा 'अजय' तीसरी पीढ़ी का युद्धपोत है। इससे पहले जीआरएसई ने ही छह दशक पहले देश का पहला स्वदेशी युद्धपोत 'अजय' तैयार किया था, जिसे सितंबर 1961 में नौसेना में शामिल किया गया था। उन्होंने बताया कि जीआरएसई और एक अन्य शिपयार्ड द्वारा नौसेना के लिए कुल 16 पनडुब्बी रोधी उथले जल पोत बनाए जा रहे हैं।

**खोज और बचाव अभियान में कारगर**

*पनडुब्बी रोधी युद्धपोत 'अजय' की लंबाई 77.6 मीटर और चौड़ाई 10.5 मीटर है। यह विमानों के साथ पनडुब्बी रोधी ऑपरेशन करने में सक्षम है। यह पनडुब्बियों का पता लगाने और उन्हें नष्ट करने में सक्षम है। यह हल्के टॉरपीडो और पनडुब्बी रोधी रॉकेट से लैस है। यह खास तौर पर उथले पानी वाले तटीय इलाकों में गश्त के लिए बना है। यह निगरानी रखने के साथ-साथ खोज और बचाव अभियानों में भी कारगर है।*



# सलाकार में दिखेगी देशभक्ति और जासूसी से भरपूर कहानी

**मुंबई।** अगस्त के महीने में हर बार देशभक्ति से भरपूर फिल्में और वेब सीरीज भारी मात्रा में रिलीज होती हैं। इस बार भी कुछ ऐसा ही होने वाला है। इसी क्रम में अब एक और प्रोजेक्ट सलाकार 8 अगस्त से जियो हॉटस्टार पर स्ट्रीम करेगी। जिसमें जासूसी से भरी कहानी दिखाई जाएगी। कहानी भारत-पाकिस्तान आधारित होगी। जहां पाकिस्तान को रोकने के लिए भारत एक होशियार अधिकारी को वहां भेजती है। जो स्पाई भी है और अधिकारी भी है। वीडियो में उसे तुरुप का इक्का बताते हुए उसकी खूबियां गिनाई जाती हैं। जो पूर्व आईपीएस ऑफिसर भी है। वो पाकिस्तान में छिपकर रहता है। सलाकार की कहानी कहीं न कहीं राष्ट्रीय सलाहकार अजीत डोभाल पर आधारित है।

## लाइफ Style

# आलिया

## एशियन प्रोजेक्ट के लिए चुनी गई डिफिकल्ट डॉटर्स



आलिया भट्ट इन दिनों सुर्खियों में हैं। उनकी अपकमिंग फिल्म 'डिफिकल्ट डॉटर्स' बुसान इंटरनेशनल फिल्म फेस्टिवल (बीआईएफएफ)' के लिए चुनी गई है। डेडलाइन के मुताबिक यह फिल्म उन 30 फिल्मों में से एक है जो एशियन प्रोजेक्ट मार्केट (एपीएम) के लिए चुनी गई है।

एजेंसी ▶▶ मुंबई


फिल्म का निर्देशन आलिया की मां सोनी राजदान ने किया है। इसकी निर्माता आलिया भट्ट, उनकी बहन शाहीन भट्ट और एलन एमसीएलेक्स हैं। डिफिकल्ट डॉटर्स एशिया भर से चुनिंदा फिल्मों में से एक है, जिसे एपीएम में प्रदर्शित किया जाएगा। इस प्रोग्राम में फिल्म निर्माता अंतर्राष्ट्रीय निवेशकों और सह-निर्माताओं से जुड़ेंगे। इस सूची में एक और प्रोजेक्ट 'द लास्ट ऑफ देम प्लेग्स' है। इसका निर्देशन कुंजिला ने किया है और इसका निर्माण अभिनेत्री कनी कुसरुति और पायल कपाड़िया ने किया है। कुसरुति पिछले साल बीआईएफएफ के न्यू करंट्स सेक्शन की जूरी सदस्य थीं। बीआईएफएफ में फिल्म मून को भी चुना गया है। इसके निर्देशक प्रदीप कुर्बाह हैं। आलिया भट्ट आखिरी बार वासन बाला की फिल्म 'जिगरा' में नजर आई थीं। उन्होंने इस फिल्म में अभिनय भी किया और इसकी निर्माता भी थीं। फिल्म की कहानी एक बहन के अपने भाई को जेल से छुड़ाने के मिशन पर आधारित है। वह अगली बार यशराज फिल्म्स की जासूसी फिल्म 'अल्फा' में नजर आने वाली हैं। यह फिल्म 25 दिसंबर को रिलीज होने वाली है। वह संजय लीला भंसाली द्वारा निर्देशित 'लव एंड वॉर' में भी काम कर रही हैं।

## हॉलीवुड मसाला




# बजट से दोगुनी हो गई कमाई

**नई दिल्ली।** हॉलीवुड की सुपरहीरो फिल्म सुपरमैन ने रिलीज के साथ ही पूरी दुनिया में तहलका मचा दिया है। जेम्स गन ने फिल्म को कुछ इस नए अंदाज में पेश किया है कि ये हर किसी की दिल जीत रही है। अगर सुपरमैन के बजट की बात करें तो यह लगभग 1940 करोड़ रुपए है। इस भारी-भरकम बजट के साथ बनी यह सुपरहीरो फिल्म ने बॉक्स ऑफिस पर शानदार प्रदर्शन करते हुए अब तक 3510 करोड़ रुपए की कमाई कर ली है।




# टॉम ट्रूप ने थिएटर में भी कमाया नाम

**लॉस एंजिल्स।** हॉलीवुड के मशहूर अभिनेता टॉम ट्रूप का निधन हो गया है। उन्होंने छह दशकों तक मंच और पर्दे (फिल्म और टीवी) पर अपने अभिनय से लोगों का दिल जीता। वह 97 वर्ष के थे। टॉम ट्रूप ने ब्रॉडवे प्रोडक्शन्स में अच्छा काम किया है। उन्होंने 75 से अधिक टीवी शोज में जबरदस्त किरदार निभाए हैं। स्टार ट्रेक, मिशनः इम्पॉसिबल, फ्रेजियर और चीयर्स जैसी मशहूर सीरीज में उन्होंने शानदार काम किया है। उनके प्रदर्शन ने उन्हें हर पीढ़ी के दर्शकों के बीच लोकप्रिय बना दिया। साल 1957 में उन्होंने ब्रॉडवे नाटक द डायरी ऑफ ऐन फ्रैंक से अभिनय में डेब्यू किया। 1958 में वे लॉस एंजिल्स चले गए। इसके बाद से उनका हॉलीवुड सफर शुरू हुआ।



# वीर के साथ रिलेशनशिप किया कनफर्म...

**मुंबई।** तारा सुतारिया एक बार फिर अपने रिलेशनशिप स्टेटेस को लेकर सुर्खियों में हैं। तारा और वीर पहाड़िया के बीच की नजदीकियां एक बार फिर चर्चा का विषय बन गई हैं। अब वीर का एक कमेंट दोनों के बीच डेटिंग की अफवाहों को हवा दे रहा है। दरअसल, एक दिन पहले तारा सुताारिया ने पंजाबी सिंगर एपी ढिल्लों के साथ एक तस्वीर शेयर की हैं, जिस पर वीर पहाड़िया ने एक प्यारा सा कमेंट किया। तारा के लेटेस्ट पोस्ट पर वीर ने 'माय लव' लिखते हुए कमेंट किया, जिसके जवाब में तारा ने रिप्लाई देते हुए माइन लिखा। दोनों के बीच इस बातचीत को देखकर फैंस को ये समझने में ज्यादा देर नहीं लगी कि दोनों शायद अपने रिलेशनशिप की तरफ इशारा कर रहे हैं। कई लोगों ने तो ये भी कहा कि अब फाइनली दोनों ने अपने रिश्ते को पब्लिकली एक्सेप्ट कर लिया है।




# धड़क-2 का गाना तेरे संग लागी जो... रिलीज

**मुंबई।** तृप्ति डिमरी और सिद्धांत चतुर्वेदी की आगामी रोमांटिक ड्रामा फिल्म 'धड़क 2' का एक और गाना 'प्रीत रे' सोमवार को रिलीज हुआ। इस गाने को लेकर करण जौहर ने भी एक खास पोस्ट शेयर किया है। फिल्म 'धड़क 2' का गाना 'प्रीत रे' सोमवार को रिलीज हुआ। इस गाने में सिद्धांत चतुर्वेदी और तृप्ति डिमरी का रोमांटिक अंदाज नजर आ रहा है। 'प्रीत रे' गाने का संगीत रोचक कोहली ने दिया है। इस गाने को दर्शन रावल, जोनिता गांधी और रोचक कोहली ने अपनी आवाज से सजाया है। इस गाने के म्यूजिक कंपोजर रोचक कोहली हैं। करण जौहर ने सोमवार को इंस्टाग्राम पर अपनी फिल्म 'धड़क 2' के गाने 'प्रीत रे' की रिलीज को लेकर गाने का वीडियो शेयर किया और साथ ही कैप्शन में लिखा, 'रेशमी से धागे हैं, सांसें दौड़ें भागें हैं, तेरे संग लागी जो प्रीत रे।

## टीवी मसाला



# आदित्य श्रीवास्तव को सीआईडी के अभिजीत बनकर मिली अलग पहचान

**नई दिल्ली।** आदित्य श्रीवास्तव ने हमेशा से अभिनय की दुनिया में कदम रखने की ठानी थी, इलाहाबाद विश्वविद्यालय में ग्रेजुएशन के दौरान थिएटर करने लगे। आगे चलकर दिल्ली आए और यहां भी थिएटर में सक्रिय हुए। आदित्य को बॉलीवुड में पहला मौका शेखर कपूर ने अपनी फिल्म बैंडिट क्वीन में दिया था। इसके बाद वह कई फिल्मों और टीवी सीरियल में दिखे। मगर टीवी पर पहचान आदित्य को शो सीआईडी के जरिए मिली। 20 साल तक वह इस शो का हिस्सा रहे। छह साल के गैप के बाद सीआईडी फिर शुरू हुआ, इसमें भी आदित्य नजर आ रहे हैं। मगर इस किरदार के अलावा उन्होंने कई फिल्मों में बेहतरीन किरदार भी किए हैं। रामगोपल वर्मा निर्देशित फिल्म सत्या (1998) के अधिकतर किरदार दर्शकों को आज भी याद हैं। इस फिल्म में मनोज वाजपेयी, सौरभ शुक्ला, परेश रावल, उर्मिला मातोंडकर जैसे उम्दा कलाकारों के साथ अपनी अदाकारी दिखाने का मौका आदित्य श्रीवास्तव को भी मिला। फिल्म में उन्होंने इंस्पेक्टर खांदीलकर का किरदार निभाया था। शाहरुख खान की फिल्म 'दिल से(1998)' में मनीषा कोइराला ने एक आतंकवादी का रोल किया। फिल्म में एक आतंकी का रोल आदित्य श्रीवास्तव ने भी किया था। यह ऐसा किरदार था, जो अपने मकसद से पीछे हटने को राजी नहीं होता है। इस फिल्म का निर्देशन मणि रत्नम ने किया था। 2004 में ऋतिक रोशन की फिल्म 'लक्ष्य' में आदित्य श्रीवास्तव ने एक अहम किरदार निभाया। वह लेफ्टिनेट कर्नल प्रदीप के रोल में नजर आए। एक फौजी के साहस को, शौर्य को यह किरदार बखूबी दिखाता है।

## 29 को रिलीज होगा नागिन 7 का पहला टीजर

**नई दिल्ली।** फिल्म निर्माता-निर्देशक एकता कपूर इन दिनों अपने टीवी सीयियल नागिन के सीजन सात को लेकर लगातार सुर्खियों में बनी हुई हैं। नागिन 7 के आने का हर एक प्रशंसक बेसब्री से इंतजार कर रहा है।



एकता सीरियल नागिन के अभी तक छह सीजन की कहानी को रोमांचक तरीके से पर्दे पर पेश करती आई हैं। अब वह जल्द ही 'नागिन 7' लेकर आने वाली हैं। नागिन के दीवानों, तैयार हो जाइए! नागिन सीजन 7 का रोमांचक टीजर इस नाग पंचमी, 29 जुलाई को रिलीज होगा। नागिन के अभी तक छह सीजन दर्शकों को मनोरंजन कर चुके हैं। वहीं अब फैंस को नागिन सीजन 7 के आने का बेसब्री से इंतजार है। नागिन 7 में ईशा मालवीय और विवियन डीसेना मुख्य भूमिका में नजर आ सकते हैं। एकता के सीरिल नागिन में कई चेहरों को पहचान दिलाई है। इस लिस्ट में तेजस्वी प्रकाश से लेकर मौनी रॉय, सुरभि ज्योति, अनीता हसनंदानी, अदा खान, निया शर्मा, और सुरभि चंदना जैसी अभिनेत्रियां शामिल हैं।

# हंसा-हंसा कर लोटपोट कर देंगी ये सीरीज एक में कोर्टरूम बना कॉमेडी का अखाड़ा

**नई दिल्ली।** ओटीटी प्लेटफॉर्म नेटफ्लिक्स की वो 5 वेब सीरीज जिनमें कॉमेडी का भरपूर तड़का है। जिन्हें देखने के बाद आपका दिन बहुत ही खास और शानदार बन जाएगा। इनमें से एक सीरीज में तो कोर्टरूम ही कॉमेडी का अखाड़ा बन गया था। इनमें पहली है रवि किशन, नैला ग्रेवाल, निधि बिष्ट और अनंत जोशी जैसे शानदार कलाकारों जैसी सीरीज मामला लीगल है। इस कोर्टरूम ड्रामा सीरीज को राहुल पांडे ने डायरेक्ट किया है। ये सीरीज पटपड़गंज डिस्ट्रिक्ट कोर्ट के वकीलों की रोजाना जिंदगी को दिखाती है। इस सीरीज के हर एपिसोड में कानून के नाम पर कुछ ऐसा दिखाया गया है जिसे देख आप अपना पेट पकड़ के हंसने लगेंगे।

***दिल को छूने वाली टीनएज कॉमेडी :*** ये एक मजेदार और दिल को छूने वाली टीनएज कॉमेडी है, जिसमें पांच दोस्त, एरिन, ओरला, क्लेयर, मिशेल और जेम्स की कहानी दिखाई गई है। ये सब 1990 के दशक के उत्तरी आयरलैंड में रहते हैं, जब वहां राजनीतिक और सामाजिक उथल-पुथल चल रही थी, जिसे 'मुसीबतें' कहा जाता है। ये सभी दोस्त एक




कैथोलिक लड़कियों के स्कूल में पढ़ते हैं इस सीरीज में दिखाया गया है कि कैसे ये पांचों स्कूल की लाइफ, दोस्ती, प्यार और अपने आस-पास की मुश्किलों के बीच मजेदार और अजीब हालातों में फंसते रहते हैं। इसका हर एपिसोड भी दिल छू लेने वाला है।

***मिडिल क्लास आदमी की कहानी:*** मानव कौल की वेब सीरीज त्रिभुवन मिश्रा सीए टॉपर एक सिद्धांतों पर चलने वाले मिडिल क्लास आदमी की कहानी है। सीरीज की शुरुआत त्रिभुवन मिश्रा (मानव कौल) के सफर से होती है, जो एक सरकारी दफ्तर में काम करने वाला एक चार्टर्ड अकाउंटेंट हैं। इस वेब सीरीज की कहानी त्रिभुवन के दोहरे जीवन और आपराधिक अंडरवर्ल्ड के माध्यम से उसकी यात्रा पर आधारित है, ये सीरीज कई मजेदार कॉमेडी के साथ आगे बढ़ती है।

***डार्क कॉमेडी जीत लेगी दिल :*** डेरी गर्ल्सः एक डार्क कॉमेडी सीरीज है। यानी इसमें गहरे और गंभीर मुद्दों को भी मजाकिया अंदाज में दिखाया गया है। इस सीरीज की कहानी शुरू होती है जेन से, जो अपने पति की एक कार एक्सीडेंट में मौत के बाद बहुत गुस्से और दुख में डूबी हुई है। ये सीरीज के लिए भी आप वक्त निकालेंगे तो ये सीरीज आपको दिन बना देगी।

***जबरदस्त डायलॉग्स और हास्य से भरपूर पल :*** अरेस्टेड डेवलेप्मेंट ये एक बेहद तारीफ पाने वाली कॉमेडी सीरीज है, जो ब्लूथ परिवार की कहानी दिखाती है। ये एक अमीर और बिगड़ा हुआ परिवार है, जिसकी जिंदगी तब उलट-पुलट हो जाती है जब परिवार के मुखिया जॉर्ज ब्लुथ सीनियर को अपनी रियल एस्टेट कंपनी में धोखाधड़ी करने के जुर्म में गिरफ्तार कर लिया जाता है।

# *कोरियन फिल्म की कॉपी है सैयारा, सब कुछ है सेम!*

***मुंबई।*** *फिल्म 'सैयारा' ने बॉक्स ऑफिस पर वो कमाल करके दिखाया है जो बॉलीवुड की किसी फिल्म ने बीते कई सालों से नहीं किया। दो डेब्यू एक्टर्स की फिल्म सुपरहिट हो गई है और इसका जादू लोगों के सिर चढ़कर बोल रहा है। बेहिसाब लोग फिल्म देखने थिएटर्स में पहुंच रहे हैं और मूवी देखने के बाद आंसू बनकर उनकी आंखों से छलकते इमोशन्स के क्लिप भी इंटरनेट पर आ रहे हैं। लेकिन, अब इसी बीच सोशल मीडिया पर कुछ लोगों का दावा है कि यह फिल्म असल में एक कोरियन फिल्म की कॉपी है। लोगों का कहना है कि सैयारा और साल 2004 में आई कोरियन फिल्म अ मोमेंट टु रिमेंबर की कहानी का प्लॉट काफी हद तक एक जैसा है। फिल्म के डायरेक्टर मोहित सूरी ने अभी तक इस बारे में कोई रिएक्शन नहीं दिया है। सोशल मीडिया पर एक शख्स ने लिखा- सैयारा एक कोरियरन फिल्म की कॉपी है। मोहित सूरी विरले ही कभी कोई ऑरिजनल फिल्म बनाते हैं। वहीं ,दूसरे ने लिखा- दोनों फिल्मों में ज्यादातर चीजें एक जैसी हैं। दोनों फिल्मों की कहानी और एंडिंग भी सेम है। फिल्म के बारे में एक सोशल मीडिया यूजर ने कमेंट किया- मोहित सूरी और उनका साउथ कोरियन फिल्मों को लेकर प्यार। एक विलेन भी आई सॉ द डेविल से प्रेरित होकर बनाई थी। कोरियन फिल्म 'अ मोमेंट टु रिमेंबर' की करें तो जॉन एच ली के निर्देशन में बनी यह फिल्म साल 2004 में रिलीज हुई थी और उसे बेहिसाब प्यार मिला था। यह फिल्म आपको नेटफ्लिक्स पर देखने मिल जाएगी। इस फिल्म की आईएमडीबी रेटिंग 8.1 रही थी और इसे अलग-अलग देशों की जनता ने सराहा था।*



## इंटरनेशनल फिल्म अवॉर्ड्स में अवॉर्ड जीतने वाले पहले भारतीय थे शिवाजी गणेशन

# 7 साल की उम्र में शुरू किया थिएटर, पहली ही फिल्म में निकालना चाहते थे मेकर्स

***मुंबई।*** *महज सात साल की उम्र में स्टेज पर पहुंचना और थिएटर करना, वो भी घरवालों की मर्जी के खिलाफ। उसके बाद फिल्मों में एंट्री और देखते-देखते ही 250 से अधिक फिल्में और भारतीय सिनेमा की पहचान बन जाना। ये कोई फिल्मी कहानी नहीं है, बल्कि भारतीय सिनेमा के दिग्गज और तमिल सिनेमा के सुपरस्टार शिवाजी गणेशन की असल जिंदगी का फलसफा है।*

### पूरी दुनिया में थी लोकप्रियता

1 अक्टूबर 1928 को मद्रास (अब चेन्नई) के विल्लुपुरम में गणेशमूर्ति के नाम से जन्में शिवाजी गणेशन की गिनती तमिल सिनेमा के एक दिग्गज अभिनेता और निर्माता के तौर पर होती है। शिवाजी गणेशन की लोकप्रियता सिर्फ भारत ही नहीं, बल्कि पूरी दुनिया में थी। उन्हें विदेशों में भी काफी सम्मान दिया जाता था। उनकी लोकप्रियता का आलम ये था कि लोग उन्हें सिर्फ लीड एक्टर के तौर पर ही देखना चाहते थे। 21 जुलाई 2001 को दुनिया को अलविदा कहने वाले शिवाजी गणेशन की सोमवार को 24वीं पुण्यतिथि थी।

### भरतनाट्यम, कथक और मणिपुरी डांस सीखे

शिवाजी गणेशन को बचपन से ही ड्रामा करने का शौक था। इसीलिए उन्होंने सिर्फ सात साल की उम्र में ही अपना घर छोड़कर थिएटर ग्रुप ज्वाइन कर लिया। इसके बाद दस साल की उम्र में वह तिरुचिरापल्ली चले गए और संगिलियंदपुरम में एक थिएटर ग्रुप में शामिल हो गए और स्टेज पर नाटक करने लगे। इसी दौरान उन्होंने एक्टिंग के साथ-साथ डांस भी सीखा। उन्होंने भरतनाट्यम, कथक और मणिपुरी जैसे अलग-अलग डांस सीखे। शिवाजी गणेशन कई वर्षों तक थिएटर से जुड़े रहे।

### करुणानिधि ने लिखी थी स्क्रिप्ट

कृष्णा-पंजू की जोड़ी द्वारा निर्देशित पराशक्ति के डिस्ट्रीब्यूटर पीए पेरुमल मुदलियार थे। पीए पेरुमल मुदलियार शिवाजी गणेशन की थिएटर के दिनों में निभाई गई नूर जहां की भूमिका से काफी प्रभावित हुए थे। इसके बाद उन्होंने गणेशन को फिल्म का ऑडिशन देने के लिए फ्लाइट के टिकट भेजकर मद्रास बुलाया। हालांकि, पराशक्ति की शुरुआत गणेशन के लिए अच्छी नहीं रही। जब शूटिंग शुरू हुई और फिल्म के काफी हिस्से की शूटिंग हो चुकी थी, तो मेकर्स गणेशन के दुबले-पतले शरीर से नाखुश थे और उनकी जगह के.आर. रामासामी को लेना चाहते थे। लेकिन, पेरुमल ने इनकार कर दिया। यही नहीं, गणेशन के कई सीन भी पसंद नहीं थे, जिन्हें दोबारा से फिल्माया गया। ऐसा बताया जाता है कि पराशक्ति के लिए शिवाजी गणेशन को 250 रुपए की महीने भर की सैलरी मिली थी।



### 1952 में पराशक्ति से किया फिल्मी दुनिया में डेब्यू

कई साल तक थिएटर करने के बाद साल 1952 में शिवाजी गणेशन की पहली फिल्म परमशक्ति रिलीज हुई। फिल्म बॉक्स ऑफिस पर सुपरहिट रही और कई थिएटर्स में 175 दिनों से भी ज्यादा दिन तक चली।

### दीं कई यादगार फिल्में

इसके बाद शिवाजी गणेशन ने एक के बाद एक कई यादगार और सुपरहिट फिल्में दीं। जिनमें वीरपांडिया कट्टाबोमन, 'पसमलर, उथमा पुथिरन, पालुम पजहमम, इरुम्बु थिराई, पडिक्कधा मेधाई, पावा मन्निप्पु, पडिथल मट्टम पोधुमा, आलयामणि, इरुवर उल्लम, अन्नाई इल्लम, आनंदवन कट्टलाई, कप्पलोटिया थमिजान, काई कोडुथा धीवम, पुथिया परवई और उनकी 100वीं फिल्म नवरात्रि शामिल हैं। शिवाजी ने अपने कॅरियर में फैमिली ड्रामा से लेकर रोमांटिक, कॉमेडी और क्राइम-थ्रिलर जैसी हर तरह की भूमिकाएं निभाईं और सबमें सफलता हासिल की।

### गणेशमूर्ति बने शिवाजी गणेशन

साल 1945 में उन्होंने मराठा योद्धा छत्रपति शिवाजी के जीवन पर बना एक नाटक 'शिवाजी कांडा हिंदू राज्यम'किया। इसमें उन्होंने शिवाजी की भूमिका निभाई। शिवाजी के किरदार में गणेशन की इतनी तारीफ हुई कि बाद में उन्होंने अपना नाम ही 'शिवाजी गणेशन'कर लिया। शिवाजी गणेशन को 1960 में आई उनकी फिल्म वीरपांडिया कट्टाबोमन के लिए काहिरा इजिप्ट में आयोजित एफ्रो-एशियन फिल्म फेस्टिवल में बेस्ट एक्टर का अवॉर्ड मिला था। इंटरनेशनल फिल्म अवॉड्र्स में अवॉर्ड जीतने वाले शिवाजी गणेशन पहले भारतीय थे। यह फिल्म आज भी तमिल सिनेमा की कल्ट फिल्मों में शामिल है।

हरिभूमि
जबलपुर भूमि



## 1 लाख कांवड़िये नर्मदा जल लेकर पहुंचे कैलाश धाम

# 35 किलोमीटर लंबी कांवड़ यात्रा में बम-बम भोले की गूंज





**हरिभूमि, जबलपुर। पुण्य सलिला मां नर्मदा के तट गौरीघाट से उत्साह और उमंग के साथ विशाल संस्कार कांवड़ यात्रा निकाली गई। कांवड़ यात्रा में 1 लाख कांवड़िये नर्मदा जल लेकर निकले। पूरा कांवड़ यात्रा मार्ग बम भोले के जयकारों से गूंजता रहा। 35 किलोमीटर लंबी इस यात्रा का समापन खमरिया के पास ग्राम मटावर स्थित कैलाश धाम में हुआ। संस्कार कांवड़ यात्रा भैया सरकार और रामू दादा के सान्निध्य में निकाली गई।**






गौरीघाट तट पर प्रदेश के पंचायत एवं ग्रामीण विकास मंत्री प्रहलाद पटेल ने पूजन अर्चन कर यात्रा का शुभारंभ किया। यह 35 किलोमीटर लंबी यात्रा गौरीघाट से प्रारंभ होकर रामपुर, गोरखपुर, शास्त्री ब्रिज, मोटर स्टेण्ड, मालवीय चौक, बड़ा फुहारा, सराफा, बेलबाग, घमापुर, शीतलामाई कांचघर, गोकलपुर, रांझी, खमरिया होते हुए मटामर कैलाश धाम पहुंची। यहां कांवड़ियों ने शिवजी का जलाभिषेक कर शिव स्वरूप वृक्षों का पूजन कर नर्मदा जल शुद्धिकरण का संदेश दिया और कांवड़ियों को प्रकृति संरक्षण का संकल्प दिलाया। सुबह से ही कांवड़ियों का उत्साह देखते ही बन रहा था। नर्मदा तट पर भक्तिमय माहौल नजर आ रहा था। बड़ी संख्या में कांवड़ियों का यहां पहुंचना प्रारंभ हो गया था। सुरक्षा की दृष्टि से पुलिस बल, होमगार्ड के जवान और तैराकों की टीम तैनात रही। प्रदेश के पंचायत एवं ग्रामीण विकास तथा श्रम मंत्री प्रहलाद सिंह पटेल ने कहा कि वे पहली बार इस संस्कार कावड़ यात्रा में शामिल होकर गौरवांवित महसूस कर रहें हैं। उन्होंने सभी कावड़ियों का अभिनंदन किया तथा कहा कि जल और पौधा लेकर चलना एक अनूठा संदेश है। इस दौरान प्रदेश के संस्कृति, पर्यटन, धार्मिक न्यास और धर्मस्व मंत्री धर्मेन्द्र सिंह लोधी, तेलघानी बोर्ड के अध्यक्ष श्री रवि करण साहू भी मौजूद थे।

### जगह-जगह कांवड़ यात्रा का स्वागत

जगह जगह स्वागत मंच लगाकर विभिन्न सामाजिक और राजनैतिक संगठनों ने स्वागत किया। नगर निगम चौक पर महापौर जगतबहादुर अन्नू, पूर्व विधायक विनय सक्सेना, विधायक लखन घनघोरिया सहित, भाजपा पार्षद दल और कांग्रेस पार्षद दल ने कांवड़ियों का स्वागत किया और भगवान भोलेनाथ से शहर के सुख शांति और समृद्धि की कामना की।

### मयूर मेमोरियल ट्रस्ट ने कांवड़ यात्रियों की अनूठी सेवा

जबलपुर में निकाली गई संस्कार कांवड़ यात्रा का मयूर मेमोरियल ट्रस्ट ने पनेहरा पेट्रोल पम्प के समीप स्टॉल लगाकर शिवभक्तों की सेवा की। उन्हें शीतल जल, सात्विक खिचड़ी और ताजे केले निःशुल्क वितरण किया गया। इस अवसर पर ट्रस्ट के संस्थापक गोविन्द बिसेन, आशा जायसवाल, ज्योति गौंटिया, राजेन्द्र गुप्ता, शालिनी झारिया,प्रमोद गौंटिया,रीतू गौंटिया, सविता जायसवाल, आयेशी गौंटिया, सुरेन्द्र जायसवाल, आदित्य दुबे आदि उपस्थित रहे।

### मंत्री, विधायक शामिल हुए

संस्कार कांवड़ यात्रा में भक्तों के साथ ही राजनीतिक पार्टियों के लोग भी शामिल हुये। कांवड यात्रा में पंचायत एवं ग्रामीण विकास कैलाश विजयवर्गीय, महापौर जगत बहादुर सिहं अन्नू, विधायक लखन घनघोरिया, विधायक अभिलाष पांडे, विधायक अशोक रोहाणी, पूर्व विधायक विनय सक्सेना, आदि शामिल थे। इसके अलावा नगर निगम के नेता प्रतिपक्ष अमरीश मिश्रा, नीलेश रावल, संयोजक शिव यादव, भारत सिंह यादव, रंजीत सिंह, मनोज लोधी, भोजराज, अनिल गुप्ता, गौरेया यादव, पवन यादव, राजेन्द्र मिश्रा, अभिषेक यादव, अतुल डोंगरे, सौरभ यादव, सुनील सोनी, मनीष पटेल, लालजी श्रीपाल आदि शामिल रहे।

# आबकारी अधिकारी के खिलाफ जांच भी संदेह के घेरे में आई

## मुख्य गवाह के अब तक नहीं लिये बयान, जांच में लीपापोती की आशंका

जबलपुर।

बरेला क्षेत्र में शराब दुकान पर कथित रूप से कर्मचारियों के साथ मारपीट करने के मामले में सहायक आयुक्त आबकारी संजीव दुबे पर लगे गंभीर आरोपों की जांच सवालों के घेरे में है। भोपाल से आए अपर आबकारी आयुक्त मुकेश नेमा द्वारा की जा रही जांच को लेकर अब यह आशंका गहराने लगी है कि पूरे मामले में लीपापोती की जा रही है।

सूत्रों का कहना है कि मामले में आरोपी सहायक आयुक्त को बचाने के लिए पूरा विभागीय अमला सक्रिय हो गया है। उच्चाधिकारी जांच के नाम पर सिर्फ औपचारिकता निभा रहे हैं और पारदर्शिता का अभाव स्पष्ट रूप से दिखाई दे रहा है। आरोप है कि जांच अधिकारी मुकेश नेमा द्वारा शिकायतकर्ता और आरोपी दोनों के बयान दर्ज किए जाने की बात कही गई है, लेकिन मुख्य पीड़ित कर्मचारी उपेंद्र मिश्रा अब तक जांच अधिकारी के समक्ष पेश ही नहीं हुआ।

गंभीर बात यह है कि आरोपी संजीव दुबे न तो फोन रिसीव कर रहे हैं और न ही सार्वजनिक रूप से अपना पक्ष रख रहे हैं। वहीं, जांच के लिए नियुक्त अपर आयुक्त मुकेश नेमा भी किसी का फोन नहीं उठा रहे हैं, जिससे यह स्पष्ट नहीं हो पा रहा कि विभाग की ओर से वास्तविक स्थिति क्या है।

### शिकायतकर्ता पर दबाव डालने के आरोप

जानकारी के अनुसार, शिकायतकर्ता जागृति इंटरप्राइजेज के संचालक अजय सिंह बघेल पर विभागीय अधिकारियों द्वारा शिकायत वापस लेने का दबाव बनाया जा रहा है। वहीं चर्चा यह भी है कि मुख्य गवाह उपेंद्र मिश्रा जांच अधिकारी के सामने अब तक पेश नहीं हुआ है, जबकि वह जांच के दौरान कई बार कलेक्टर कार्यालय में देखा गया।

### पुलिस स्तर पर अलग से जांच

उल्लेखनीय है कि मारपीट की घटना की शिकायत ठेकेदार और कर्मचारियों ने थाने में भी दर्ज कराई है। पुलिस थाना बरेला में दर्ज मामले की अलग से जांच चल रही है। वहीं, विभागीय स्तर पर यह चर्चा है कि पीड़ित कर्मचारी उपेंद्र मिश्रा पर आबकारी एक्ट के तहत एक मामला दर्ज है, इसीलिए उसने जांच अधिकारी के सामने पेश होने से परहेज़ किया।

### क्या छिपा रहा है विभाग?

इस पूरे घटनाक्रम में सबसे बड़ा सवाल यह उठ रहा है कि यदि विभाग के पास साफ और पारदर्शी जानकारी है तो उसे सार्वजनिक क्यों नहीं किया जा रहा? जांच प्रक्रिया में शामिल प्रमुख पक्षों की चुप्पी और गवाहों की अनुपस्थिति यह दर्शा रही है कि कहीं न कहीं मामले को दबाने की कोशिशें की जा रही हैं। अब यह देखना महत्वपूर्ण होगा कि पुलिस जांच से क्या निष्कर्ष निकलते हैं और क्या आबकारी विभाग अपने स्तर पर निष्पक्ष कार्रवाई करेगा या यह मामला भी प्रशासनिक फाइलों में दफन हो जाएगा।

# लेन-देन के विवाद पर सुहागन आभूषण में चाकूबाजी

**लार्डगंज थाना अंतर्गत सुपर मार्केट में वारदात, दुकान के कर्मचारी पर चाकू मारने का आरोप**

हरिभूमि, जबलपुर।

लार्डगंज थाना क्षेत्र स्थित सुपर मार्केट इलाके में सोमवार रात उस वक्त सनसनी फैल गई जब पैसों के लेनदेन को लेकर शुरू हुआ विवाद चाकूबाजी में बदल गया। घटना सुहागन आभूषण भंडार की है, जहां शिवांश शिवहरे नामक युवक पैसों की बात को लेकर पहुंचा था। सूत्रों के मुताबिक, दुकान संचालक से उसकी तीखी बहस हुई, जिसके बाद वह कुछ देर के लिए चला गया। लेकिन थोड़ी देर बाद वापस लौटकर वह फिर बातचीत करने लगा। इसी दौरान कहासुनी बढ़ गई और देखते ही देखते मारपीट शुरू हो गई। तभी दुकान के एक कर्मचारी ने शिवांश पर चाकू से हमला कर दिया, जिससे वह लहूलुहान हो गया।

### पुलिस दो घंटे तक बेखबर-

घायल शिवांश के पिता पेशे से वकील हैं, जिससे मामले ने और गंभीर मोड़ ले लिया है। घटना की सूचना मिलते ही लार्डगंज पुलिस मौके पर पहुंची, लेकिन दो घंटे तक न तो घायल की स्थिति स्पष्ट कर पाई, न ही हमलावरों की पहचान कर सकी। फिलहाल पुलिस जांच में जुटी है और घायल का उपचार अस्पताल में जारी है। इलाके में दहशत का माहौल है।

# 15 मिनिट बाद ही शहर की सड़कें दिखाई दी चकाचक

**जबलपुर।** शहर में संस्कार कांवड़ और शाही सवारी यात्रा के तुरंत 15 मिनिट बाद ही शहर की सड़कें चमचमाती नजर आई। यह कार्य नगर निगम के स्वास्थ्य अमले ने कर दिखाया। इसके लिए महापौर जगत बहादुर सिंह अन्नू ने नगर निगम के अधिकारियों और सफाई संरक्षकों की तत्परता और उत्कृष्ट कार्यो की सराहना की। इस अवसर पर महापौर ने बताया कि अभी नगर निगम जबलपुर को देश में 5वॉं स्थान मिला है। उन्होंने बताया कि आगे इसी तत्परता और पारदर्शी कार्य प्रणाली के कारण जबलपुर को देश में पहला स्थान प्राप्त होगा।उन्होंने ने कहा है कि शहर की सफाई व्यवस्था में काफी सुधार हुआ है। उन्होंने बताया कि संस्कार कावंड़ यात्रा एवं भोलेनाथ की शाही सबारी निकलने के उपरांत 15 मिनिट में ही सड़कों को किया साफ। उन्होंने बताया कि संस्कार कांवड़ यात्रा के लिए शहर में स्वच्छता के सिपाहियों, सफाई संरक्षकों की टीम तैनात की गई थी। जिसके परिणाम स्वरूप संस्कारधानी की सड़कें साफ-सुथरी नजर आई।उन्होंने बताया कि मुख्य स्वास्थ्य निरीक्षक, स्वास्थ्य निरीक्षक एवं कर्मचारियों के द्वारा अपने-अपने संभाग में संस्कार कांवड़ यात्रा के उपरांत त्वरित गति से पुनः सफाई आरंभ की गई जिसमें रोड स्विपिंग मशीन एवं श्रमिकों को लगाकर तत्काल सफाई कराई गई एवं कचरा, पॉलिथीन एवं अन्य कचरा को तत्काल उठाकर रोड को पुनः लोगों के आवागमन के लिए सुचारू पूर्वक स्वच्छ कर पूरे जबलपुर शहर के स्वच्छ भारत मिशन के सपने को साकार किया।

**फर्जीवाड़ा गिरोह का पर्दाफाश...** **धनवंतरी चौकी पुलिस को मिली सफलता, दो गिरफ्तार**

# रेलवे में नौकरी दिलाने के नाम पर लाखों की ठगी

**हरिभूमि, जबलपुर। धनवंतरी चौकी अंतर्गत शिक्षित बेरोजगारों को रेलवे में नौकरी दिलाने का झांसा देकर 3.24 लाख रुपये की ठगी करने वाले दो शातिर ठगों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। आरोपी न केवल फर्जी पहचान और नकली दस्तावेजों का सहारा ले रहे थे, बल्कि ट्रेनिंग किट, यूरिन टेस्ट और परीक्षा की तारीख बताकर ठगी को वास्तविक रूप देने की साजिश रच रहे थे।**

### ऐसे हुआ फर्जीवाड़े का पर्दाफाश

इस संबंध में धनवंतरी चौकी प्रभारी एसआई दिनेश गौतम ने बताया कि एलआईजी-233, भूकंप कॉलोनी, धनवंतरी नगर निवासी 22 वर्षीय आदर्श पटैल ने शिकायत की थी कि आरोपी 58 वर्षीय राकेश कुमार सराठे निवासी महर्षि महेश वार्ड घमापुर चौक पिछले 6 माह से उनके संपर्क में था और खुद को रेलवे में नौकरी दिलाने वाला बताता था। आरोपी ने पीड़ित की मां को "दीदी" कहकर भरोसे में लिया और पश्चिम मध्य रेलवे में कमर्शियल क्लर्क पद पर भर्ती का झांसा दिया।

### नकली ट्रेनिंग और मेडिकल के जाल में फंसाया

एसआई गौतम के मुताबिक राकेश ने रेलवे का फर्जी ब्लैंक आईडी कार्ड, प्रशिक्षण की ड्रेस और मेडिकल के नाम पर नेशनल हॉस्पिटल में एक्स-रे के लिए 5,500 ट्रेनिंग किट के लिए 8 हजार 500 और खाता खुलवाने के नाम पर 10 हजार वसूले। इसके बाद परीक्षा में पास कराने और नियुक्ति पक्की करने के नाम पर कई किश्तों में कुल 3 लाख 24 हजार की ठगी की।



### महिला साथी बनी फर्जी अधिकारी

एसआई गौतम ने बताया पूरे फर्जीवाड़े में आरोपी की महिला साथी 56 वर्षीय रेखा वर्मा निवासी घड़ी चौक विजयनगर ने डीईओ अधिकारी बनकर पीड़ित से मुलाकात की और झांसा दिया। पूछताछ में रेखा वर्मा ने स्वीकारा कि उसे राकेश ने पांच हजार देकर यह भूमिका निभाने को कहा था।

### पहले भी कर चुके फर्जीवाड़ा

एसआई गौतम ने बताया कि जांच में यह भी सामने आया कि राकेश सराठे पर पूर्व में थाना गोहलपुर में वर्ष 2021 में भी नौकरी दिलाने के नाम पर धोखाधड़ी का प्रकरण दर्ज है। संभावना जताई जा रही है कि इस गिरोह ने अन्य लोगों के साथ भी इसी तरह की ठगी की है, जिस पर पुलिस पूछताछ कर रही है।

### इनकी रही सराहनीय भूमिका

इस पूरी कार्रवाई में चौकी प्रभारी एसआई दिनेश गौतम, प्रधान आरक्षक दिलीप पाठक, आरक्षक रजनीश, वीरेंद्र और महिला आरक्षक संध्या तिवारी की अहम भूमिका रही।

### शिव मंदिर बाबाताल में पार्थिव शिवलिंग निर्माण

# श्रावण मास के दूसरे सोमवार को भी बम बम भोले से गूंजे शिवालय

हरिभूमि सिहोरा।



श्रावण मास के दुसरे सोमवार को भी सभी शिवालयों में दिनभर बम बम भोले कि गूंज होती रही। सोमवार को सुबह से ही शिव मंदिर बाबाताल में ब्राह्मण समाज सिहोरा के तत्वावधान में आयोजित पार्थिव शिवलिंग निर्माण में जहां सभी वर्ग की महिलाओं बच्चों युवतियों ने पूर्ण श्रद्धा भक्ति भाव के साथ पार्थिव शिवलिंग बनाकर उनका अभिषेक किया। मंदिर में भोलेनाथ की पूजा अर्चना करने सुबह से ही शिव भक्तों का तांता लगा रहा सुबह 7 बजे से चल रहे आयोजन में दोपहर बारह बजे तक ही सारी कोपर पार्थिव शिवलिंग निर्माण से भर चुकी थी। फिर पंडित अरुण कुमार मिश्रा ने सभी कोपरो में बने शिवलिंग का विधिवत अभिषेक पूजन कराया तदपश्चात सभी का हिरन नदी नृसिंह मंदिर घाट में विधिवत विसर्जन किया गया। इसके अलावा नगर उपनगर के अन्य शिव मंदिरों में भी भक्तों ने पूजन अर्चन कर भोलेनाथ का आशीर्वाद प्राप्त किया। कार्यक्रम को सफल बनाने में ब्राह्मण समाज के संरक्षक अश्वनी कुमार पाठक, नंदकुमार परौहा, जय प्रकाश दुबे, अध्यक्ष राकेश पाठक, महामंत्री प्रवीण कुररिया, सुरेन्द्र तिवारी, गोपाल पाठक, नरेन्द्र त्रिपाठी आदि भक्तों का सराहनीय योगदान रहा।

#### अखंड रामायण पाठ का आयोजन

पवित्र श्रावण मास के पावन अवसर पर नृसिंह मंदिर रोड वार्ड नंबर 16 महाकाली महागौरी समिति द्वारा अखंड रामायण पाठ के साथ रामचरितमानस प्रतिदिन किया जा रहा है। ऐसी मान्यता है कि श्रावण मास में अखंड रामायण पाठ और रामचरितमानस का पाठ करने से भगवान शिव प्रसन्न होते हैं इसी उद्देश्य को लेकर यह आयोजन किया जा रहा है।समिति के गोली तिवारी ने बताया समिति के पदाधिकारी विगत कई वर्षों से पवित्र श्रावण मास में अखंड रामायण पाठ का आयोजन करते आ रहे हैं जिसमें सभी का सहयोग प्राप्त होता है।



### आचार्यश्री समय सागरजी की धर्मसभा

## संयोग और वियोग संसार का नियम

**जबलपुर।** आचार्यश्री विद्यासागर सभा भवन में आयोजित धर्म सभा में आचार्यश्री समयसागर महाराज ने अपनी मंगल देशना में कहा कि उपदेश देने के पहले यह घ्यान रखना चाहिए कि उपदेश ग्रहण करने के योग्य वह व्यक्ति है या नहीं। उपदेश सुनकर वह उसका कितने अंशों में पालन करेगा। शब्द के माध्यम से उपदेश दिया जाता है लेकिन उसके अर्थ और भाव को समझने की क्षमता श्रोता के पास होना चाहिए। जैसे लोग केवल दवाई की जानकारी लेकर उसको घर पर लाकर रख लेते हैं तो उस से रोग ठीक नहीं होगा। समयपर जब उस दवाई को ग्रहण करेगा तभी रोग खत्म होगा। केवल सुनने से कल्याण नहीं होगा। सुनना है तो ध्यान से सुनना चाहिए।

संयोग और वियोग यह संसार का नियम है लेकिन जब हमारे किसी संबंधी का वियोग होता है तो हमारी आँखों में अश्रु आते हैं लेकिन किसी और के मरण पर नहीं क्योंकि उससे हमारा संबंध नहीं था इसलिए आँसू नहीं आए। लेकिन ध्यान में ये संबंध छोडकर आत्म दृष्टि करना चाहिए। धर्म समा के प्रारंभ में आचार्य विद्यासागर महाराज के तैल चित्र के समक्ष बासवाड़ा जैन समाज के प्रतिनिधि मंडल, मनीष जैन, सोनू जैन ने दीप प्रज्जवलित किया। आचार्य को शास्त्र भेंट करने के एवं पाद प्रक्षालन का सौभाग्य मनीष जैन, आशीष जैन, अखिलेश जैन चॉवल वालों को प्राप्त हुआ' धर्म सभा का संचालन अमित पडरिया ने किया।

## खाद न मिलने से किसान हो रहे परेशान

**बरेला।** जहां एक और शासन दावा करती है कि किसानों को हर सीजन पर खाद्य उपलब्ध कराई जाएगी तो वहीं दूसरी तरफ देखा जा रहा है कि किसान इन दिनों अपनी फसल पर खाद्य डालने हेतु परेशान हो रहे हैं भारत कृषक समाज के बरेला ब्लॉक संयोजक योगेश पटेल ने किसानों की परेशानी को ध्यान में रखते हुए बताया कि क्षेत्र के किसानों को अपनी बोई हुई फसल पर डीएपी, यूरिया खाद् की अति आवश्यकता है परंतु किसान सेवा सहकारी समिति के चक्कर लगा रहे हैं यहां तक की किसान प्राइवेट दुकानों पर अधिक दामों पर खाद्य लेकर अपनी जमीन की भरपाई कर रहे हैं। इस संबंध में सेवा सहकारी समिति से संपर्क साधा गया परंतु अभी तक सेवा सहकारी समिति पर खाद्य उपलब्ध नहीं है। जिला प्रशासन से अभिलंब मांग की जाती है कि किसानों को अतिशीघ्र सेवा सहकारी समितियों पर डीएपी एवं यूरिया खाद्य उपलब्ध करने की मांग की है ताकि किसान उचित दाम में खाद्य लेकर अपनी फसल पर खाद्य का छिड़काव कर सकें।

## अरविन्द तिवारी बने भारतीय किसान यूनियन सर्व के जिलाध्यक्ष



**बरेला।** वरिष्ठ समाजसेवी, जबलपुर जिले की समस्यायों के निराकरण हेतु सतत प्रयत्नशील, ओजस्वी वक्ता पंडित अरविन्द तिवारी को भारतीय किसान यूनियन सर्व के राष्ट्रीय अध्यक्ष पंडित राजकिशोर शर्मा जी के निर्देश पर प्रदेश अध्यक्ष सम्मति सैनी ने जिलाध्यक्ष मनोनीत किया।

### नशा मुक्ति जन जागरण अभियान

## नागरिकों और पुलिस प्रशासन ने बनाई मानव श्रृंखला

### लोगों को नशे से दूर रहने की दी सलाह



**पाटन।** एसपी संपत उपाध्याय के मार्गदर्शन में जबलपुर में नशे से दूरी है जरूरी, नशा मुक्ति जन जागरण अभियान 15 जुलाई से 30 जुलाई 2025 तक मध्य प्रदेश शासन एवं पुलिस मुख्यालय के निर्देश पर प्रभावी रूप से चलाया जा रहा है। इसी तारतम्य में पाटन में भी टी आई गोपेंद्र सिंह राजपूत के नेतृत्व में यह आंदोलन लगातार चल रहा है। अभियान के दौरान अलग-अलग कार्यक्रम आयोजित किया जा रहे हैं जिसके माध्यम से लोगों को नशे से दूरी है जरूरी अभियान के माध्यम से नशे से दूर रहने की सलाह दी जा रही है। नशे से दूरी है जरूरी अभियान पाटन इलाके में नगर से लेकर गांव तक जा पहुंचा है। अभियान के तहत जागरूकता का संदेश दिया जा रहा है और इसमें हर वर्ग ने अपना सहयोग दिखा है रविवार दोपहर 1 बजे पाटन में मानव श्रृंखला का आयोजन किया गया और बस स्टैंड इलाके में मानव श्रृंखला बनाकर लोगों को नशे से दूर रहने की सलाह दी गई। बताया गया कि किस तरह से नशा परिवार और समाज को बर्बाद करता है यदि हम उससे दूर रहेंगे तो समाज को उत्कृष्ट और बेहतर बना सकेंगे।



## निशुल्क ब्यूटी पार्लर प्रशिक्षण का समापन, 40 महिलाओं ने लिया लाभ

**जबलपुर।** जन कल्याण न्यास द्वारा संचालित निशुल्क ब्यूटी पार्लर प्रशिक्षण कार्यक्रम का सोमवार को समापन हुआ। यह प्रशिक्षण स्टाइल दिवा ब्यूटी पार्लर की संचालिका निधि राजपूत द्वारा प्रदान किया गया। प्रशिक्षण के अंतिम दिन कार्यक्रम में उत्साह का माहौल रहा। इस प्रशिक्षण शिविर में कुल 40 महिलाओं ने हिस्सा लिया और ब्यूटी पार्लर से संबंधित विभिन्न कार्यों का निशुल्क प्रशिक्षण प्राप्त किया। इसका उद्देश्य महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाना और उन्हें स्वरोजगार के लिए प्रेरित करना रहा। जन कल्याण न्यास द्वारा लगातार शहर के विभिन्न क्षेत्रों में इस तरह के प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं, जिससे अनेक महिलाओं को नया जीवन और रोजगार के अवसर मिल रहे हैं। इस अवसर पर आकांक्षा पटेल कामिनी मिश्रा नीतू शुक्ला रिंकी सीमा उपस्थित थीं।

## स्वामी विवेकानंद कॅरियर मार्गदर्शन योजना के अंतर्गत प्रेरक व्याख्यान आयोजित

**जबलपुर।** स्वामी विवेकानंद कॅरियर मार्गदर्शन योजना, प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस, शासकीय महाकोशल स्वशासी महाविद्यालय, जबलपुर द्वारा आज 'कॅरियर निर्माण' विषय पर प्रेरक व्याख्यान का आयोजन किया गया। जिसकी अध्यक्षता महाविद्यालय प्राचार्य डॉ. अलकेश चतुर्वेदी द्वारा की गई। कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के रुप में प्रो. दिनेश कुशवाह, अध्यक्ष,



हिंदी विभाग, अवधेश प्रताप सिंह विश्वविद्यालय, रीवा ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुये कहा कि विद्यार्थी अपना आत्म विश्लेषण करें अपनी रुचियॉं एवं ताकत को पहचाने एवं अपना एक लक्ष्य निर्धारित करें। जिससे वह अपने कॅरियर को सही दिशा प्रदान कर सकते है। प्रो. अरुण शुक्ल, संभागीय नोडल अधिकारी, स्वामी विवेकानंद कॅरियर मार्गदर्शन योजना, जबलपुर संभाग, जबलपुर ने कहा कि विद्यार्थी आधुनिक युग में निंरतर कौशल विकास की ओर अग्रसर हो। जिससे वह अपने कॅरियर की ऊचॉइयों तक पहुचें। इस अवसर पर डॉ. लल्लाबाई लोधी, डॉ. महेन्द्र कुमार कुशवाहा, डॉ. ज्ञानेश पाण्डेय, डॉ. तरुणेन्द्र साकेत के साथ महाविद्यालय के लगभग 68 विद्यार्थी उपस्थित रहें।

## राजस्व न्यायालयों में पूर्ण कालिक न्यायिक कार्य आज से

**जबलपुर।** राजस्व प्रकरणों के निराकरण को गति देने के के उद्देश्य से कलेक्टर दीपक सक्सेना द्वारा तैयार किये गये नये सेटअप के अंतर्गत जिले के सभी राजस्व न्यायालय मंगलवार 22 जुलाई से पूर्णकालिक न्यायिक कार्य करना प्रारंभ कर देंगे। नये सेटअप में जिले में राजस्व न्यायालयीन एवं गैर न्यायालयीन कार्यों के लिये अलग-अलग राजस्व अधिकारियों को नियुक्त किया गया है और राजस्व न्यायालयों की संख्या 22 से बढ़ाकर 27 कर दी गई है। कलेक्टर श्री सक्सेना के निर्देशानुसार पहले दिन 22 जुलाई को सभी तहसील एवं उप तहसील न्यायालयों में कार्यक्रमों का आयोजन किया जायेगा। इन कार्यक्रमों में जनप्रतिनिधियों, पक्षकारों और उनके अधिवक्ताओं एवं मीडियाकर्मियों को आमंत्रित कर नये सेटअप से अवगत कराया जायेगा तथा इसके कामकाज के बारे में जानकारी दी जायेगी। कार्यक्रम में मौजूद जनप्रतिनिधियों, पक्षकारों एवं अधिवक्ताओं से राजस्व न्यायालयों के कामकाज को और बेहतर बनाने सुझाव भी प्राप्त किये जायेंगे। ज्ञात हो कि कलेक्टर दीपक सक्सेना ने 17 जुलाई को आदेश जारी कर जिले में राजस्व न्यायालयीन कार्यों एवं गैर न्यायालयीन कार्यों के लिये अलग-अलग राजस्व अधिकारियों को नियुक्त किया है। नये सेटअप में जिले में राजस्व न्यायालयों की संख्या 22 से बढ़ाकर 27 कर दी गई है तथा कटंगी, पौडा, बरगी, बरेला, बेलखेड़ा और चरगवां जैसे उप तहसील न्यायालयों में भी पूर्णकालिक पीठासीन अधिकारियों की पदस्थापना की गई है।

## लंबित पत्रों की समीक्षा बैठक संपन्न

**जबलपुर।** कलेक्टर दीपक सक्सेना की अध्यक्षता में लंबित पत्रों की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। इस दौरान जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी अभिषेक गहलोत सहित सभी संबंधित अधिकारी मौजूद थे। बैठक में उन्होंने सभी विभागों की सीएम हेल्पलाईन की एक-एक कर समीक्षा करते हुए निर्देश दिये कि सीएम हेल्पलाईन के प्रकरणों के निराकरण प्राथमिकता से करें। उन्होंने कहा कि कोई भी प्रकरण नॉन अटेंडेंट न रहे, समाधान भविष्यात्मक न रहें और न ही निम्न गुणवत्ता से बंद हों। साथ ही कहा कि 50 दिन से अधिक के प्रकरणों को पहले निराकृत करें। शिकायतों के निराकरण की गति में तेजी लायें। कलेक्टर श्री सक्सेना ने टीएल के प्रकरणों की समीक्षा के दौरान विभागवार एक-एक प्रकरणों की समीक्षा करते हुये कहा कि प्रकरणों का निराकरण तत्परता से करें। बैठक में सीएम व सीएस मॉनिट के प्रकरणों की समीक्षा भी की गई। उन्होंने विशेष रूप से कहा कि न्यायालयीन प्रकरणों के जवाबदावा समय पर प्रस्तुत करें। साथ ही कोर्ट के आदेश का अनुपालन भी हो।

## मगरमच्छ की दहशत में भेड़ाघाट



**भेड़ाघाट।** विश्व विख्यात संगमरमर की वादियों में इस समय मगरमच्छ की दहशत से नागरिकों में चर्चा का विषय बना हुआ है। मगरमच्छ सरस्वती घाट के ऊपर दिखने से लोगों में दहशत फैली हुई है। वन विभाग द्वारा पकड़ने का प्रयास किया जा रहा है। जाल भी रखा गया है। वन विभाग मगरमच्छ को पकड़ने में का प्रयास किया जा रहा है लेकिन पानी का बहाव के साथ ही पानी मटमैला होने से मगरमच्छ दिखता नहीं है। रहवासियों ने बताया कि रूद्र कुंड में भी मगरमच्छ देखा गया है सरस्वती घाट एवं रूद्र कुंड में इस समय भेड़ाघाट में दहशत का माहौल बना हुआ है।

## बाबा भोलेनाथ के दरबार में लगा भक्तों का तांता



**मझौली।** सावन के दूसरे सोमवार को भी सुबह से ही भगवान विष्णु वाराह मंदिर में एवं बाबा भोलेनाथ के दरवार में पुरे दिन भक्तों का तांता लगा रहा। नगर वासियों ने शासन प्रशासन से सावन महीने में पुलिस व्यवस्था एवं मन्दिर के सामने प्रांगण में खड़े हुए निजी वाहन को वहां से अलग किया जाए जिससे वहां आने जाने वाले भक्तों को परेशानी न हो, पार्किंग की व्यवस्था की जाए।

## कार पर पत्थरबाज़ी, सीसीटीवी में कैद



**जबलपुर।** बस स्टैंड पुलिस चौकी अंतर्गत मॉडल रोड स्थित नगर निगम मार्केट के पास एक शराबी युवक ने आई 20 कार एमपी 20 सीबी 2232 पर अचानक पत्थर फेंक दिया, जिससे कार का शीशा टूट गया। घटना सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई। युवक भगवा कपड़ों में था और नशे में धुत था। घटना से तनाव की आशंका जताई जा रही है। पुलिस ने कार मालिक सिमरन सिंह की रिपोर्ट पर प्रकरण दर्ज कर जांच में लिया है।

## ऑटो चालक से मारपीट कर लूट करने वाले तीन लुटेरे गिरफ्तार

**जबलपुर।** गोराबाजार थाना क्षेत्र में ऑटो चालक से मारपीट कर 5300 नकद व मोबाइल लूटने वाले तीन लुटेरे पुलिस की गिरफ्त में आ गए। घटना 3 जुलाई की शाम की है, जब ऑटो चालक अभय यादव सवारी लेकर लौट रहा था। डाल्फिन होटल के पास तीन युवकों ने उसकी ऑटो रोककर गाली-गलौज करते हुए मारपीट की और पर्स व मोबाइल छीनकर फरार हो गए। पुलिस कप्तान सम्पत उपाध्याय के निर्देश पर क्राइम ब्रांच और थाना गोराबाजार की टीम ने सीसीटीवी फुटेज की मदद से मीत झारिया, शेख ताहिर और सचिन कोल को गिरफ्तार किया। मीत से 3300 नगद, शेख ताहिर से मोबाइल और घटना में प्रयुक्त बाइक जब्त की गई। आरोपियों को न्यायालय में पेश किया गया। इस कार्रवाई में थाना प्रभारी रमन मरकाम व क्राइम ब्रांच की टीम की अहम भूमिका रही।




**श्रीमती छाया कौर कलसी-** बेदी नगर निवासी श्री परमजीत सिंह कलसी की धर्मपत्नी श्रीमती छाया कौर कलसी (62) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गुप्तेश्वर मोक्षधाम में संपन्न हुआ।

**श्रीमती छोटी बाई चौधरी-** भोला नगर ग्रीन सिटी रोड निवासी श्री लगुआ चौधरी की धर्मपत्नी श्रीमती छोटी बाई चौधरी (70) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार माढ़ोताल मोक्षधाम में किया गया।

**श्री राम सहाय यादव-** सिद्धनाथ रामपुर निवासी श्री राम सहाय यादव (86) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री उदय विश्वकर्मा-** त्रिमूर्ति नगर जैन मंदिर के पास निवासी श्री छोटे लाल विश्वकर्मा के पुत्र श्री उदय विश्वकर्मा (30) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार माढ़ोताल मोक्षधाम में किया गया।

**श्रीमती संतोष मैनी-** पुष्पकुंज कॉलोनी गोरखपुर निवासी श्री एमएम मैनी की धर्मपत्नी श्रीमती संतोष मैनी (96) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गुप्तेश्वर मोक्षधाम में संपन्न हुआ।

**श्री नरेश बेन-** सेठी नगर गुप्तेश्वर निवासी श्री पूरन लाल बेन के पुत्र श्री नरेश बेन (43) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गुप्तेश्वर मोक्षधाम में किया गया।

**श्रीमती सुदामा देवी गुप्ता-** समीक्षा टाउन कांचघर निवासी श्री महावीर प्रसाद गुप्ता की धर्मपत्नी श्रीमती सुदामा देवी गुप्ता (80) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री अशोक सोनी-** साठिया कुआं मलखम निवासी श्री अशोक सोनी (74) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्री विनय श्रीवास्तव-** तिलक वार्ड निवासी श्री विनय श्रीवास्तव (77) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुअ

**श्री सीतराम सोनी-** कोतवाली निवासी श्री सीताराम सोनी का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्री बाबू लाल-** गली नं. 5 अम्बेडकर नगर पोलीपाथर निवासी श्री बाबू लाल (85) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री बलराम सिंह ठाकुर-** ओम कला मंदिर रोड चांदमारी लालमाटी निवासी श्री बलराम सिंह ठाकुर (82) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्रीमती राम बाई-** गौरीघाट दुर्गानगर निवासी श्री प्यारे लाल ठाकुर की धर्मपत्नी श्रीमती राम बाई (85) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री शोभाराम गढ़ेवाल-** रानीपुर सुदामा नगर मदनमहल निवासी श्री शोभाराम गढ़ेवाल (80) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गुप्तेश्वर मोक्षधाम में किया गया।

**श्रीमती सावित्री बाई सोनकर-** खेरमाई वार्ड निवासी श्री मेवा लाल सोनकर की धर्मपत्नी श्रीमती सावित्री बाई सोनकर (85) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में संपन्न हुआ।

हरिभूमि निजी/शोक/उठावन, पगड़ी रस्म, पुण्यतिथि संबंधी संदेश प्रकाशित कराने के लिए
सम्पर्क करें विज्ञापन विभाग:- 9303308294, 9407362100

## भारत ने वर्ष 2024 में मलेशिया से 30.3 लाख टन पाम तेल आयात किया

# घरेलू खेती के विस्तार के साथ-साथ भारत बना मलेशिया का सबसे बड़ा पाम बीजों का खरीदार

एजेंसी ▶▶| कुआलालंपुर

पाम पेड़ के बीजों के आयात के मामले में भारत, मलेशिया का सबसे बड़ा आयातक बनकर उभरा है। भारत द्वारा घरेलू पाम तेल उत्पादन को बढ़ाने और आयात पर निर्भरता कम करने के प्रयासों के साथ-साथ पामतेल की मांग का बढ़ना भी इसका एक कारण है। भारत ने वर्ष 2024 में मलेशिया से 30.3 लाख टन पाम तेल का आयात किया, जो मलेशिया के कुल पाम तेल निर्यात का 17.9 प्रतिशत है। यह इसे मलेशियाई पाम तेल का शीर्ष गंतव्य बनाता है। मलेशियाई पाम तेल बोर्ड के महानिदेशक अहमद परवीज़ गुलाम कादिर ने घरेलू उत्पादन बढ़ाने के भारत के प्रयासों का हवाला देते हुए बताया, ''मलेशियाई पाम तेल के बीज या छोटे पौधें की मांग में, विशेष रूप से भारत से, उल्लेखनीय वृद्धि हुई है।''

### भारत का लक्ष्य, वित्त वर्ष 2025-26 तक पाम तेल की खेती का विस्तार



### पूर्वोत्तर राज्यों पर ध्यान केंद्रित

भारत का लक्ष्य, वित्त वर्ष 2025-26 तक पाम तेल की खेती का विस्तार तेज़ी से 10 लाख हेक्टेयर तक करना है और अपने राष्ट्रीय खाद्य तेल मिशन-तेल पाम योजना के तहत 2029-30 तक लगभग 28 लाख टन कच्चे पाम तेल का उत्पादन स्तर हासिल करना है। देश में फिलहाल वर्ष 2025 के मध्य तक लगभग 3,70,000 हेक्टेयर क्षेत्र में पाम तेल की खेती हो रही है, जिसमें विशेष रूप से पूर्वोत्तर राज्यों और द्वीपीय क्षेत्रों में ध्यान केंद्रित किया जा रहा है।

### नई उच्च उपज वाली किस्मे विकसित

मलेशियाई पाम तेल बोर्ड ने प्रजनन कार्यक्रमों के माध्यम से नई उच्च उपज वाली किस्में विकसित की हैं, जिनसे प्रति हेक्टेयर सालाना 30 टन से अधिक ताजे फलों के गुच्छों का उत्पादन हो सकता है, जो वित्त वर्ष 2020-2023 के बीच दर्ज मलेशिया के राष्ट्रीय औसत 15.47-16.73 टन से लगभग दोगुना है।

### जीवनकाल 30 वर्ष से अधिक होता है

उन्नत किस्मों की ऊंचाई वृद्धि भी धीमी होती है, जिससे आर्थिक जीवनकाल 25 वर्ष से बढ़कर 30 वर्ष से अधिक हो जाता है और कटाई कार्य भी आसान हो जाता है। कादिर ने कहा कि वर्तमान मलेशियाई व्यावसायिक बीज, उचित कृषि पद्धतियों और पर्याप्त सिंचाई के साथ भारत में खेती के लिए उपयुक्त हैं।

### मलेशिया तकनीकी विशेषज्ञता प्रदान करता है

कादिर ने बताया कि हालांकि, यह बीज व्यापार काफी हद तक अनौपचारिक बना हुआ है, जिसमें आपूर्ति औपचारिक अनुबंधों या दीर्घकालिक समझौतों के बिना एकमुश्त खेपों के माध्यम से तदर्थ आधार पर की जाती है। अधिकांश लेन-देन व्यापार-से-व्यापार व्यवस्था के माध्यम से होते हैं जहां मलेशियाई निर्यातक गुणवत्तापूर्ण रोपण सामग्री और तकनीकी विशेषज्ञता प्रदान करते हैं। कादिर ने कहा, ''मलेशिया इसका स्वागत करता है क्योंकि यह हमारे बीजों की गुणवत्ता और भारत के साथ हमारी दीर्घकालिक साझेदारी में भरोसे को दर्शाता है।'' यह स्थिति ऐसे समय बनी है जब भारत द्वारा हाल ही में कच्चे पाम तेल पर शुल्क में कटौती के बाद भारत को मलेशिया के पाम तेल निर्यात में कमी आई है।

## खबर संक्षेप

### आईडीबीआई बैंक का मुनाफा 17% बढ़कर 2,007 करोड़

**नई दिल्ली।** आईडीबीआई बैंक का चालू वित्त वर्ष (2025-26) की पहली तिमाही में शुद्ध लाभ 17 प्रतिशत बढ़कर 2,007 करोड़ रुपये रहा है। एलआईसी के नियंत्रण वाले इस बैंक का गत वित्त वर्ष 2024-25 की पहली (अप्रैल-जून) तिमाही में शुद्ध लाभ 1,719 करोड़ रुपये रहा था। आईडीबीआई बैंक ने शेयर बाजार को दी सूचना में बताया कि 2025-26 की अप्रैल-जून तिमाही में उसकी कुल आय बढ़कर 8,458 करोड़ रुपये हो गई, जो एक साल पहले इसी अवधि में 7,471 करोड़ रुपये थी। बैंक द्वारा अर्जित ब्याज सालाना आधार पर 6,666 करोड़ रुपये से बढ़कर 7,021 करोड़ रुपये हो गया।

### रुपया 14 पैसे टूटकर 86.30 प्रति अमेरिकी डॉलर पर

**मुंबई।** अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में रुपया सोमवार को 14 पैसे टूटकर 86.30 (अस्थायी) प्रति डॉलर पर बंद हुआ। तेल आयातकों की ओर से डॉलर की लगातार बढ़ती मांग का दबाव घरेलू मुद्रा पर पड़ा। विदेशी मुद्रा कारोबारियों ने बताया कि रुपये के 86 के स्तर तक कमजोर होने के बाद आज के सत्र में भी इसमें गिरावट जारी रही। रुपया नकारात्मक रुख के साथ अमेरिकी डॉलर के मुकाबले 86.27 पर खुला। इसने दिन में 86.19 से 86.36 प्रति डॉलर के बीच कारोबार किया।
अंत में यह 86.30 प्रति डॉलर पर बंद हुआ जो पिछले बंद भाव से 14 पैसे की गिरावट है। रुपया शुक्रवार को अमेरिकी डॉलर के मुकाबले 86.16 पर बंद हुआ था।

### ब्रिगेड होटल वेंचर्स का आईपीओ 24 जुलाई को खुलेगा

**नई दिल्ली।** दक्षिण भारत में होटलों के डेवलपर ब्रिगेड होटल वेंचर्स लिमिटेड ने अपने 749.6 करोड़ रुपये के आगामी आरंभिक सार्वजनिक निर्गम (आईपीओ) के लिए 85-90 रुपये प्रति शेयर का मूल्य दायरा तय किया है। कंपनी ने सोमवार को बयान में कहा कि आईपीओ 24 जुलाई को खुलेगा और 28 जुलाई को संपन्न होगा। बड़े (एंकर) निवेशक 23 जुलाई को बोली लगा पाएंगे। ब्रिगेड होटल वेंचर्स का आईपीओ पूर्णतः नए शेयर की बिक्री पर आधारित है जिसमें जिसमें कोई बिक्री पेशकश (ओएफएस) घटक शामिल नहीं है। जेएम फाइनेंशियल और आईसीआईसीआई सिक्योरिटीज इस आगामी आईपीओ के प्रबंधक हैं। कंपनी के शेयर 31 जुलाई को शेयर बाजारों में सूचीबद्ध हो सकते हैं। ब्रिगेड होटल वेंचर्स ने इस महीने की शुरुआत में 360 वन अल्टरनेट्स एसेट मैनेजमेंट को शेयर बेचकर 126 करोड़ रुपये जुटाए थे।

# निवेश बढ़ाने के लिए रेपो दर में कटौती कोई 'जादू की गोली' नहीं

## आरबीआई के पूर्व गवर्नर राजन ने दिया तर्क

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

भारतीय रिजर्व बैंक के पूर्व गवर्नर रघुराम राजन ने कहा है कि हाल के दिनों में केंद्रीय बैंक द्वारा रेपो दरों में की गई कटौती कोई 'जादुई की गोली' नहीं है जो एकदम से निवेश को बढ़ावा दे। अर्थव्यवस्था को बढ़ावा देने में कई अन्य कारक भी भूमिका निभाते हैं। राजन ने कहा कि इस समय ब्याज दर बहुत ज्यादा नहीं हैं और आरबीआई की कटौती का असर दिखने में समय लगेगा।राजन ने बातचीत में कहा, ''... पहले उच्च ब्याज दर को लेकर एक तर्क था, लेकिन मुझे नहीं लगता कि अब यह तर्क बना रह सकता है।''
राजन ने कहा, ''मुझे नहीं लगता कि आरबीआई द्वारा नीतिगत दर में कटौती निवेश को बढ़ावा देने के लिए कोई जादुई गोली साबित होगी।



### अब उच्च मध्यम वर्ग खर्च नहीं कर रहा

पूर्व गवर्नर ने कहा, ''वे (भारतीय उद्योग) बहुत ज्यादा सतर्क हो गए हैं और वे यह नहीं कह सकते कि घरेलू अर्थव्यवस्था की ऐसी हालत है। पहले वे कहते थे कि निम्न मध्यम वर्ग खर्च नहीं कर रहा है, ग्रामीण क्षेत्र खर्च नहीं कर रहा है।'' शिकॉगो बूथ (शिकॉगो विश्विद्यालय) में वित्त के प्रोफेसर ने कहा, ''बात अब पलट गई है। उच्च मध्यम वर्ग ही खर्च नहीं कर रहा है।''

### इटर्नल का एकीकृत मुनाफा घटकर 25 करोड़ रुपए पर

**नई दिल्ली।** होटल से ऑनलाइन खाना मंगाने तथा फटाफट सामान पहुंचाने की सुविधा देने वाली इटर्नल का एकीकृत शुद्ध लाभ चालू वित्त वर्ष की पहली तिमाही में घटकर 25 करोड़ रुपये रहा है। मुख्य रूप से खर्च बढ़ने के कारण कंपनी का मुनाफा घटा है। कंपनी जोमैटो और ब्लिंकिट ब्रांड का संचालन करती है। इटर्नल को इससे पिछले वित्त वर्ष 2023-24 की इसी तिमाही में 253 करोड़ रुपये का शुद्ध लाभ हुआ था। कंपनी ने सोमवार को शेयर बाजार को दी सूचना में कहा कि आलोच्य तिमाही के दौरान, इटर्नल की परिचालन आय बढ़कर 7,167 करोड़ रुपये रही जो एक साल पहले इसी तिमाही में 4,206 करोड़ रुपये थी।


## कार्यालय कलेक्टर (खनिज शाखा) जिला - जबलपुर (म.प्र.)
E-mail- modgmjab@mp.gov.in

क्रमांक / 698/ खनिज / 2025 — दिनांक 18/07/2025

**म.प्र. गौण खनिज नियम 1996 के नियम 18 ( 1 - क) के अंतर्गत उत्खनिपट्टा प्राप्त करनें के लिए**

**द्वितीय सूचना**

यह सूचित किया जाता है कि, आवेदक पवन पुत्र ट्रेडर्स प्रो - अभिलाष उदेनिया पति श्री पारीजात उदेनिया निवासी - 1354, गढ़ा रोड़, डॉ. रोमा चटर्जी के पास, जय नगर, विवेकानंद वार्ड, जबलपुर (म.प्र.) द्वारा उत्खनिपट्टा प्राप्त करने हेतु निम्न क्षेत्र पर ऑनलाईन आवेदन पत्र दिनांक 05/12/2024 को प्रस्तुत किया गया था। आवेदित क्षेत्र में नियमानुसार अन्य आवेदन पत्र प्रस्तुत करने हेतु दिनांक 18/12/2024 तक प्रथम सूचना पत्र जारी किया गया था, परंतु अन्य कोई आवेदन पत्र प्राप्त न होने पर इस क्षेत्र पर पुनः प्रकाशन दिनांक से 15 दिवस तक उत्खनिपट्टा आवेदन पत्र ऑनलाईन आमंत्रित किये जाते है। आवेदन पत्र ई - खनिज पोर्टल https://ekhanij.mp.gov.in. पर प्रस्तुत किये जायेंगे।

**आवेदन का संक्षिप्त विवरण**

| जिला | तहसील | ग्राम | खसरा नं. | रकबा हेक्टर में | भूमि का प्रकार शासकीय / निजी | खनिज का नाम | रिमॉर्क |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| जबलपुर | सिहोरा | रामपुरनकटिया | 121 | 2.00 | शासकीय भूमि | मुरूम | |
| | | | कुल रकबा | 2.00 | | | |

1. उपरोक्त प्रस्तुत ऑनलाईन आवेदन पत्र में आवेदित क्षेत्र के संबंध में अन्य इच्छुक आवेदकों से विज्ञप्ति प्रकाशित होने की तारीख से आवेदन प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि (एक माह ) कार्यालयीन समय सायं 5.30 बजे तक ऑनलाईन आवेदन पत्र आमंत्रित किये जाते है । 2. यदि प्रकाशित विज्ञप्ति के उपरान्त आवेदन प्राप्त होने की अंतिम तिथि तक 03 अथवा उससे अधिक अन्य आवेदकों के आवेदन पत्र प्राप्त होते हैं, तो प्रथम आवेदन पत्र एवं प्राप्त सभी आवेदन पत्रों को म.प्र. गौण खनिज नियम 1996 के नियम 21 के तहत अधिमान्यता तय करने के आषय से उसी दिन प्राप्त किया गया समझा जाएगा। 3. यदि प्रकाशित विज्ञप्ति में उल्लेखित आवेदन प्राप्त करने की अंतिम तिथि तक 03 से कम आवेदन पत्र प्राप्त होते हैं तो पुन: 15 दिवस की अवधि आवेदन प्राप्त करने हेतु निर्धारित कर विज्ञप्ति प्रकाशित की जाएगी। विज्ञप्ति प्रकाशन के दिनांक से 15 दिवस के भीतर अन्य आवेदक भी उपरोक्त आवेदित क्षेत्र पर आवेदन पत्र प्रस्तुत कर सकेंगे। उपरोक्त अवधि में प्राप्त आवेदन पत्र तथा पूर्व प्रकाशित विज्ञप्ति की अवधि के दौरान प्राप्त सभी आवेदन पत्रों को म.प्र. गौण खनिज नियम 1996 के नियम 21 के तहत अधिमान्यता तय करने के आशय से उसी दिन प्राप्त किया गया समझा जाएगा । 4. यदि प्रथम एवं द्वितीय प्रकाशित विज्ञप्ति के उपरान्त भी निर्धारित समयावधि में अन्य कोई आवेदन पत्र प्राप्त नहीं होता है तो प्रथम आवेदक के पक्ष में नियमानुसार खनि रियायत स्वीकृति पर विचार किया जा सकेगा। 5. निर्धारित समयावधि के उपरान्त प्राप्त आवेदन पत्रों को विचार में नहीं लिया जायेगा ।

खनि अधिकारी
जिला - जबलपुर, (म.प्र.)

G-15999/25 — दुर्घटना से दूरी है तो हेलमेट सबसे जरूरी है।



## दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे
### ई-निविदा सूचना
**नागपुर मंडल में विभिन्न एस एंड टी कार्यों के लिए**

वरिष्ठ मंडल सिग्नल व दूरसंचार अभियंता, दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे, नागपुर द्वारा भारत के राष्ट्रपति के लिए एवं उन की ओर से निम्नलिखित कार्यों के निष्पादन हेतु ई-निविदा आमंत्रित की जाती है:

**निविदा सूचना क्रमांक:** STTender2EI-M-ROB-25

**कार्य का नाम:** **(1)** DKU यार्ड में लाइन संख्या 2 (WCL साइडिंग) के पूर्ण ट्रैक नवीनीकरण के संबंध में सिग्नलिंग कार्य।
**(2)** ROB के निर्माण के कारण समपार क्र. 548 को हटाने के संबंध में रेवराल यार्ड के इलेक्ट्रॉनिक इंटरलॉकिंग (MLK-II EI) में परिवर्तन / संशोधन।
**(3)** समपार क्र. 520 और 521 को बंद करने के संबंध में इलेक्ट्रॉनिक इंटरलॉकिंग (MLK-II EI) और अन्य विविध सिग्नलिंग कार्य में परिवर्तन / संशोधन।
**(4)** NGP-DUG सेक्शन के A मार्ग पर समपार क्र. 544 के करीब होने के संबंध में इलेक्ट्रॉनिक इंटरलॉकिंग (MLK-II EI) और अन्य विविध सिग्नलिंग कार्य में परिवर्तन / संशोधन।

**निविदा मूल्य:** ₹ 1,61,85,015/-
**बिड सिक्युरिटी:** ₹ 2,30,900/-
**समापन अवधि:** 12 (बारह) महीने।
**निविदा प्रस्तुति:** बोलीदाता अपनी मूल/संशोधित बोलियां दिनांक **08.08.2025** के **15:00** बजे तक जमा कर सकेंगे। अन्य विवरण वेबसाइट **www.ireps.gov.in** पर उपलब्ध है।

मंडल सिग्नल व दूरसंचार अभियंता,
MS/16-75 दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे, नागपुर

स्वच्छ भारत अभियान
एक कदम स्वच्छता की ओर



## कार्यालय, अध्यक्ष, काउंसलिंग समिति संचालनालय तकनीकी शिक्षा, मध्यप्रदेश
टैगोर छात्रावास क्रमांक-T2, प्रथम तल, श्यामला हिल्स, दूरदर्शन रोड, भोपाल-462002

**एआईसीटीई, वर्किंग प्रोफेशनल्स (working Professionals) स्कीम के अंतर्गत डिप्लोमा पाठ्यक्रमों के (द्वितीय वर्ष (तृतीय सेमेस्टर) में बी.ई./बी.टेक. पाठ्यक्रमों के द्वितीय वर्ष (तृतीय सेमेस्टर) में एम.ई./एम.टेक.पाठ्यक्रमों के प्रथम वर्ष में प्रवेश हेतु**

**ऑनलाइन काउंसलिंग समय सारणी, सत्र 2025-26 (C-17)**

(मध्यप्रदेश में स्थित शासकीय/स्वशासी/अनुदान प्राप्त/स्ववित्तीय/निजी संस्थान)

| संस्था स्तर की काउंसलिंग (CLC) | |
|---|---|
| ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन | दिनांक/समय |
| 01.08.2025 से 07.08.2025 रात्रि 11:45 बजे तक | 08.08.2025 प्रात: 10:30 बजे से |
| उपरोक्त काउंसलिंग उपरान्त रिक्त रह गई सीटों के लिये | |
| 09.08.2025 से 14.08.2025 रात्रि 11:45 बजे तक | 14.08.2025 प्रात: 10:30 बजे से |

- प्रवेश नियम, विस्तृत समय-सारणी, अभ्यर्थी के लिये महत्वपूर्ण निर्देश, अधिकृत सहायता केन्द्रों की सूची आदि वेबसाइट **dte.mponline.gov.in** पर उपलब्ध है। काउंसलिंग में सम्मिलित होने के पूर्व इनका सूक्ष्मता से अध्ययन कर लें।
- संस्था स्तर की काउंसलिंग में **इच्छुक संस्था में प्रवेश का अवसर प्राप्त करने के लिये** निर्धारित तिथि पर संस्था में **प्रातः 10:30 से दोपहर 1:00 बजे तक** उपस्थित हुए अभ्यर्थियों की मेरिट तैयार कर, तदुपरान्त मेरिट के अनुसार प्रवेश दिये जायेंगे।
- एम.ई./एम.टेक. पाठ्यक्रमों में **Valid GATE Score** के आधार पर आवंटन पश्चात्, रिक्त स्थानों पर अर्हकारी परीक्षा में प्राप्तांकों के आधार पर प्रवेश दिये जायेंगे।

**प्रवेश निरस्त**
- संस्था स्तर की काउंसलिंग (CLC) में, प्रवेश का अवसर प्राप्त करने की दिनांक को, प्रवेश निरस्तीकरण की सुविधा उपलब्ध नहीं रहेगी

**संपर्क : 0755-6720205, 2660441, ई-मेल : dte.helpcenter@mp.gov.in**

(डॉ. वाय.एस. ठाकुर)
अतिरिक्त संचालक
म.प्र. माध्यम/121197/2025 — तकनीकी शिक्षा, मध्यप्रदेश



## कार्यालय अध्यक्ष काउंसलिंग समिति एवं आयुक्त तकनीकी शिक्षा, मध्यप्रदेश
टैगोर छात्रावास क्रमांक-T2, प्रथम तल, श्यामला हिल्स, दूरदर्शन रोड, भोपाल-462002

**ऑनलाइन काउंसलिंग समय सारणी, सत्र 2025-26 (C-17)**

**बैचलर ऑफ आर्किटेक्चर (B. Arch.) पाठ्यक्रम में प्रथम वर्ष में प्रवेश हेतु**
**(मध्यप्रदेश में स्थित अनुदान प्राप्त/स्ववित्तीय/निजी संस्थान में)**

| प्रथम चरण | |
|---|---|
| गतिविधियां | दिनांक/समय |
| ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन/रजिस्ट्रेशन निरस्त | 22.07.2025 से 28.07.2025 रात्रि 11:45 बजे तक |
| रजिस्ट्रेशन में सुधार (Edit Registration) (सत्यापित उम्मीदवारों के लिये रजिस्ट्रेशन में सुधार की सुविधा, रजिस्ट्रेशन की अंतिम तिथि के पश्चात केवल एक बार उपलब्ध रहेगी) | 29.07.2025 से 30.07.2025 रात्रि 11:45 बजे तक |
| संस्थाओं के प्राथमिकताक्रम का ऑनलाइन चयन कर लॉक करना (प्राथमिकताक्रम (Choice filling) में परिवर्तन की सुविधा अंतिम दो दिन उपलब्ध रहेगी) | 22.07.2025 से 01.08.2025 रात्रि 11:45 बजे तक |
| कॉमन मेरिट सूची की उपलब्धता | 02.08.2025 |
| आवंटन पत्रों की ऑनलाइन उपलब्धता/आवंटित संस्था में उपस्थिति (आवंटित संस्था में मूल दस्तावेजों का सत्यापन एवं प्रवेश) | 06.08.2025 से 10.08.2025 सायं 5:00 बजे तक |
| संस्था स्तर की कांउसलिंग (CLC) (काउंसलिंग के केन्द्रीयकृत चरण उपरान्त रिक्त रह गई सीटों के लिये) | |
| ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन | प्रवेश के अवसर का दिनांक/समय |
| 11.08.2025 से 12.08.2025 रात्रि 11:45 बजे तक | 13.08.2025 प्रात: 10:30 बजे से |
| उपरोक्त काउंसलिंग उपरान्त रिक्त रह गई सीटों के लिये | |
| 14.08.2025 से 14.08.2025 रात्रि 11:45 बजे तक | 14.08.2025 प्रात: 10:30 बजे से रात्रि 11:45 बजे तक |

- प्रवेश नियम, विस्तृत समय-सारणी, अभ्यर्थी के लिये महत्वपूर्ण निर्देश, अधिकृत सहायता केन्द्रों की सूची आदि वेबसाइट **dte.mponline.gov.in** पर उपलब्ध है। काउंसलिंग में सम्मिलित होने के पूर्व इनका सूक्ष्मता से अध्ययन कर लें।
- बी. आर्किटेक्चर पाठ्यक्रम में प्रवेश, COA द्वारा आयोजित NATA-2025/National Testing Agency (NTA) द्वारा आयोजित JeeMain-2025 (Paper-2) परीक्षा के प्राप्तांकों का 50 प्रतिशत तथा अर्हकारी परीक्षा के प्राप्तांकों के 50 प्रतिशत को जोड़कर तैयार की गई मेरिट के आधार पर प्रवेश किये जायेंगे।
- प्रवेश परीक्षा नाटा (NATA) उत्तीर्ण (Qualified) अभ्यर्थी उपलब्ध न होने पर National Testing Agency (NTA) द्वारा आयोजित Jee-Main-2025 पेपर-2 (Aptitude Test in Architecture) के (Qualified) अभ्यर्थियों को मान्य किया जायेगा।
- संस्था स्तर की काउंसलिंग में इच्छुक संस्था में प्रवेश का अवसर प्राप्त करने के लिये निर्धारित तिथि पर संस्था में प्रातः 10:30 से दोपहर 1:00 बजे तक उपस्थित हुए अभ्यर्थियों की मेरिट तैयार कर, तदुपरान्त मेरिट के अनुसार प्रवेश किये जायेंगे।

**प्रवेश निरस्त**
- ➢ काउंसलिंग के किसी भी चरण में प्राथमिकताक्रम का ऑनलाइन चयन कर लॉक करने की अंतिम दिनांक/समय से आवंटन जारी होने तक तथा संस्था स्तर की काउंसलिंग (CLC) में, प्रवेश का अवसर प्राप्त करने की दिनांक को, प्रवेश निरस्तीकरण की सुविधा उपलब्ध नहीं रहेगी।
- **संपर्क : 0755-6720205, 2660441, ईमेल : dte.helpcenter@mp.gov.in**

अतिरिक्त संचालक
म.प्र. माध्यम/121185/2025 — तकनीकी शिक्षा, मध्यप्रदेश



## कार्यालय पुलिस अधीक्षक जिला - नरसिंहपुर

क्रमांक-पुअ/नरपुर/रनि/स्टोर/1167/2025 — **खुली निविदा विज्ञापन** — दिनांक-15/07/2025 (अंतिम तिथि- 15/08/2025)

जिला इकाई नरसिंहपुर मे वर्ष 1962 के 02 नग एन जी ओ आवासो की नीलामी हेतु बोली लगाई जाकर ध्वस्तिकरण किया जाना है-

| क्रमांक | आवास क्रमांक | स्थान | रिमार्क |
|---|---|---|---|
| 1. | कंडम एनजीओ आवास क्रं. 01 | रक्षित केन्द्र, नरसिंहपुर | |
| 2. | कंडम एनजीओ आवास क्रं. 02 | रक्षित केन्द्र, नरसिंहपुर | |

उक्त तालिका में उल्लेखित आवासों का ध्वस्तिकरण बोली लगाकर किया जायेगा इच्छुक व्यक्ति या फर्म निम्नलिखित शर्तो के आधार पर बोली हेतु शामिल हो सकता है।
(1) आवास ध्वस्तिकरण हेतु इच्छुक फर्म या उम्मीदवार निविदा जारी दिनांक से 15 दिवस के अंदर रक्षित केन्द्र नरसिंहपुर मे 5000/- रुपये का डिमांड ड्राफ्ट पुलिस अधीक्षक नरसिंहपुर के नाम से जमा कर नीलामी (बोली) मे शामिल हो सकता है। (2) डिमांड ड्राफ्ट पुलिस अधीक्षक, नरसिंहपुर के नाम से स्वीकार होगा। (3) इच्छुक फर्म या उम्मीदवार नीलामी से पूर्व रक्षित केन्द्र परिसर मे निर्मित आवासो जिनका नीलामी उपरांत ध्वस्तिकरण किया जाना है, का भौतिक रुप से निरीक्षण कर सकता है। (4) जारी की गई निविदा " "जहाँ है, जैसी है व जिस हालत मे है" के आधार पर जारी की गई है। (5) कण्डम आवासो के ध्वस्तिकरण मे उच्चतम बोली लगाये जाने वाले को बोली की राशि तत्काल जमा करना होगा। (6) जिस भी फर्म या उम्मीदवार की बोली को कमेटी द्वारा मान्य किया जाएगा उसे आवासो के ध्वस्तिकरण हेतु कायार्देश प्राप्त होने के उपरांत 30 दिवस के अंदर कार्य को पूर्ण करना होगा । (7) चयनित फर्म या उम्मीदवार द्वारा गिरे हुये मलबे, पुरानी लकडिया एवं अन्य सामानो को पूर्ण रुप से हटा कर साफ करना होगा। (8) चुने गये फर्म या उम्मीदवार को आवासो के ध्वस्तिकरण में सम्पूर्ण संसाधन जिसमे मशीन, वाहन, मजदूर व अन्य चीजो की व्यवस्था स्वयं करना होगा। (9) ध्वस्तिकरण के दौरान किसी भी प्रकार की टूट-फूट की जिम्मेदारी संबंधित फर्म या उम्मीदवार की होगी। (10) ध्वस्तिकरण के दौरान समस्त प्रकार के टैक्स, भाडा आदि को वहन करने की जिम्मेदारी फर्म या उम्मीदवार की होगी। (11) कण्डम आवासो की नीलामी दिनांक नीलामी दिनांक-19.08.2025 को निर्धारित किया गया है एवं अन्य किसी भी प्रकार की जानकारी हेतु रक्षित केन्द्र नरसिंहपुर मे संपर्क किया जा सकता है। (12) किसी भी प्रकार के वाद विवाद की स्थिति मे पुलिस अधीक्षक नरसिंहपुर का निर्णय अंतिम एवं सर्वमान्य होगा ।

पुलिस अधीक्षक
नरसिंहपुर

G-15982/25 — "स्वभाव स्वच्छता, संस्कार स्वच्छता"



## एलआईसी हाऊसिंग फायनेंस लि.
LIC HFL — LIC HOUSING FINANCE LTD

एरिया ऑफिस :–18, सिविक सेंटर, खंडेलवाल कॉम्प्लेक्स, प्रभु वंदना टॉकीज के सामने, मराठाल, जबलपुर – 482001 (म.प्र.) फोन नं. 0761–2401338, Website: www.lichousing.com

### परिशिष्ट–IV नियम 8(1) आधिपत्य सूचना (अचल संपत्ति के लिए)

अधोहस्ताक्षरकर्ता एलआईसी हाऊसिंग फायनेंस लि. का प्राधिकृत अधिकारी होते हुए वित्तीय अस्तियों का प्रतिभूतिकरण एवं पुनर्गठन और प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम 2002 की धारा 13(2) प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियम के साथ प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुये निम्नलिखित ऋणधारियों को ब्याज राशि सहित नोटिस प्राप्ति के दिनांक से 60 दिन की समयावधि में भुगतान करने हेतु निर्देशित किया गया था। ऋणीग्रहिता राशि का भुगतान करने में असफल रहा है अत: ऋण ग्रहिता और सर्वसाधारण को एतद् द्वारा सूचना पत्र दिया जाता है कि अधोहस्ताक्षरकर्ता ने उक्त अधिनियम की धारा 13(4) सपठित उक्त नियम (8) के साथ पढ़ा जाये एतरिमन नीचे वर्णित संपत्ति का आधिपत्य को ग्रहण कर लिया गया है। ऋणगहिता को विशिष्टतया और सर्वसाधारण को सामान्यत: एतद् द्वारा निम्नवर्णित संपत्ति के साथ कोई व्यवहार नहीं करने की चेतावनी दी जाती है और संपत्ति के साथ कोई व्यवहार निम्न खाते के सामने वर्णित राशि एवं उस पर ब्याज के लिये निम्न खाते के सामने अंकित एलआईसी हाऊसिंग फायनेंस लि. प्रभार के अधीन होगा।

| क्रं. | ऋण खाता संख्या | खातेदार का नाम एवं पता | संपत्ति विवरण | मांग सूचना तिथि / कब्जा सूचना | उल्लेखित राशि ₹ मांग सूचना पत्र |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | 120500017592 | श्री सद्दाम हुसैन पता खसरा नंबर 130/1/1 का हिस्सा, मौजा अमखेरा, एनबी 04, पटवारी हल्का नंबर 24/22 पुराना, नया पटवारी हल्का नंबर 80, डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम, वार्ड नंबर 74, पुराना आरएनएम महाराजपुर, नया आरएनएम माढ़ोताल, पुरानी तहसील पनागर, नई तहसील अधारताल, जिला जबलपुर, म.प्र.482002 | खसरा नंबर 130/1/1 का हिस्सा, मौजा अमखेरा, एनबी 04, पटवारी हल्का नंबर 24/22 पुराना, नया पटवारी हल्का नंबर 80, डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम, वार्ड नंबर 74, पुराना आरएनएम महाराजपुर, नया आरएनएम माढ़ोताल, पुरानी तहसील पनागर, नई तहसील अधारताल, जिला जबलपुर, म.प्र.482002 क्षेत्रफल 540 वर्ग फीट। भौतिक | 25.01.2023 / 21.07.2025 | 21,27,148.89 + ब्याज व अन्य खर्चे |

ऋणी एवं जमानतदारों को सूचित (**Notice**) किया जाता है। कि इस नोटिस के छपने की तारीख के 30 दिनों के अंदर, वे उपरोक्त राशि एवं उस पर देय ब्याज एवं खर्चो का भुगतान कर देवें अन्यथा उक्त वर्णित संपत्ति की नीलामी कर दी जावेगी तथा उसके बाद ऋण एवं ब्याज की वसूली खर्चे सहित ऋणी एवं जमानतदार से की जावेगी।

दिनांक : 22.07.2025
स्थान : जबलपुर

आज्ञा से
प्राधिकृत अधिकारी
एलआईसी हाऊसिंग फायनेंस लि.

## चिंतन

# मुंबई ट्रेन धमाके के पीड़ितों को 'इंसाफ' अब भी बाकी

मुंबई ट्रेन धमाके के सभी आरोपी बरी हो गए। ट्रायल कोर्ट ने फांसी और उम्रकैद की सजा सुनाई थी, लेकिन बंबई उच्च न्यायलय ने ट्रायल कोर्ट के फैसले को पलटते हुए सभी 12 आरोपियों को यह कहते हुए बरी कर दिया कि अभियोजन पक्ष उनके खिलाफ मामला साबित करने में पूरी तरह विफल रहा है तथा यह विश्वास करना कठिन है कि आरोपियों ने यह अपराध किया है। यह फैसला शहर के पश्चिमी रेलवे नेटवर्क को हिला देने वाले आतंकवादी हमले के 19 साल बाद आया है। अदालत का यह फैसला महाराष्ट्र आतंकवाद निरोधक दस्ते (एटीएस) के लिए अत्यंत शर्मिंदगी की बात है, जिसने इस मामले की जांच की थी। एजेंसी ने दावा किया था कि आरोपी प्रतिबंधित संगठन 'स्टूडेंट्स इस्लामिक मूवमेंट ऑफ इंडिया' (सिमी) के सदस्य थे और उन्होंने आतंकवादी समूह लश्कर-ए-तैयबा (एलईटी) के पाकिस्तानी सदस्यों के साथ मिलकर यह साजिश रची थी। इस केस में एक आरोपी 2015 में ही सबूतों के अभाव में बरी हो गया था। 11 जुलाई 2006 को मुंबई में कई ट्रेन में आतंकियों सिलसिलेबार सात बम धमाके किए थे। इस हमले में 180 से अधिक लोगों की जान चली गई थी और कई अन्य लोग घायल हुए थे। बंबई उच्च न्यायालय ने आरोपियों के सभी इकबालिया बयानों को 'नकल' करने का संकेत देते हुए अस्वीकार्य घोषित कर दिया। अदालत ने इकबालिया बयान की विश्वसनीयता को और अधिक कम करते हुए कहा कि अभियुक्तों ने सफलतापूर्वक यह स्थापित कर दिया है कि इन इकबालिया बयानों के लिए उन पर अत्याचार किया गया था। अदालत ने यह भी कहा कि महाराष्ट्र संगठित अपराध नियंत्रण सिंडिकेट (मकोका) के प्रावधान इस मामले में लागू नहीं होंगे और इसके लिए मंजूरी 'बिना सोचे-समझे यांत्रिक तरीके से' दी गई थी। न्यायमूर्ति अनिल किलोर और न्यायमूर्ति श्याम चांडक की विशेष पीठ ने कहा कि अभियोजन पक्ष अपराध में प्रयुक्त बमों के प्रकार को रिकार्ड में लाने में भी असफल रहा है तथा जिन साक्ष्यों पर उसने भरोसा किया वे आरोपियों को दोषी ठहराने में विफल रहे हैं। हाईकोर्ट का यह फैसला बताता है कि महाराष्ट्र एटीएस ट्रायल कोर्ट के फैसले के बाद सोता रहा और सबूतों को पुख्ता करने पर ध्यान नहीं दिया। उच्च न्यायालय ने 671 पन्नों के अपने निर्णय में साफ कहा है कि 'किसी अपराध के वास्तविक अपराधी को सजा देना, आपराधिक गतिविधियों पर अंकुश, कानून के राज को बनाए रखने और नागरिकों की सुरक्षा व संरक्षा सुनिश्चित करने की दिशा में आवश्यक कदम है। लेकिन किसी मामले को हल करने का झूठा दिखावा करना, यह दिखाना कि आरोपियों को न्याय के कठघरे में लाया गया है, केवल एक भ्रमपूर्ण समाधान की भावना पैदा करता है।' ऐसा भ्रामक निष्कर्ष न केवल जनता के विश्वास को कमजोर करता है, बल्कि समाज को झूठी तसल्ली देता है, जबकि असली खतरा अब भी आज़ाद घूम रहा होता है। यक्ष प्रश्न अब भी वहीं है कि आखिर मुंबई ट्रेन धमाके के असली गुनहगार कौन हैं? सैकड़ों पीड़ितों को इंसाफ कब मिलेगा? सच तो यही है कि धमाके किए गए थे, तो इस अपराध को किसी ने अंजाम दिया होगा, जिनको एटीएस ने पकड़ा, ट्रायल कोर्ट ने सजा दी, वे अगर हाई कोर्ट में बरी हो गए तो फिर असल अपराधी कहां हैं? क्या आतंकवादी घटना की जांच एटीएस इस लापरवाही से करेगी? महाराष्ट्र सरकार ने बेशक कहा है कि वह इस फैसले का अध्ययन कर आगे की कार्यवाही करेगी, लेकिन हाईकोर्ट के फैसले महाराष्ट्र एटीएस की पूरी जांच प्रक्रिया को कटघरे में खड़ा कर दिया है।

## उम्मीद
अरविंद जयतिलक



# धन-धान्य योजना से संवरेगी कृषि

केंद्र सरकार की पीएम धन-धान्य योजना का शुभारंभ कृषि को लाभकारी और किसानों की आर्थिक सेहत सुधारने की दिशा में एक क्रांतिकारी कदम है। छह साल तक चलने वाली इस योजना के लिए प्रति वर्ष 24000 करोड़ रुपये की धनराशि आवंटित कर दी गई है जिसके तहत देश के सर्वाधिक पिछड़े 100 जिलों के 1.70 करोड़ से अधिक किसान लाभान्वित होंगे। अच्छी बात यह है कि इसमें 36 मौजूदा योजनाओं को भी जोड़ा जाएगा जिससे कृषि क्षेत्र में आमूलचूल सुधार की संभावना प्रबल होगी। इस योजना का उद्देश्य कृषि उत्पादकता बढ़ाने, फसल विविधीकरण और टिकाऊ कृषि पद्धतियों को अपनाने, पंचायत और खंड स्तर पर फसलों की कटाई के बाद भंडारण क्षमता में वृद्धि, सिंचाई सुविधाओं में सुधार, लचीली ग्रामीण आजीविका का निर्माण के अलावा लॉन्ग एवं शॉर्ट टर्म लोन उपलब्ध कराना है। निःसंदेह इस पहल से छोटे व सीमांत किसानों की आय बढ़ेगी तथा कृषि को भी आधुनिक तकनीकी से जोड़ने में मदद मिलेगी। यह तथ्य है कि कृषि विकास औद्योगिक विकास की तुलना में दोगुनी तेजी से गरीबी को कम करता है। साथ ही विकास को भी रफ्तार देता है। उदाहरण के लिए कृषि उत्पादन में एक प्रतिशत की वृद्धि औद्योगिक उत्पादन में 0.5 प्रतिशत और राष्ट्रीय आय में 0.7 प्रतिशत की वृद्धि करती है। इसे ध्यान में रखते हुए ही सरकार ने न्यूनतम समर्थन मूल्य की गणना करते समय ए2$ एफएल फॉर्मूला को अपनाया था। तब सरकार ने कृषि उत्पादन के नकद व अन्य सभी खर्चों समेत किसान परिवार के श्रम के मूल्य को भी जोड़ दिया। नतीजा सामने है। किसानों की आय में तेजी से वृद्धि हो रही है। वर्ष 2014 तक जो कृषि बजट 25000 करोड़ से भी कम हुआ करता था, वह आज बढ़कर 1.37 लाख करोड़ तक पहुंच गया है। वर्ष 2014 से पहले जो कृषि क्षेत्र संकटग्रस्त और घाटे का सौदा हुआ करता था वह आज मुनाफे के सौदे में तब्दील हो रहा है। सरकार कृषि बाजार को मजबूती देने के लिए कृषि बजट में लगातार वृद्धि कर रही है। उसी का नतीजा है कि फसलों का रिकार्ड उत्पादन और निर्यात हो रहा है। भारत का कृषि निर्यात 50 बिलियन डॉलर की ऐतिहासिक ऊंचाई छू चुका है। सरकार की कोशिश डिजिटल तकनीक के जरिये कृषि को बढ़ावा देकर किसानों की माली मालत में बेहतर बदलाव लाना है। इसके लिए सरकार डिजिटल पब्लिक इंफ्रास्ट्रक्चर को तैयार कर रही है। इसके माध्यम से किसानों को फसलों के बारे में जानकारी देने, कौन-सी फसलें उगाई जाएं, फसलों की देखभाल कैसे हो, लोन एवं बीमा, फसल आकलन, बाजार की जानकारी और कृषि तकनीक उद्योग के विकास को समर्थन और स्टार्ट-अप्स को मदद के माध्यम से एक समावेशी विकास केंद्रित समाधान संभव हो पाना आसान होगा। सरकार ने इस योजना के लिए एक फंड भी तैयार किया है जिसका मकसद किसानों के सामने आ रही चुनौतियों को आधुनिक तकनीक से समाधान करना है। सरकार किसानों की आय में वृद्धि के लिए हर वर्ष कृषि उपजों के न्यूनतम समर्थन मूल्य में वृद्धि कर रही है। वर्ष 2014 में जब केंद्र में नरेंद्र मोदी की नेतृत्व वाली सरकार बनी तो गेहूं का न्यूनतम समर्थन मूल्य तकरीबन 1200 रुपये प्रति क्विंटल था। आज बढ़कर 2425 रुपये हो गया है जो दोगुने से भी अधिक है। इसी तरह 2014-15 में धान का समर्थन मूल्य 1360 रुपये था जो आज बढ़कर 2389 हो गया है। सरकार ने देश के किसानों की आय में वृद्धि के लिए राष्ट्रीय कृषि बाजार को नया आयाम दिया है। इसके लिए किसानों के हित में कई दर्जन योजनाओं को मूर्त रूप दिया है। उदाहरण के लिए प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना के जरिये 'हर खेत को पानी' योजना चल रही है जो किसानों के लिए वरदान साबित हो रही है। किसानों को सरकारी बैंकों से कम ब्याज दर पर ऋण मिल रहा है। सरकार ने किसान क्रेडिट कार्य योजना की सुविधा उपलब्ध कराकर किसानों की तात्कालिक पैसे की समस्या को खत्म कर दिया है। इस योजना के तहत किसानों को सस्ती ब्याज दरों पर लोन की सुविधा उपलब्ध है। इसका असर यह हुआ है कि जो किसान पैसे के अभाव में अपनी खेती की शुरुआत नहीं कर पाते थे, वह आज किसान क्रेडिट कार्ड की मदद से एक वर्ष में तीन फसलों का उत्पादन करके अपनी आय को दोगुना कर रहे हैं। प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना से कृषि क्षेत्र में क्रांतिकारी बदलाव आया है। केंद्र सरकार ने प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना से किसानों को आच्छादित कर चिंताएं दूर कर दी हैं। प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि के तहत किसानों को हर वर्ष 6000 रुपये की आर्थिक मदद 2000 रुपये की तीन समान किस्तों में दी जा रही है। इसी क्रम में पीएम धन-धान्य कृषि योजना से कृषि और किसानों की सेहत संवरेगी, इसकी उम्मीद जरूर की जानी चाहिए।

(लेखक वरिष्ठ पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं)



मानसून सत्र
राज कुमार सिंह

# पक्ष-विपक्ष की मानसूनी परीक्षा

रहा मानसून सत्र बेहद खास है। दरअसल बजट सत्र के बाद राजनीति की गंगा-जमुना में इतना पानी बह चुका है कि उसका असर मानसून सत्र पर पड़े बिना नहीं रहेगा। पहलगाम आतंकी हमले, ऑपरेशन सिंदूर, अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के संघर्ष विराम संबंधी दावों, चीन से रिश्तों और बिहार में विशेष गहन मतदाता सूची परीक्षण समेत तमाम मुद्दों के तीर विपक्ष के तरकश में आ गए हैं तो वह सरकार को घेरने में कोई कसर बाकी नहीं छोड़ेगा। संसद का मानसून सत्र एक महीने चलेगा। इस बीच विदेश भेजे गए प्रतिनिधिमंडलों के चयन को लेकर भी सत्तापक्ष और विपक्ष में जुबानी जंग हो चुकी है।

आम तो संसद का कोई सत्र नहीं होता, पर सोमवार से शुरू हो रहा मानसून सत्र बेहद खास है। दरअसल बजट सत्र के बाद राजनीति की गंगा-जमुना में इतना पानी बह चुका है कि उसका असर मानसून सत्र पर पड़े बिना नहीं रहेगा। संसदीय कामकाज के आंकड़े जो भी कहें, पर सत्तापक्ष का आत्मविश्वास और आक्रामकता लौट आने के बावजूद विपक्ष के तेवर बजट सत्र में ढीले तो हरगिज नहीं थे। अब जबकि पहलगाम आतंकी हमले, ऑपरेशन सिंदूर, अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के संघर्ष विराम संबंधी दावों, चीन से रिश्तों और बिहार में विशेष गहन मतदाता सूची परीक्षण समेत तमाम मुद्दों के तीर विपक्ष के तरकश में आ गए हैं तो वह सरकार को घेरने में कोई कसर बाकी नहीं छोड़ेगा। जिन परिस्थितियों में पाक-प्रायोजित आतंकी पहलगाम में 22 अप्रैल को 26 पर्यटकों की हत्या कर भागने में सफल हो गए और फिर जवाबी कार्रवाई के रूप में किए गए ऑपरेशन सिंदूर से शुरू भारत-पाक संघर्ष में अचानक विराम का श्रेय लेने के दावे अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप ने किए, उस पर चर्चा के लिए विपक्ष ने संसद का विशेष सत्र बुलाने की मांग की थी। विपक्ष ने अतीत के उदाहरण भी दिए थे। सरकार ने संसद में चर्चा का सही समय न होने का तर्क देते हुए उस मांग को न सिर्फ ठुकरा दिया, बल्कि विपक्ष के राष्ट्र प्रेम पर सवाल भी उठाए। हां, उसी के चलते संसद का मानसून सत्र 21 जुलाई से बुलाने का ऐलान अवश्य 47 दिन पहले ही कर दिया, जो एक महीने चलेगा। इस बीच विदेश भेजे गए प्रतिनिधिमंडलों के चयन को लेकर भी सत्तापक्ष और विपक्ष में जुबानी जंग हो चुकी है।

कमोवेश इसी समय संसद का मानसून सत्र हर वर्ष होता है, इसलिए सरकार की विधायी कार्यों की अपनी तैयारी है। सरकार आठ महत्वपूर्ण विधेयक पेश और पारित कराने का इरादा रखती है, जिनमें लंबे अरसे से जातीय हिंसा से ग्रस्त मणिपुर में राष्ट्रपति शासन बढ़ाने संबंधी विधेयक भी शामिल है। लगता है कि मुख्यमंत्री एन बीरेन सिंह के इस्तीफे के बाद भाजपा वहां अभी तक अपना घर भी दुरुस्त नहीं कर पाई है। अनुभव बताता है कि संसदीय गतिरोध के बावजूद सरकारें विधायी कार्य निपटाने का रास्ता निकाल ही लेती हैं, लेकिन पहलगाम से लेकर बिहार में विधानसभा चुनाव से चंद महीने पहले विशेष गहन मतदाता सूची पुनरीक्षण तक विपक्ष के तरकश में मौजूद मुद्दों के तीर उसकी मुश्किलें अवश्य बढ़ाएंगे। दशकों से आतंकवाद ग्रस्त कश्मीर के पहलगाम सरीखे प्रमुख पर्यटक स्थल पर सुरक्षा व्यवस्था न होने पर उठे सवालों का संतोषजनक जवाब नहीं मिल पाया। बेशक सरकार ने सिंधु जल संधि स्थगित करने समेत कई बड़े कदम पाकिस्तान के विरुद्ध उठाए। ऑपरेशन सिंदूर के जरिये हमारी सेना ने पाकिस्तान में आतंकी ठिकाने ध्वस्त करते हुए उसकी सेना को भी कड़ा सबक सिखाया, लेकिन अपनी सेना की बढ़त के बावजूद अचानक संघर्ष विराम से उठे सवाल भी अनुत्तरित हैं। विदेश मंत्रालय के खंडन के बावजूद ट्रंप संघर्ष विराम का श्रेय लेने से बाज नहीं आ



रहे। हालांकि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी भी स्पष्ट कह चुके हैं कि पाकिस्तान से जुड़े मामलों में भारत ने न तो कभी तीसरे पक्ष की मध्यस्थता स्वीकार की है और न ही कभी करेगा। जी-7 शिखर सम्मेलन में ट्रंप और मोदी की मुलाकात होनी थी, लेकिन अमेरिकी राष्ट्रपति के जल्दी लौट जाने के चलते नहीं हो पाई। बाद में फोन पर हुई बातचीत में ट्रंप ने मोदी को वापसी में अमेरिका आने का न्योता दिया, लेकिन प्रधानमंत्री ने पूर्व निधारित कार्यक्रमों के चलते असमर्थता जता दी। उसी फोन वार्ता में मोदी ने पाक से जुड़े मामलों पर भारत की परंपरागत नीति दोहरायी।


तर्क दिया जा सकता है कि प्रधानमंत्री के स्पष्टीकरण के बाद संघर्ष विराम के श्रेय संबंधी विवाद का पटाक्षेप हो जाना चाहिए, लेकिन चुनाव केंद्रित राजनीति में ऐसा होता नहीं है। इसलिए विपक्ष मानसून सत्र में पहलगाम में सुरक्षा संबंधी चूक से लेकर अचानक संघर्ष विराम तक हर मुद्दे पर सरकार को कठघरे में खड़ा करने की कोशिश करेगा। ऑपरेशन सिंदूर में भारतीय सेना को क्षति की अटकलों का हालांकि राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार अजीत डोभाल खंडन कर चुके हैं, लेकिन 'पांच युद्धक विमान गिरे' जैसे ट्रंप के अस्पष्ट बयान के बाद विपक्ष के रुख से लगता है कि यह सवाल सरकार से संसद के अंदर भी पूछा जाएगा। ऑपरेशन सिंदूर के समय जिस तरह चीन, तुर्की और अजरबैजान, पाकिस्तान के साथ खड़े नजर आए तथा रूस और इजरायल के अलावा किसी बड़े देश ने भारत के प्रति समर्थन नहीं जताया, उसे ले कर विदेश नीति पर भी विपक्ष ने सवाल उठाए। अपने देश में विदेश नीति पर राजनीतिक सहमति की परंपरा रही है, लेकिन अब वह इतिहास की बात बनती दिख रही है। ऑपरेशन सिंदूर से शुरू संघर्ष में पाकिस्तान द्वारा बड़े पैमाने पर चीनी हथियारों के इस्तेमाल का खुलासा हुआ था। उसी चीन से रिश्ते सुधारने विदेश मंत्री जयशंकर यात्रा पर गए। उस पर उठ रहे सवाल भी संसद में गूंजेंगे। पाकिस्तान के साथ अब चीन भी भारतीय विदेश नीति के लिए जटिल पहेली बनता जा रहा है। अमेरिका से ट्रेड डील पर जारी रस्साकशी के मद्देनजर चीन से रिश्ते और भी संवेदनशील मसला है। देश की सुरक्षा और विदेश नीति से जुड़े इन मसलों पर विपक्षी हमलों से सरकार अपना बचाव कैसे करेगी, यह देखना दिलचस्प होगा।

ईवीएम की विश्वसनीयता पर उठते सवाल अब चुनाव आयोग की निष्पक्षता पर ही केंद्रित होते जा रहे हैं। मतदान समाप्ति के कई दिन बाद मत प्रतिशत के अंतिम आंकड़े जारी करने और उसमें चौंकाने वाली वृद्धि पर उठते सवालों में महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव में मतदाताओं की संख्या में भारी वृद्धि पर सवाल भी जुड़ गए हैं, लेकिन तर्कसंगत जवाब नहीं मिला है। अंतरराष्ट्रीय ख्याति वाले भारतीय चुनाव आयोग की साख पर देश में ही उठते सवाल दुखद हैं, लेकिन इनसे बचने की जिम्मेदारी उसी की है। इसी साल के अंत में होने वाले विधानसभा चुनावों से चंद महीने पहले बिहार में विशेष गहन मतदाता सूची पुनरीक्षण अभियान से चुनाव आयोग ने विपक्ष को अपने विरुद्ध एक और बड़ा मुद्दा दे दिया है। इसमें दो राय नहीं कि अवैध मतदाता चुनाव प्रक्रिया की शुचिता पर ही सवाल हैं, लेकिन कम समय में पुनरीक्षण की जटिल प्रक्रिया से अगर वैध मतदाता भी मताधिकार से वंचित हो गए तो वह चुनावों की निष्पक्षता और स्वतंत्रता पर बड़ा सवालिया निशान होगा। बेशक इस मामले में सर्वोच्च न्यायालय में 28 जुलाई को सुनवाई है, लेकिन उससे पहले ही संसद में सरकार को विपक्ष के तीखे सवालों का जवाब देना पड़ सकता है। अगर आ पाया तो उच्च न्यायालय के जज यशवंत वर्मा के विरुद्ध महाभियोग भी मानसून सत्र में बड़ा मुद्दा बनेगा।

(लेखक वरिष्ठ पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया **edit@haribhoomi.com** पर दे सकते हैं।

## एकनिष्ठ भक्ति



संकलित
दर्शन

अनेक महापुरुष हैं, अनेक देवी-देवता हैं, अनेक मार्ग हैं, किंतु एकनिष्ठता आवश्यक है। इसी कारण इष्ट देवता की अवधारणा है। घर की बहू सास, ससुर, जेठ, जेठानी सबका आदर सम्मान करती है, किसी की अवज्ञा या उपेक्षा नहीं करती। सबकी सेवा करती है, किंतु अपने पति को वह सबसे अधिक चाहती है। इसी तरह तुम भी अपने इष्ट देवता पर दृढ़ एकनिष्ठ भक्ति रखो, जबकि अन्य देवी-देवताओं का सम्मान करो, सबके प्रति श्रद्धा रखो। सभी देव एक ही परमेश्वर के रूप हैं। किंतु किसी एक के प्रति एकनिष्ठ रहो। चौसर के खेल में गोटी सब खानों का चक्कर लगाए बिना लक्ष्य पर नहीं पहुंचती। यदि दो गोटियां जोड़ी बांधकर इकट्ठी चलें तो उन्हें कोई काट नहीं सकता, नहीं तो अकेली गोटी लक्ष्य के पास पहुंचकर पकते-पकते भी कट जा सकती है। इसी प्रकार साधना के मार्ग पर भी यदि गुरु अथवा इष्ट के साथ युक्त होकर आगे बढ़ा जाए तो बाधा विघ्न का भय नहीं रहता, यात्रा निर्विघ्न रूप से सफल हो सकती है। एक बार किसी यात्री ने एक आदमी से कलकत्ता (अब कोलकाता) जाने का रास्ता पूछा। उस आदमी ने कहा, इस रास्ते से चले जाओ। थोड़ी दूर चलकर उसने और एक जन से रास्ता पूछा। उसने दूसरा रास्ता बताया। इस तरह वह थोड़ा सा आगे बढ़कर किसी से रास्ता पूछता तो पहले वाले का रास्ता छोड़ उस पर चल देता। ऐसा करते हुए वह रास्तों पर ही भटकता रहा, कलकत्ता नहीं पहुंच पाया। उसे किसी ऐसे व्यक्ति से रास्ता पूछना चाहिए था, जिस पर विश्वास हो कि वह सही मार्ग जानता है। एक उसी व्यक्ति से पूछकर उसके ही बताए मार्ग पर चलना चाहिए था।

## जीवन में गुरु की आवश्यकता क्यों?



संकलित
प्रेरणा

एक गाय घास चरने के लिए एक जंगल में चली गई। शाम ढलने के करीब थी। उसने देखा कि एक बाघ उसकी तरफ दबे पांव बढ़ रहा है। वह डर के मारे इधर-उधर भागने लगी। दौड़ते हुए गाय को सामने एक तालाब दिखाई दिया। घबराई हुई गाय उस तालाब के अंदर घुस गई। वह बाघ भी उसका पीछा करते हुए तालाब के अंदर घुस गया। उसमें पानी कम था और वह कीचड़ से भरा हुआ था। उन दोनों के बीच की दूरी काफी कम हुई थी। लेकिन अब वह कुछ नहीं कर पा रहे थे। वह गाय उस कीचड़ के अंदर धीरे-धीरे धंसने लगी। बाघ भीधीरे-धीरे कीचड़ के अंदर धंसने लगा। दोनों भी करीब करीब गले तक उस कीचड़ के अंदर फस गए। दोनों हिल भी नहीं पा रहे थे। गाय के करीब होने के बावजूद वह बाघ उसे पकड़ नहीं पा रहा था। थोड़ी देर बाद गाय ने उस बाघ से पूछा, क्या तुम्हारा कोई गुरु या मालिक है? बाघ ने गुर्राते हुए कहा, मैं तो जंगल का राजा हूं। मेरा कोई मालिक नहीं। मैं खुद ही जंगल का मालिक हूं। गाय ने कहा, लेकिन तुम्हारे उस शक्ति का यहां पर क्या उपयोग है? उस बाघ ने कहा, तुम भी तो फस गई हो और मरने के करीब हो। तुम्हारी भी तो हालत मेरे जैसी है। गाय ने मुस्कुराते हुए कहा, बिलकुल नहीं। मेरा मालिक जब शाम को घर आएगा और मुझे वहां पर नहीं पाएगा तो वह ढूंढते हुए यहां जरूर आएगा और मुझे इस कीचड़ से निकाल कर अपने घर ले जाएगा। तुम्हें कौन ले जाएगा? थोड़ी ही देर में सच में ही एक आदमी वहां पर आया और गाय को कीचड़ से निकालकर अपने घर ले गया।

## सटाका




## आज की पाती

### साइबर क्राइम के बढ़ते कदम रोकने होंगे

जिस गति से साइबर क्राइम बढ़ रहा है, यह आम आदमी के लिए एक मुसीबत बन गई है और लुटेरों के लिए जैसे मनोरंजन और लॉटरी लगी है। हैरानी इस बात की है कि इस मर्ज की दवा किसी के पास नहीं। किसी को जब चाहें, अपराधी बंधक बना कर सब कुछ लूट लेते हैं और उनका कुछ भी बिगाड़ नहीं सकते। देश में बड़ी संख्या में लोग इस क्राइम के शिकार हो रहे हैं। यह अत्यंत गंभीर समस्या है और इससे आंख नहीं फेरी जा सकती। जहां डिजिटलाइजेशन के अनेक लाभ हैं, इससे कई गुणा हानियां भी हैं। द्वंद्व यह है कि इसे अपनाएं या नहीं? इस पर सभी को गंभीरता एवं शीघ्रता से समाधान निकालना होगा।

-रवि शर्मा, भाटापारा

## ट्रेंड

### रोजगार में अभूतपूर्व वृद्धि



प्रधानमंत्री मोदी के सुधारों से संचालित भारत का रोज़गार इंजन सारे रिकॉर्ड तोड़ रहा है! ईपीएफओ ने मई 2025 में अब तक का सबसे ज़्यादा सदस्य जोड़ दर्ज किया है। मोदी के गतिशील नेतृत्व में औपचारिक रोज़गार पारिस्थितिकी तंत्र अभूतपूर्व वृद्धि देख रहा है।

-मनसुख मंडाविया, केंद्रीय मंत्री

### नोटिस दिया है



मैंने पहलगाम आतंकी हमले और 'ऑपरेशन सिंदूर' के बाद की स्थिति पर नियमों के मुताबिक सदन में नोटिस दिया है। पहलगाम आतंकी हमला 22 अप्रैल को हुआ था और उसे अंजाम देने वाले आतंकी आज तक न पकड़े गए और न मारे गए।

-मल्लिकार्जुन खरगे, कांग्रेस अध्यक्ष

### लोकतंत्र के द्वार बंद किए थे



स्वतंत्र, निडर और गरिमापूर्ण मतदान का अधिकार, जिसे आज हम सहजता से लेते हैं, एक समय बंगाल के लोगों को एक दमनकारी शासन के तहत नकार दिया गया था, जिसने असहमति को दबा दिया था और लोकतंत्र के द्वार बंद कर दिए थे।

-ममता बनर्जी, सीएम प. बंगाल

### शब्द वापस नहीं लिए जा सकते



अगर आप फिसलकर गिर भी जाएं, तो आप हमेशा खुद को संभाल सकते हैं और आगे बढ़ सकते हैं, लेकिन अगर आप किसी से कुछ ग़लत कह देते हैं, तो आप माफ़ी मांग सकते हैं, लेकिन एक बार बोले गए शब्दों को वापस नहीं लिया जा सकता।

-हर्ष गोयनका, उद्योगपति

## करंट अफेयर

# टीआरएफ को आतंकवादी घोषित करना सही कदम



अमेरिकी प्रतिनिधि सभा की विदेश मामलों की समिति ने पहलगाम हमले में संलिप्त पाकिस्तान के लश्कर-ए-तैयबा के मुखौटा संगठन 'द रेजिस्टेंस फ्रंट' (टीआरएफ) को वैश्विक आतंकवादी संगठन घोषित किए जाने का स्वागत किया है। मिति ने कहा कि जो लोग आम नागरिकों की हत्या करते हैं, उन्हें माफ नहीं किया जाता, बल्कि उन्हें सजा दी जाती है। पिछले सप्ताह अमेरिका ने टीआरएफ को विदेशी आतंकवादी संगठन (एफटीओ) और विशेष रूप से नामित वैश्विक आतंकवादी (एसडीजीटी) घोषित किया था। रिपब्लिकन सांसद ब्रायन मास्ट की अध्यक्षता वाली समिति ने शनिवार को 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा, ''राष्ट्रपति (डोनाल्ड) ट्रंप सच बोलते हैं। 'द रेजिस्टेंस फ्रंट' एक विदेशी आतंकवादी संगठन है और इसे यह दर्जा मिलना ही चाहिए।'' समिति ने कहा, ''जब आप निर्दोष लोगों की हत्या करते हैं, तो आपको माफी नहीं मिलती, सजा मिलती है। यह बात साफ और स्पष्ट है कि यह (पहलगाम हमला) एक आतंकी हमला था।'' उसने 'एक्स' पर 22 अप्रैल के अपने एक पुराने पोस्ट का भी जिक्र किया, जिसमें उसने पहलगाम हमले पर 'न्यूयॉर्क टाइम्स' की उस खबर की कड़ी आलोचना की थी जिसका शीर्षक था: ''कश्मीर में उग्रवादियों ने कम से कम 24 पर्यटकों की गोली मारकर हत्या कर दी।''

## ऑफ बीट

# क्या पानी को एक से अधिक बार उबालना ठीक है



केतली लगभग हर घर में एक आवश्यक वस्तु है – इसके बिना हम गर्म पेय कैसे बनाएंगे? लेकिन क्या केतली में पिछली बार के बचे पानी को दोबारा उबालना ठीक है? हालांकि पानी को उबालने से वह कीटाणुरहित हो जाता है, लेकिन आपने सुना होगा कि पानी को एक से ज्यादा बार उबालने से वह हानिकारक हो जाता है और इसलिए आपको हर बार केतली खाली कर देनी चाहिए। ऐसे दावों के साथ अक्सर यह तर्क भी दिया जाता है कि दोबारा उबाले गए पानी में कथित रूप से खतरनाक पदार्थ जमा हो जाते हैं, जिनमें आर्सेनिक जैसी धातुएं या नाइट्रेट और फ्लोराइड जैसे लवण शामिल हैं। यह सच नहीं है। यह समझने के लिए आइए देखें कि हमारे नल के पानी में क्या है और उसे उबालने पर असल में क्या होता है। हमारे यहां नल से आने वाले पानी में क्या है? अगर आप इस पानी से चाय बनाते हैं, तो उसे दोबारा उबालने से कोई स्वास्थ्य समस्या नहीं होगी। जानिए क्यों। रसायनों के इतने कम स्तर को सांद्रित करना कठिन है। पानी में पदार्थों को सांद्रित करने के लिए, आपको कुछ तरल को वाष्पित करना होगा जबकि रसायन वहीं रह जाएंगे। पानी किसी भी तापमान पर वाष्पित हो जाता है, लेकिन ज़्यादातर वाष्पीकरण क्वथनांक पर होता है – जब पानी भाप में बदल जाता है।

हमारा पता
हरिभूमि कार्यालय
66/1 इंडस्ट्रियल एरिया, रिछाई, जबलपुर (मप्र)
पिन कोड-482002
ई-मेल : edit@haribhoomi.com
वेब-साइट : www.haribhoomi.com

# शासकीय भवनों की छतों पर बिना निवेश के लगेंगे सोलर रूफटॉप संयंत्र

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव सौर ऊर्जा के क्षेत्र में नए आयाम स्थापित कर रहे हैं। वर्ष 2030 तक 500 गीगा वॉट नवकरणीय ऊर्जा उत्पादन के लक्ष्य को प्राप्त करने की दिशा में मप्र निरंतर आगे बढ़ रहा है।

इसी क्रम में प्रधानमंत्री सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना में प्रदेश के सभी शासकीय भवनों को दिसम्बर-2025 तक सौर ऊर्जीकृत किए जाने का लक्ष्य रखा गया है। आरईएससीओ (रेस्को) की ओर से जिलों में पृथक-पृथक निविदाएं जारी कर दर आमंत्रित की गई है।

### खास बातें

- प्रधानमंत्री सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना में रेस्को पद्धति से लगेंगे सोलर सिस्टम
- प्रदेश के सभी शासकीय भवन दिसम्बर-2025 तक किए जाने हैं सौर ऊर्जीकृत
- सभी जिलों के लिए अलग-अलग निविदाएं जारी कर मांगी गई दरें

### शासकीय विभागों को इन सौर परियोजनाओं में कोई निवेश नहीं करना होगा



नवीन एवं नवकरणीय ऊर्जा मंत्री राकेश शुक्ला ने बताया कि प्रधानमंत्री सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना में प्रदेश में राज्य शासन के भवनों की छतों पर रेस्को पद्धति के तहत सोलर रूफ़टॉप संयंत्र लगाने हैं। शासकीय विभागों को इन सौर परियोजनाओं में कोई निवेश नहीं करना होगा। शासकीय कार्यालयों की ओर से ऊर्जा के उपयोग के लिए रेस्को विकासक को प्रति यूनिट भुगतान करना होगा। रेस्को द्वारा लगाए गए संयंत्र की प्रति यूनिट दर विद्युत वितरण कंपनियों द्वारा निर्धारित व्यवसायिक दर (जिसमें शासकीय कार्यालय भी शामिल हैं) से काफी कम होगी। इस प्रकार शासकीय कार्यालय शून्य निवेश, पहले दिन से बचत, नेट जीरो के सिद्धांत पर कार्य कर सकेंगे।

### न्यूनतम दर के आधार रेस्को परियोजनाएं स्थापित होंगी

रेस्को परियोजना अंतर्गत मप्र ऊर्जा विकास निगम ने प्रत्येक जिले के लिए पृथक-पृथक निविदा जारी की गई है। इसमें रेस्को विकासकों से प्रत्येक जिले के लिए पृथक–पृथक दर मांगी गई है। प्रत्येक जिले की न्यूनतम दर के आधार उस जिले में रेस्को परियोजनाएं स्थापित होंगी। भोपाल जिले में अधिकतम 15.6 मेगावाट की परियोजनाएं प्रस्तावित हैं, जबकि ग्वालियर जिले में 5.26 मेगावाट, इंदौर जिले में 3.12 मेगावाट, छिंदवाड़ा जिले में 1.43 मेगावाट, दतिया जिले में 1.4 मेगावाट, धार जिले में 1.34 मेगावाट की परियोजनाएं प्रस्तावित हैं।

### 25 वर्ष के लिए संयंत्र स्थापित किए जाएंगे

शासकीय विभागों, संस्थाओं के भवन पर रेस्को इकाई की ओर से 25 वर्ष की अवधि के लिए सोलर रूफ़टॉप संयंत्र स्थापित किए जाएंगे। इस पूरी अवधि तक सोलर रूफ़टॉप संयंत्र का रख-रखाव रेस्को इकाई की ओर से किया जाएगा। रेस्को की आय पूरी तरह से 25 वर्ष तक सौर ऊर्जा के उत्पादन पर आधारित है।

### 133 शासकीय कार्यालयों में रेस्को पद्धति से संयंत्र लगाए गए: शुक्ला

नवकरणीय ऊर्जा मंत्री शुक्ला ने बताया कि वर्ष 2018 से 2020 के बीच मप्र ऊर्जा विकास निगम की ओर से राज्य में 133 शासकीय कार्यालयों में सफलतापूर्वक रेस्को पद्धति से सोलर रूफ़टॉप संयंत्र लगाए, जो सफलतापूर्वक संचालित हैं। इसमें आईआईएम इंदौर, सीएपीटी भोपाल, शासकीय मेडिकल कॉलेज (रीवा, शिवपुरी, खण्डवा, दतिया, विदिशा), एनएलआईयू भोपाल, एजी कार्यालय ग्वालियर, एसएआई भोपाल, भारत सरकार का पॉवर ग्रिड कॉर्पोरेशन आदि शामिल हैं। नवकरणीय ऊर्जा मंत्री शुक्ला ने कहा कि प्रधानमंत्री सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना के सफल एवं दक्षतापूर्ण क्रियान्वयन से निश्चित ही प्रदेश सौर ऊर्जा के क्षेत्र में देश के अग्रणी राज्यों में होगा।

सीएम ने यात्रा की सफलता का श्रेय प्रधानमंत्री मोदी की दूरदृष्टि और कुशल नेतृत्व को दिया

# अब तक की सबसे सफलतम विदेश यात्रा रही दुबई और स्पेन की यात्रा

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव 7 दिन की दुबई और स्पेन की विदेश यात्रा से रविवार को स्वदेश लौट आए। वैश्विक संबंधों को नई ऊर्जा देने वाली दुबई और स्पेन की इस यात्रा को मुख्यमंत्री ने सफलतम यात्रा निरूपित किया है। उन्होंने यात्रा की सफलता का श्रेय प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की दूर-दृष्टि और कुशल नेतृत्व को दिया है।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने मीडिया से चर्चा में कहा कि प्रदेश में अलग-अलग सेक्टर में काफी निवेश की संभावनाएं हैं। दुबई और स्पेन के 7 दिन के प्रवास से मध्यप्रदेश के युवाओं के लिए रोजगार के अवसर बढ़ाने की अच्छी संभावनाएं बनी है। मुख्यमंत्री ने कहा कि यात्रा के दौरान कई विदेशी कंपनियों से मध्यप्रदेश में निवेश और नॉलेज शेयरिंग के लिए करार भी हुए हैं।

### मुख्यमंत्री डॉ. यादव 7 दिन की विदेश यात्रा से स्वदेश लौटे

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने बताया कि इससे पहले मप्र में रीजनल इंडस्ट्रियल कॉन्क्लेव और भोपाल में ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट से लगभग 30.77 लाख करोड़ रुपए से अधिक के निवेश प्रस्ताव मिले हैं। निवेश धीरे-धीरे धरातल पर भी उतर रहे हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि इस विदेश यात्रा से मप्र में कृषि, फार्मास्यूटिकल्स, खनन, उद्योग और पर्यटन विकास के क्षेत्र में निवेश की अपार संभावनाएं निकलकर सामने आई हैं, जिससे रोजगार के नए अवसरों के साथ-साथ औद्योगिक विकास को भी बढ़ावा मिलेगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि मप्र अब बड़ी तेजी से निवेश के लिए एक आदर्श राज्य के रूप में उभर रहा है।

### मुख्यमंत्री ने स्व. ब्रम्हानंद यादव को अर्पित की पुष्पांजलि



मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने विदेश यात्रा से लौटने के बाद नई दिल्ली से सीधे रीवा पहुंचकर अपने ससुर स्व. ब्रम्हानंद यादव के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने रीवा में संजय नगर में स्व. ब्रम्हानंद यादव के आवास पर पहुंचकर परिजन से भेंटकर सांत्वना दी तथा ईश्वर से दिवंगत आत्मा को श्री चरणों में स्थान देने की प्रार्थना की।

### स्टेट हैंगर भोपाल पर स्वागत



मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव दुबई और स्पेन की यात्रा से रविवार की शाम भोपाल लौटे। यहां मुख्यमंत्री का भव्य स्वागत किया गया। विमानतल पर मुख्यमंत्री डॉ. यादव का विधानसभा अध्यक्ष नरेंद्र सिंह तोमर, उप मुख्यमंत्री जगदीश देवड़ा और विभिन्न मंत्री, विधायक रामेश्वर शर्मा समेत जनप्रतिनिधियों और सामाजिक कार्यकर्ताओं ने पुष्प मालाओं से स्वागत किया।

### सीएम आज करेंगे नवीन विधायक विश्राम-गृह का भूमिपूजन

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के मुख्य आतिथ्य एवं विधानसभा अध्यक्ष नरेन्द्र सिंह तोमर की अध्यक्षता में सोमवार, 21 जुलाई को सुबह 10.30 बजे विधायक विश्राम गृह खण्ड-क्रमांक-1 के सामने, विधायक विश्राम गृह परिसर भोपाल में नवीन विधायक विश्राम गृह निर्माण कार्य का भूमिपूजन होगा। कार्यक्रम में संसदीय कार्य मंत्री कैलाश विजयवर्गीय और लोक निर्माण मंत्री राकेश सिंह भी शामिल होंगे। लोक निर्माण मंत्री राकेश सिंह ने रविवार को भूमिपूजन स्थल का निरीक्षण किया और भूमिपूजन कार्यक्रम की उत्कृष्ट तैयारियों के अधिकारियों को निर्देश दिए। यह नवीन विधायक विश्राम गृह लगभग 160 करोड़ रुपए की लागत से बनेगा और इसमें सभी आवश्यक व्यवस्थाओं के साथ 102 फ्लैट्स का निर्माण प्रस्तावित है।

### मध्यप्रदेश में विकास के नए द्वार खोलेगी दुबई और स्पेन की यात्रा: मुख्यमंत्री

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि उनकी दुबई और स्पेन की यात्रा मध्यप्रदेश में विकास के नए द्वार खोलेगी। दुबई और स्पेन के निवेशक मध्यप्रदेश में निवेश के लिए उत्साहित हैं। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि भारत की प्रगति के लिए प्रधानमंत्री मोदी अभिनंदन के पात्र हैं। उन्होंने अपने ग्यारह वर्ष के कार्यकाल में सात बार दुबई की यात्रा कर दो तरफा व्यापारिक और औद्योगिक साझेदारी को बढ़ाने का कार्य किया है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि वे प्रधानमंत्री मोदी की नीतियों का अनुसरण करते हुए उद्योग एवं व्यापार वर्ष 2025 में देश-विदेश से निवेश लाने के प्रयास कर रहे हैं। इस क्रम में दुबई और स्पेन की यात्रा महत्वपूर्ण रही। प्रधानमंत्री के संकल्प को पूर्ण करने के लिए इस यात्रा को सार्थक बनाने का प्रयास किया गया।

## नशे से दूरी, है जरूरी अभियान के तहत मानव श्रृंखला बनाकर नशा मुक्ति का दिया संदेश

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

नशे से दूरी-है जरूरी विशेष अभियान के तहत राजधानी पुलिस स्कूलों, कॉलेजों तथा अन्य शैक्षणिक संस्थानों, सार्वजनिक स्थानों पर जागरुकता अभियान चला रही है। अभियान में नशे से होने वाले भयावह परिणाम तथा शारीरिक एवं मानसिक स्वास्थ्य पर होने वाले विकारों से अवगत कराया गया' विद्यार्थियों तथा आमजनों द्वारा मानव श्रंखला बनाकर नशा मुक्ति की शपथ ली गई तथा स्टूडेंट्स के ग्रुप द्वारा नशा मुक्ति आधारिक नुक्कड़ नाटक का मंचन भी किया और लोगों को नशा मुक्ति के लिए प्रेरित का संदेश प्रसारित किया गया।

थाना शाहजहांनाबाद क्षेत्र अंतर्गत कैंसर हॉस्पिटल आश्रय स्थल ईदगाह हिल्स में मानव श्रृंखला बनाई जाकर पर नशा मुक्त अभियान के अंतर्गत लोगों को स्वयं एवं अपने परिवार को नशे से दूर रखने तथा नशे के प्रति लोगों को जागरूक करने का संकल्प दिलाया गया एवं नशे से होने वाली पारिवारिक समस्यायों के संबंध में सजकता और सतर्कता बरतने के संबंध मे समझाइश दी गई।

थाना गांधी नगर क्षेत्र की नई बस्ती और अब्बास नगर नशा मुक्ति अभियान के तहत कार्यक्रम आयोजित किए गए। छोला मंदिर क्षेत्र के पटेल मार्केट भानपुर में नशा मुक्ति अभियान का आयोजन हुआ। जिंसी चौराहा थाना जहांगीराबाद क्षेत्र में मानव श्रृंखला बनाकर लोगों को जागरूक किया गया। थाना शाहजहांनाबाद में नशा मुक्ति अभियान के तहत नशे से दूरी है जरूरी का प्रचार-प्रसार किया गया है। थाना एमपी नगर ने इस अभियान में मानव श्रृंखला बनाकर लोगों को नशे के दुष्परिणामों के बारे में जागरूक किया गया है। नशे से दूरी है जरूरी अभियान के तहत थाना चूनाभट्टी क्षेत्र में मानव श्रृंखला बनाकर कार्यक्रम का आयोजन किया गया एवं क्षेत्र के व्यवसायिक वाहनो में पोस्टर चस्पा कर समझाईस दी गई।

### विधायक शर्मा ने नशा मुक्त हो मप्र का दिलाया संकल्प

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के अभियान के तारतम्य में विधायक रामेश्वर शर्मा की उपस्थिति में मुखर्जी नगर कोलार के एलएन मेडिकल कॉलेज में नागरिकों विशेषकर युवाओं को नशा मुक्त हो मध्यप्रदेश का संकल्प दिलाया गया। संकल्प के पहले मुख्यमंत्री एवं पुलिस महानिदेशक का नशा मुक्त मध्यप्रदेश का संदेश प्रसारित किया गया। इस अवसर पर डीसीपी जितेंद्र पवार, सहायक पुलिस आयुक्त अंजलि रघुवंशी, थाना प्रभारी संजय सोनी सहित वरिष्ठ समाज सेवी उपस्थित रहे।

## जबलपुर में आईसीआईसीआई बैंक ने किया सिक्का वितरण मेले का आयोजन



**जबलपुर।** आईसीआईसीआई बैंक आईसीएमएसी जबलपुर द्वारा आईसीआईसीआई बैंक विजय नगर ब्रांच में बीते दिनों सिक्के वितरण के मेले का आयोजन किया गया। इस आयोजन में जबलपुर आरएच नितिन भटनागर और करेंसी चेस्ट के हेड अश्विन विट्ठलपारा विजय नगर के ब्रांच मैनेजर प्रियल दुबे एवं करेंसी चेस्ट की टीम के सदस्य विनय बागरी, रंजीत त्रिपाठी, विनित वर्मा, प्रशांत विश्वकर्मा , आकाश सिंह, और अनुराग पांडेय भी सम्मिलित रहे। इस मेले में विजय नगर ब्रांच में काफी संख्या में मंडी व्यापारी ओर अन्य व्यापारियों ने सिक्कों के मेले में भाग लिया और आईसीआईसीआई बैंक द्वारा आयोजित मेले का लाभ उठाया ।



## घर में आग लगने से मां-बेटी की दर्दनाक मौत

### महिला और उसके पति का कोर्ट में चल रहा था तलाक का केस

हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग

नंदिनी थाना क्षेत्र में सुबह घर में आग लगने से दो लोगों की जलकर दर्दनाक मौत हो गई। मृतकों में मां बेटी शामिल हैं। घटना की सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंचकर विवेचना में जुट गई है।

नंदिनी थाना क्षेत्र के टाउनशिप में सुबह एक मकान में आग लगने से घर में मौजूद मां-बेटी कह जलकर मौत हो गई। मृतका महिला जागेश्वरी साहू 35 वर्ष और दिव्यांशी साहू 7 वर्ष के रूप में पहचान हुई है। महिला अपने मायके में कुछ दिनों से रहे रही थी। संभवना जताई जा रही है कि महिला ने सुबह जब घर पर कोई नहीं था तो अंदर से दरवाजा बंद पर खुद को आग के हवाले कर लिया जिसकी चपेट में आने से बेटी की भी मौत हो गई। मृतका ने एक दिन पूर्व घर में रखे आवश्यक दस्तावेजों को एक बैग में रखकर अपने पड़ोसी के घर में रखवा दिया था। मृतका का पति से तलाक का प्रकरण चल रहा था। बहरहाल पुलिस और फॉरेंसिक की टीम मौके पर जांच में जुटी हुई है।



## पिता ने बेटे को मारी चाकू, घायल अस्पताल में भर्ती

### बेटे ने कहा, पिता शराब पीकर बेवजह करते हैं विवाद

हरिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर

बोधघाट थाना क्षेत्र के बहादुरगुड़ा में रहने वाले एक युवक ने अपने बेटे की पीठ में तीन चाकू मार उसे घायल कर दिया। घटना की जानकारी लगते ही घायल को महारानी अस्पताल ले जाया गया। जहां से घायल को बेहतर उपचार के लिए मेकाज रेफर किया गया है। वहीं पुलिस ने इस मामले में मामला दर्ज कर लिया है। मामले की जानकारी देते हुए घायल राहुल 29 वर्ष ने बताया कि वह पेशे से कारपेंटर का काम करता है और रविवार की रात को अपने कमरे में सो रहा था कि तभी पिता राकेश कमरे में आकर बेटे से बहसबाजी करने लगे। काफी देर तक चले विवाद के बाद पिता ने अपने हाथ में रखे चाकू से बेटे राहुल की पीठ में तीन अलग-अलग जगह चाकू से हमला कर दिया। घटना के बाद घायल को जहां बेहतर उपचार के लिए महारानी अस्पताल ले गए। घायल राहुल का कहना था कि उसके पिता शराब का सेवन करते है, जिसके कारण किसी न किसी बात को लेकर हमेशा विवाद करते रहते हैं। रात को भी बिना किसी कारण शरीर के अलग अलग हिस्सो में चाकू मार कर घायल कर दिया है।



## नक्सलियों ने की दो ग्रामीणों की हत्या



**बीजापुर।** जिले के तर्रेम थाना क्षेत्र में नक्सलियों की एक बार फिर कायराना करतूत सामने आई है। मिली जानकारी के अनुसार, ग्राम छुटवाई निवासी कवासी जोगा उम्र करीब 55 वर्ष और बड़ा तर्रेम निवासी मंगलू कुरसम उम्र करीब 50 वर्ष की धारदार हथियार से हत्या कर दी गई है। यह दर्दनाक घटना 20 और 21 जुलाई की दरम्यानी रात की बताई जा रही है। 4-5 अज्ञात नक्सलियों ने धारदार हथियारों से लैस होकर दोनों ग्रामीणों की बेरहमी से हत्या कर दी। थाना तर्रेम द्वारा घटना की जांच कर रही है। विस्तृत जानकारी मिलने पर आगे की जानकारी दिए जाने की बात कही गई है। बीते दिन बीजापुर जिले के भोपालपटनम ब्लाक के ग्राम कोण्डापडगु में आईईडी ब्लास्ट में 16 साल का एक नाबालिग गंभीर रूप से घायल हो गया था। इसके बाद घायल हालत में नाबालिग को अस्पताल में भर्ती कराया। घटना उस वक्त हुई जब कृष्णा गोटा पिता फकीर निवासी कोण्डापडगु के जंगल में मवेशी चराने गया था। नक्सलियों ने सुरक्षाबलों को नुकसान पहुंचाने के मकसद से यहां आईईडी लगाया था।

## मैहर में छत्रपति साहू जी महाराज की 152वीं जयंती 26 को

**भोपाल।** प्रदेश के मैहर जिले में ओबीसी, एससी-एसटी महासभा के तत्वाधान में आरक्षण के जनक, राजर्षि छत्रपति साहू जी महाराज की 152वीं जयंती का भव्य आयोजन शनिवार 26 जुलाई को सुबह 11 बजे पटेल मैरिज गार्डन, कटनी रोड, मैहर में आयोजित किया जाएगा। इस समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में उत्तर प्रदेश सरकार के कैबिनेट मंत्री और अपना दल (एस) के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष आशीष पटेल उपस्थित रहेंगे। अध्यक्षता सतना जिला पंचायत अध्यक्ष रामखेलावन कोल करेंगे, वहीं आयोजकों में देवदत्त सोनी और वीरेंद्र सिंह पटेल भी मुख्य भूमिका में रहेंगे। विशिष्ट अतिथियों में अपना दल (एस) के राष्ट्रीय महासचिव और प्रदेश प्रभारी आरबी सिंह पटेल, देवराज सिंह, संध्या कुशवाहा, आर.डी. प्रजापति, उषा चौधरी, सीएल. वंशकार शामिल होंगे। इस अवसर पर सामाजिक समरसता और आरक्षण पर चर्चा होगी, साथ ही साहू जी महाराज के सामाजिक न्याय के लिए किए गए योगदान को याद किया जाएगा।

अमरकंटक से भोरमदेव मंदिर तक 150 किमी की यात्रा करेंगी विधायक

## कांवड़ यात्रा में शामिल हुईं विधायक भावना बोहरा

हरिभूमि न्यूज ⏭ कबीरधाम

प्रदेश की भाजपा महिला विधायक भावना बोहरा ने सावन माह के दूसरे सोमवार से अमरकंटक से भोरमदेव मंदिर तक 150 किमी की कांवड़ यात्रा शुरू कर दी है। वे कबीरधाम जिले के पंडरिया विधानसभा क्षेत्र की विधायक है।



उन्होंने बताया कि सावन माह के द्वितीय सोमवार के पावन अवसर पर मां नर्मदा मंदिर, अमरकंटक (मध्यप्रदेश) में माँ नर्मदा और नर्मदेश्वर महादेव जी की पूजा-अर्चना कर प्रदेश वासियों की सुख-समृद्धि एवं खुशहाली की कामना के साथ भोरमदेव मंदिर तक की कांवड़ यात्रा के लिए प्रस्थान किया। 151 किलोमीटर की यह कांवड़ यात्रा केवल एक धार्मिक परंपरा नहीं, बल्कि आस्था, अनुशासन, पर्यावरण प्रेम और हमारी संस्कृति से जुड़ी एक महत्वपूर्ण रीति भी है। यह शिव भक्ति के साथ-साथ जीवन में अनुशासन और सामाजिक समरसता का अद्भुत उदाहरण है। सबके जीवन में सुख-समृद्धि का वास हो, हमारा छत्तीसगढ़ निरंतर विकास के पथ पर अग्रसर हो यही हमारी कामना है। मैं सभी श्रद्धालुओं, कांवड़ यात्रियों का आभार व्यक्त करती हूं जो आस्था, विश्वास और सनातन संस्कृति की इस महत्वपूर्ण यात्रा में मेरे साथ सहभागी बने हैं।

वहीं, इस यात्रा का 27 जुलाई को भोरमदेव मंदिर (कबीरधाम) में समापन होगा। इसी प्रकार प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी कबीरधाम जिले से जल लेकर अमरकंटक प्रस्थान करने वाले कांवड़ यात्रियों की सेवा के लिए मेला मैदान, नया नगर पालिका परिसर, अमरकंटक, जिला अनुपपुर (एमपी) में निःशुल्क भोजन एवं विश्राम की सुविधा प्रारंभ की गई है। इसे भावना बोहरा द्वारा संचालित की जा रही है।यह सेवा 11 जुलाई से 6 अगस्त तक जारी रहेगी।

स्पेशल डीजी महिला सुरक्षा शाखा के निर्देश

## पॉक्सो एक्ट के मामलों में तय समय सीमा में कोर्ट में पेश करें आरोपियों के खिलाफ चार्जशीट

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

यौन अपराधों से बच्चों को संरक्षण देने के लिए पॉक्सो एक्ट, प्रोटेक्शन ऑफ चिल्ड्रन फ्राम सेक्सुअल अफेंसेस एक्ट अधिनियम लागू है। इस प्रावधान में बच्चों के साथ यौन अपराधों को घटित करने वाले आरोपियों के खिलाफ कड़े प्रावधान हैं। हालांकि इस तहत के मामलों में जब पुलिस तय सीमा में कोर्ट में चार्जशीट पेश नहीं करती तो कोर्ट में मामले प्रभावित होते हैं। कई बार आरोपियों को जमानत का लाभ भी मिल जाता है। हाल ही में महिला सुरक्षा शाखा ने भी इस तरह के मामलों की प्रदेश भर की समीक्षा की तो पाया गया कि 65 फीसदी मामलों में ही समय सीमा के अंदर चार्जशीट अदालत में पेश की गई है।

35 प्रतिशत मामलों में पुलिस समय सीमा के प्रावधान का पालन नहीं कर सकी, इसीलिए पुलिस मुख्यालय की महिला सुरक्षा शाखा के स्पेशल डीजी अनिल कुमार ने जिलों के लिए इस संबंध में निर्देश भी दिए हैं कि बच्चों से जुड़े अपराधों में तय समय में ही आरोप-पत्र अदालत में दाखिल कराया जाएं।

### चालान पेश नहीं होने पर होगी कार्रवाई




स्पेशल डीजी ने जिला के अफसरों को हिदायत भी दी है कि समय सीमा के अंदर पेश यदि अदालत में चालान पेश नहीं होने का मामला सामने आता है तो संबंधित अफसर को जिम्मेदार माना जाएगा। वहीं उसके खिलाफ एक्शन भी लिया जाएगा।

### पॉक्सो एक्ट में हैं सख्त सजा का प्रावधान

पाक्सो एक्ट में बच्चों के विरूद्ध घटित होने वाले विभिन्न अपराधों के लिए अलग-अलग सजा का प्रावधान है, जिसमें 3 साल से लेकर मृत्युदंड तक शामिल है। इस तरह के अपराध को गैर जमानती श्रेणी में रखा गया है। पॉक्सो एक्ट जो वर्ष 2012 में लागू किया गया, इस एक्ट में वर्ष 2020 में संशोधित कर अधिकतम सजा में मृत्युदंड तक का प्रावधान जोड़ा गया। वहीं विशेष न्यायालय में ही इस तरह के मामलों की सुनवाई हो रही है।

### 60 दिन के अंदर चालान प्रस्तुत करने का नियम

विधिक जानकारों की माने तो पॉक्सों एक्ट के मामलों में पुलिस द्वारा 60 दिन के अंदर अदालत में चार्जशीट दाखिल करने का प्रावधान है। किन्ही विशेष कारणों में ही इसे 90 दिन तक किया जा सकता है। हालांकि अधिकांश मामलों में पुलिस आरोपी की गिरफ्तारी के बाद ही चालान प्रस्तुत करती है, ताकि पुलिस अपनी विवेचना को पूरा दिखा सके। आरोपी की फरार होने की स्थिति में चालान प्रस्तुत करने की स्थिति में पुलिस को ट्रायल में कई तरह की दिक्कत आती है। इसलिए ज्यादातर मामलों में पुलिस आरोपी को पकड़ने के बाद ही चालान पेश करती है।





शाही सवारी के दर्शन करने उमड़ी भक्तों की भीड़



# प्रजा के हाल जानने निकले गुप्तेश्वर महादेव

**जबलपुर।** स्वयंभू भगवान श्री गुप्तेश्वर महादेव की शाही सवारी यात्रा संस्कारधानी मे महाकाल की तर्ज पर श्रावण मास की द्वितीय सोमवार को निकली गई, जिसमें भगवान स्वयं अपने भक्तों को सुख शांति एवं समृद्धि का आशीर्वाद देने नगर भ्रमण पर निकले। गुप्तेश्वर महादेव रामेश्वरम के उपलिंग है जब भगवान श्री रामचंद्र जी को 15 वर्ष का बनवास हुआ था तब बनवास के दौरान उन्होंने यहां गुप्त गुफा भगवान गुप्तेश्वर शिवलिंग का निर्माण कर अपने हाथों से पूजन अर्चन किया था। गुप्तेश्वर महादेव की शाही सवारी यात्रा सुबह 10 बजे गुप्तेश्वर महादेव मंदिर से प्रारंभ हुई। प्रारंभ में मंदिर प्रांगण में गुप्तेश्वर पीठाधीश्वर स्वामी डॉ मुकुंद दास महाराज की अध्यक्षता में डॉ स्वामी नरसिंहदास महाराज के सानिध्य में एवं अन्य संतों की अगुवाई में पूजन अर्चन किया गया। भगवान गुप्तेश्वर महादेव जी की शाही यात्रा में शक्ति नगर चौक में पं. द्वारिका प्रसाद मिश्रा, मजले मिश्रा एवं ऋषभ मिश्रा के द्वारा महाआरती का भव्य आयोजन किया गया।इसी क्रम में शाही सवारी की कृपाल चौक में जनता जनार्दन द्वारा अगवानी की गई। शाही सवारी यात्रा का जगह जगह स्वागत और पुष्पवर्षा होती रही। नागपुर से आए ढोल विशेष आकर्षण का केंद्र रहे। इसी क्रम में शास्त्री बीच में पंकज पांडे एवं उनकी टीम के द्वारा भगवान की अगवानी महाआरती के साथ की गई। शाही सवारी यात्रा में मंदिर के ट्रस्टी महापौर जगत बहादुर अन्नू महापौर, विधायक अजय बिश्नोई, विधायक अशोक रोहाणी, विधायक लखन घनघोरिया , विधायक डॉ अभिलाष पांडे , पूर्व विधायक विनायक सक्सेना, नेता प्रतिपक्ष अमरीश मिश्रा, भाजपा नगर अध्यक्ष रत्नेश सोनकर विशेष रूप से शामिल थे। शाही सवारी यात्रा का समापन कटरा वाले हनुमान मंदिर मिलौनीगंज में हुआ, जहां पूजन अर्चन एवं प्रसाद वितरण किया गया। शाही सवारी यात्रा समिति में संयोजक द्वारिका प्रसाद मिश्र, पंकज पांडे, मंदिर परिवार के एड राजेश तिवारी, पिंकी अग्रवाल, एड उत्कर्ष रावत, राजेंद्र, शेखर सराफ, हर्ष इंदु तिवारी, कमलेश अग्रवाल, कमलेश जायसवाल, डॉ विशेष केसरवानी, रश्मि, सुषमा, एकलव्य ठाकुर मनप्रीत, सर्वेश रजक, मोहित झारिया, महेश केसरवानी आदि ने शाही सवारी यात्रा में अपना महत्वपूर्ण योगदान दिया।

### महापौर द्वारा भोलेनाथ की सवारी का पूजन अर्चन

सावन के दूसरे सोमवार पर निकली भोलेनाथ की शाही सवारी के अवसर पर मुख्य बस स्टेण्ड पर महापौर जगत बहादुर अन्नू द्वारा भगवान शिव का पूजन अर्चन किया गया। महापौर ने भगवान शिव से शहर में अमन चैन एवं खुशहाली हेतु प्रार्थना की।

### शाही यात्रा की महाआरती करने उमड़े श्रद्धालु

गुप्तेश्वर महादेव महाराज की शाही यात्रा पर सोमवार को बड़ा फुहारा में भव्यता के साथ महाआरती की गई। जैसे ही शाही यात्रा बड़ा फुहारा पहुंची तो बम-बम भोले के साथ यात्रा का स्वागत किया गया। उज्जैन की तर्ज पर नगर भ्रमण में प्रजा का हाल जानने निकले गुप्तेश्वर महाराज का बैण्ड की धुन और आतिशबाजी कर स्वागत किया गया। विधि-विधान से पूजन अर्चन कर भक्तों ने भगवान से आशीर्वाद लिया। मां नर्मदा महाआरती गौरीघाट के संस्थापक एवं सचिव डॉ. सुधीर अग्रवाल के नेतृत्व में सैकड़ों की संख्या में लोगों ने भगवान भोलेनाथ की महाआरती की। महाआरती करने वालों डॉ. सुधीर अग्रवाल, शरद अग्रवाल, सचिन अग्रवाल, पं. मनमोहन दुबे, आदि शामिल थे।

## कांवड़ यात्रा में देहदानी तरुण संत ने दिया नेत्रदान का संदेश

**जबलपुर।** विराट संस्कार कांवड़ यात्रा में मुख्य आकर्षण का केन्द्र बने रहे देहदानी सिंधी समाज के युवा तरुण संत दिलीप कुमार खत्री उर्फ दिलीपानंद महाराज। उन्होंने स्वामी अशोकानंद महाराज के आशीर्वाद से गौरीघाट में माँ नर्मदा का पूजन अर्चन कर कांवड़ियों के साथ स्वयं की मोटर साइकल से नेत्रदान का पोस्टर लगाकर यात्रा प्रारंभ की और सम्पूर्ण शहर में भ्रमण कर मटामर तक लगभग 35 किलोमीटर आमजन को नेत्रदान करने का संदेश देकर जागरूक किया। कांवड़ यात्रा में दिलीपानंद महाराज द्वारा दिए नेत्रदान के संदेश को यात्रा में शामिल सभी संतों, जनप्रतिनिधियों, अधिकारियों एवं कांवड़ियों ने सराहा और अपना सहयोग देने का आश्वासन दिया।

## यश नर्सरी हा.से. स्कूल अधारताल में अलंकरण समारोह आयोजित



**जबलपुर।** "नेतृत्व कोई पद नहीं, यह एक ज़िम्मेदारी है" इस मूल मंत्र को साकार करते हुए यश नर्सरी हायर सेकेंडरी स्कूल, अधारताल में अलंकरण समारोह का भव्य आयोजन अत्यंत गरिमामयी वातावरण में संपन्न हुआ। यह आयोजन विद्यार्थियों में उत्तरदायित्व, अनुशासन और नेतृत्व के गुणों को नमन और सम्मान देने का प्रेरक अवसर बना।

मुख्य अतिथि के रूप में पधारे सूर्यकांत शर्मा, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक, जबलपुर ने छात्र प्रतिनिधियों को प्रतीक चिन्ह (बैज) प्रदान कर उन्हें विद्यालय कैबिनेट की शपथ दिलाई। अपने प्रेरणादायी संबोधन में उन्होंने कहा- "नेतृत्व का अर्थ केवल आगे बढ़ना नहीं, अपितु दूसरे लोगों को साथ लेकर आगे बढ़ाना है। ईमानदारी, अनुशासन और समर्पण यही एक सच्चे नेता की पहचान हैं।" विशिष्ट अतिथि डॉ. विजयकांत तिवारी, विद्यालय समूह के संचालक ने छात्रों को अपने जीवन में सकारात्मक सोच, आत्म-नियंत्रण और दूरदृष्टि अपनाने की प्रेरणा दी। उन्होंने कहा कि विद्यालय कैबिनेट छात्रों को लघु प्रशासनिक जिम्मेदारियों के माध्यम से भविष्य का नेतृत्वकर्ता बनने का प्रशिक्षण देती है। कार्यक्रम का प्रारंभ विद्यालय की छात्राओं द्वारा प्रस्तुत "नेतृत्व और कर्तव्यबोध" विषय पर आधारित भावनात्मक नृत्य-नाटिका से हुआ, जिसने उपस्थितजनों को प्रेरणा, चेतना और सशक्तिकरण का संदेश दिया। इस सांस्कृतिक प्रस्तुति को सभी अतिथियों ने सराहते हुए तालियों से अभिनंदित किया। इस आयोजन की सफलता में विद्यालय स्टाफ की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण रही। श्रीमती श्रेया तिवारी, अतुल श्रीवास्तव, अंकिता तिवारी, प्रीति हल्दकार, प्रतीक्षा ज्योतिषी, अनुभा कश्यप, आदर्श रघुवंशी, रिंकू शाह, संगीता गौर एवं वैशाली श्रीवास ने संपूर्ण आयोजन की योजना, संयोजन और संचालन में अत्यंत कुशलता और समर्पण का परिचय दिया।

## गढ़ा गोंडवाना संरक्षण संघ ने अजय झारिया, सुरेंद्र लखेरा और राजेश बुनकर को किया सम्मानित



**जबलपुर।** गढ़ा गोंडवाना संरक्षण संघ जबलपुर के तत्वावधान में 20 जुलाई 2025 को गोंडवाना साम्राज्य के अमर शहीद राजा शंकर शाह कुंवर रघुनाथ शाह प्रतिमा स्थल में गोंडवाना संरक्षण, नगर निगम परिसंघ एवं विभिन्न संस्थाओं के प्रतिनिधियों द्वारा रानी दुर्गावती विश्वविद्यालय में लंबे समय से कार्यरत अजय झारिया को सहायक कुल सचिव के पद का प्रभार प्राप्त होने पर संगठन की ओर से किशोर लाल भलावी, नेम सिंह मरकाम, मुक्तेश्वर राव और राजेंद्र चौधरी ने शाल, श्रीफल मोमेंटो, सम्मान पत्र देकर सम्मानित किया। इसी प्रकार सुरेन्द्र लखेरा को अजाक्स नगरीय निकाय प्रकोष्ठ के प्रांतीय महासचिव एवं जबलपुर संभाग प्रभारी नियुक्त होने पर उन्हें संघ, नगर निगम परिसंघ की ओर से राजेंद्र कापसे, मुक्तेश्वर राव, एमएल मर्सकोले, एसएलआर बर्मन, जेपी मेहरा, जय केवट आदि ने शाल श्रीफल, माला पहना कर तथा सम्मान पत्र देकर सम्मानित किया। इसी प्रकार परिसंघ के संयुक्त सचिव एवं नवोदित उद्योगपति राजेश बुनकर को संघ की ओर से जगदीश नन्हेट, राजकुमार वर्षे, सुनील रैकवार, मुक्तेश्वर राव ने शाल, श्रीफल, सम्मान पत्र देकर सम्मानित किया। इस अवसर पर कार्यक्रम में राजेंद्र चौधरी, जय केवट, राजकुमार बरसे, भारतकांत, एसआर नागवंशी, राकेश धुर्वे, अजीत सिंह, गया प्रसाद धुर्वे, सुनील रैकवार, श्याम नारायण बिरहा, मनोहर राम, राजू प्रसाद बर्मन, राजेश चौधरी, आदि ने सैकड़ों की संख्या में उपस्थित होकर कार्यक्रम को सफल बनाया।



## क्रमोन्नति आदेश जारी न होने पर जिला शिक्षा अधिकारी को सौंपा ज्ञापन

**जबलपुर।** शिक्षक संघ के समस्त शिक्षकों ने 12 वर्षीय क्रमोन्नति आदेश जारी न होने पर जिला शिक्षा अधिकारी को ज्ञापन सौंपा। बताया गया पूर्व में 29.11.2024 में जारी क्रमोन्नति आदेश सूची में हम सभी शिक्षकों के नाम नहीं जारी हुए, जिस पर हम सभी ने वरिष्ठ कार्यालय में संपर्क करने पर कुछ सीआर (गोपनीय चरित्र प्रमाण पत्र) में त्रुटिपूर्ण बताये जाने के बाद सभी के द्वारा सुधार कार्य अपने संकुल स्तर से करके फाइल ऑफिस में जमा कर दी गई है, किन्तु आज दिनांक तक हम निम्न माध्यमिक, शिक्षकों के 12 वर्षीय क्रमोन्नति आदेश जारी नहीं हुए हें, जिससे हमें आर्थिक नुकसान हो रहा है, हमने बार-बार जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय में व्यक्तिगत रूप से भी सुधार हेतु फाइल जमा की, इसके बाद भी आज तक हमारे आदेश की कोई जानकारी नहीं है। डीईओ ऑफिस में ज्ञापन देते समय सतीश कुमार खरे, संतोष मिश्रा, महेश नाग़फ़ासे, संतलाल धुर्वे, पुष्पा गोंड, रत्न बहेरिया, नरेंद्र उइके, दिनेश विशेन, तरनजीत कौर, संजय दुबे, नीरज साहू, मनीषा पटेरिया सहित अनेक शिक्षक उपस्थित रहे।

## मानसिक एवं बौद्धिक कार्यक्षमता बढ़ाने कार्यशाला संपन्न



**जबलपुर।** महाराष्ट्र शिक्षण मंडल जबलपुर के शताब्दी समारोह में आयोजित कार्यक्रमों की श्रृंखला में 21 जुलाई 2025 को पूर्वान्ह 11 बजे महाराष्ट्र विद्यालय के सभागृह में मंडल के अंतर्गत कार्यरत तीनों शाला एवं महाविद्यालय के शिक्षकों के लिये विश्वविख्यात मनःशक्ति प्रयोग केन्द्र लोणवला (पुणे) से विशेष रूप से आमंत्रित विशेषज्ञों द्वारा बालसमस्या एवं तनाव मुक्ति विषय पर वैज्ञानिक विधियों पर आधारित तकनीकों के माध्यम से प्रशिक्षण आयोजित किया गया। कार्यक्रम में शिक्षण मंडल के अध्यक्ष डॉ. जयंत तनखीवाले, उपाध्यक्ष उदय परांजपे, सचिव प्रमोद पाठक, सभी संस्थाओ के प्राचार्य एवं शिक्षकगण उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन शताब्दी समारोह समिति के सचिव अविनाश हलबे ने किया। प्रशिक्षण के इस सत्र में दिनांक 24 जुलाई तक विद्यार्थियों को परीक्षा का डर दूर करना, याददाश्त बढ़ाना, ग्रहण शक्ति एवं आत्मविश्वास बढ़ाने जैसी तकनीक का अभ्यास कराया जाएगा।

## रिमझिम फुहार सावन कार्यक्रम रहा मनोहारी

**जबलपुर।**



स्थानीय श्रीश्री सुप्तेश्वर गणेश मंदिर में मंदिर समिति के भक्त एवं साथियों के द्वारा रिमझिम फुहार सावन कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें बड़ी संख्या में मातृशक्ति एवं पुरुष शामिल हुए। कार्यक्रम में आने वाले श्री गणेश पर्व पर चर्चा के साथ लजीज व्यंजनों का आनंद सभी साथियों ने लिया, वहीं मुख्य रूप से भुट्टे को लोगों ने अत्यधिक रूप से सेवन कर आनंद लिया। कार्यक्रम में अखिल भारतीय क्षत्रिय महासभा के प्रदेश अध्यक्ष शैलेंद्र सिंह, नर्मदा सभा के अध्यक्ष मुकेश चतुर्वेदी, पार्षद हेमलता सिंहरौल, सुप्तेश्वर विकास समिति के अध्यक्ष विजय चौधरी, सचिव अनिल कुमार सिंह, कोषाध्यक्ष राकेश पटेल, उपाध्यक्ष रामेश्वर चौबे, प्रदीप जानी, मोहन अग्रवाल, राजेंद्र राय, एससी तिवारी, विजय सोनी, अशोक शर्मा एवं महिला मंडल अध्यक्ष आशा शर्मा, उपाध्यक्ष किरण कोस्टा, सीमा सिंह जग्गी, मंजू पटेल, ललिता अग्रवाल, अनुसूया सिंह, रजनी अलुवालिया, मोहनी व अन्य पधारे।



## "हरि व्यापक सर्वत्र समाना" प्रभु का नाम सुमिरन व संकीर्तन अवश्य करें : पं. दुबे

**जबलपुर।** श्री चैतन्य महाप्रभु संकीर्तन मण्डल जाबालिपुरम के संयोजकत्व में श्रावण मास पर जारी संकीर्तन माला के सप्तम दिवस आज लघुकाशी गढ़ा स्थित "मुक्त चंद" भवन में सियाराम जय राम जय जय राम, गौरीशंकर सीताराम पार्वती शिव सीताराम जैसे समधुर भजनों एवं हरिनाम संकीर्तन से गुंजायमान रहा। इस अवसर पर संकीर्तनाचार्य पं. मनमोहन दुबे ने कहा कि भगवान हर जगह व्याप्त हैं "हरि व्यापक सर्वत्र समाना" प्रभु का नाम सुमिरन संकीर्तन सर्व फल प्रदायक है। कार्यक्रम में मण्डल के संयोजक देवेन्द्र नेमा, सुदेश-वंदना श्रीवास्तव, पं. अवधेश गौतम, डॉ. संदीप नेमा, श्रीराम झारिया, अम्बर श्रीवास्तव, पायल-अर्जुन, रिया श्रीवास्तव, मनोहर बर्मन, राजकुमार सिंगरहा, दिनेश श्रीवास्तव, सत्यप्रकाश नामदेव, प्रभाकर चतुर्वेदी, पप्पू चौबे, राजेंद्र सोनी, अवधेश खरे, रमेश विश्नोई, मंगलसिंह पटेल, मोनी विश्वकर्मा, शिवा नामदेव, रंजीत राय, विशाल पंड्या आदि भक्तजन उपस्थित रहे।



## रोटरी क्लब एक्सीलेंस ने किया पौधा रोपण

**जबलपुर।** रोटरी क्लब एक्सीलेंस द्वारा 21 जुलाई को पौधा रोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया। आयोजन के तहत क्लब के सभी रोटेरियन की सहभागिता से शासकीय श्रमोदय आवासीय विद्यालय चूल्हागोलाई, मंडला रोड पर पौधे रोपित किए गए, जिसमें विद्यालय के प्राचार्य, शिक्षक एवं विद्यार्थी शामिल रहे। साथ ही रोटरी क्लब के अध्यक्ष अशोक कुमार साहू, रोटे. शैलेन्द्र जेठा (कोषाध्यक्ष) एवं पूर्व अध्यक्ष आशीष जैन, अनिल दुबे व डॉ. विकास सावला (अस्थि रोग विशेषज्ञ) एवं योगेश दत्त शर्मा ने सपत्नीक पौधा रोपित किया। इस अवसर पर रामकृष्ण चौकसे, एमएलवी राव, राजेश कुंभारे, शालीन अग्रवाल सहित सभी रोटेरियन उपस्थित रहे।



### प्रदेश अध्यक्ष ने की पूर्व सांसद जयश्री बनर्जी से मुलाकात

**जबलपुर।** भाजपा प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल ने प्रथम आगमन पर सिविल लाइन स्थित पचपेड़ी निवास पहुँचकर सांसद जयश्री बैनर्जी से सौजन्य भेंट की और उनका हाल-चाल जाना। इस अवसर पर संगठन मंत्री हितानंद शर्मा, राज्यसभा सांसद सुमित्रा बाल्मिक, जिला अध्यक्ष रत्नेश सोनकर, दीपांकर बैनर्जी, सुजीत बैनर्जी, आशीष बैनर्जी, रूपा बैनर्जी और मिताली बनर्जी सहित अन्य उपस्थित रहे।

### श्री श्याम झूला उत्सव आयोजित हुआ



**जबलपुर।** श्री श्याम महिमा मंडल के तत्वावधान में एक सप्ताह का श्री श्याम झूला उत्सव आयोजित किया जा रहा है। जिसमें दिल्ली से बाबा का शीश जबलपुर आया है और बाबा का छठवां दिन का कार्यक्रम मंडल के अध्यक्ष ओम प्रकाश अग्रवाल के घर पर संपन्न हुआ। ओम प्रकाश अग्रवाल, पवन बागरोदिया ने बताया कि प्रतिदिन अलग-अलग श्री श्याम भक्तों के निवास स्थान पर यह आयोजन किया जा रहा है।

**CHANGE OF NAME AND DATE OF BIRTH**

I Army No 4002164N Rank Ex Sep Name Raj Pal S/o Late Sh. Roshan Lal Presently Resident at Village Rakhera P/o Baroti Tehsil Dharampur Distt. Mandi HP Pin Code 175040 Unit 9 Dogra do hereby solemnly affirm and declare as under- That the correct Date of Birth of my mother Smt Sawitri is 01-01-1957 and the my mother's Date of birth has been written as 20-04-1965 on ECHS Card no.- CM 000003624124 and on my 9 Dogra Sevice Records as 20-04-1965. That in other Govt record and document s my mother,s date of birth has been written correct as 01- 01-1957 on his adhar Card no 9983 5174 1436 and copy of pariwar Register Gram Panchyat (copy enclosed). That now I solicits this affidavit in favour of the concerned 9 Dogra Authority for reference and records and that the correct date of birth of my mother be written as 01-01-1957 on the concerned records instead of as 20-04-1965. That if anything proved wrong in my statement at later stage, I shall be prosecuted as per law.

Aadhar No: 4024 4440 2372 Deponent

**कार्यालय, सम्भागीय अधिकारी सम्भाग क्रमांक 13 , नगर निगम, जबलपुर**
पत्र क्रं /संभा.अधि./13/मुख्यालय 2025-26/एम/79
दिनांक :- 21/07/2025

**भवन नामांतरण सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि श्री ऋषि कुमार ठाकुर पिता श्री विशनदास ठाकुर ने मकान नं. 1 से 8 का भाग वार्ड स्वामी दयानंद सरस्वती भूतल 381.98 वर्गफुट विक्रयपत्र के आधार पर नगर निगम द्वारा प्रदत्त मकान नं. पर नामांतरण हेतु आवेदन दिया है। जिस किसी को भी उक्त नामांतरण पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अंदर कार्यालय संभाग क्रमांक-13 मुख्यालय में प्रमाण सहित आपत्ति प्रस्तुत करें।

राजस्व निरीक्षक
संभाग क्रं.13 मुख्यालय
नगर निगम, जबलपुर

**आम सूचना**

एतद् द्वारा सर्वसाधारण व आम आदमी को सूचित किया जाता है, कि मेरे पक्षकार ने विक्रेता श्री मनोज कुमार सूद पिता - श्री सुखदेव कुमार सूद, निवासी सी-180, शैलेन्द्र नगर, तहसील व जिला रायपुर छ.ग. के हक, अधिपत्य व स्वामित्व की भूमि (प्लॉट) जो कि वाके मौजा ग्राम - देवपुरी, प.ह.न. 114 ( नया 00052), रा.नि.मं.: रायपुर - 2, तहसील रायपुर, जिला रायपुर, छ.ग. में स्थित भूखण्ड नं. 5,6,7,8 और 9 जिसका खाता नं. 1150, खसरा नं. 31/2, 35 / 3,35 / 30,36, 37 / 2, सभी खसरें का रकबा या क्षेत्रफल - 6836.81 वर्गफुट, निजी भूमि को क्रय करने का पक्का सौदा कर ब्याना की राशि प्रदान कर करार नामा निष्पादित किया जा चुका है, व बकाया प्रतिफल अदायगी उपरांत बैनामा पंजीयन कराया जाना शेष है ।

उपरोक्त वर्णित संपत्ति के संबंध मे कोई भी व्यक्ति, कोई परिवारिक सदस्य, किसी संस्था ( शासकीय, अर्द्धशासकीय, वित्तीय निकाय) फर्म, समूह, कंपनी, ट्रस्ट या अन्य किसी को विक्रय करने के संबंध मे कोई दावा आपत्ति हो तो 07 दिनों के अंदर मय दस्तावेज सहित मेरे कार्यालय मे उपस्थित होकर दावा आपत्ति प्रस्तुत करें। समयावधि पश्चात की गयी दावा आपत्ति मान्य नहीं होगी एवं मेरे पक्षकार के द्वारा अपने पक्ष में विक्रय पंजीयन की कार्यवाही करा लिया जावेगा। जो कि मेरे पक्षकार पर बंधनकारी नहीं होगी ।

सो सूचना जानें।

दिनांक- 21/07/2025
नीलेश कुमार देवांगन, अधिवक्ता
एन. के. देवांगन एण्ड कं.
पंचपथ पारा चौक, भोई पारा के पास,
वार्ड- ब्राम्हण पारा, रायपुर, छ.ग.
मो. 9300302418

**नाम परिवर्तन सूचना**

मैं RIMSHA IRFAN ANTHONY उम्र 29 वर्ष W/O NIGEL ANTHONY मेरे पासपोर्ट नं. R7537051 में मेरा विवाह पूर्व का नाम RIMSHA IRFAN लिखा हुआ है जो की विवाह के बाद मेरा नाम RIMSHA IRFAN ANTHONY हो गया है जो मेरे आधार और अन्य सरकारी दस्तावेजों में दर्ज है अत: मुझे मेरे नए नाम RIMSHA IRFAN ANTHONY से जाना पहचाना जाए।

नया नाम
RIMSHA IRFAN ANTHONY
पुराना नाम
RIMSHA IRFAN
पता -: 183 एमसीआई कटंगा जबलपुर

**कार्यालय, सम्भागीय अधिकारी सम्भाग क्रमांक 13 , नगर निगम, जबलपुर**
पत्र क्रं /संभा.अधि./13/मुख्यालय 2025-26/एम/78
दिनांक :- 21/07/2025

**भवन नामांतरण सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि श्रीमति सपना ठाकुर पति श्री ऋषि कुमार ठाकुर ने मकान नं. 1 से 8 का भाग वार्ड स्वामी दयानंद सरस्वती भूतल 381.98 वर्गफुट विक्रयपत्र के आधार पर नगर निगम द्वारा प्रदत्त मकान नं. पर नामांतरण हेतु आवेदन दिया है। जिस किसी को भी उक्त नामांतरण पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अंदर कार्यालय संभाग क्रमांक-13 मुख्यालय में प्रमाण सहित आपत्ति प्रस्तुत करें।

राजस्व निरीक्षक
संभाग क्रं.13 मुख्यालय
नगर निगम, जबलपुर

# गीतम डीम्ड-टू-बी यूनिवर्सिटी ने मनाया 16वां दीक्षांत समारोह




**विशाखापत्तनम।** भारत के प्रमुख उच्च शिक्षा संस्थानों में से एक, गीतम डीम्ड यूनिवर्सिटी, जिसके परिसर आंध्र प्रदेश, तेलंगाना और कर्नाटक में फैले हैं, ने अपने हैदराबाद परिसर में भव्यता के साथ अपना 16वां दीक्षांत समारोह मनाया। इंजीनियरिंग, फार्मेसी, वास्तुकला, प्रबंधन, मानविकी, कानून, विज्ञान और पैरामेडिकल विज्ञान सहित विभिन्न विषयों के कुल 6,500 छात्रों को डिग्री प्रदान की गईं। इस कार्यक्रम ने अनुसंधान में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि भी चिह्नित की, जिसमें लगभग 250 पीएचडी विद्वानों ने डॉक्टरेट की उपाधि प्राप्त की।

विश्वविद्यालय ने समाज में उनके उत्कृष्ट योगदान के लिए तीन प्रतिष्ठित व्यक्तियों को मानद डॉक्टरेट की उपाधि भी प्रदान की। इंदिरा गांधी परमाणु अनुसंधान केंद्र के पूर्व निदेशक डॉ बी वेंकटरमन को भारत की रक्षा और एयरोस्पेस क्षमताओं को आगे बढ़ाने, परमाणु इंजीनियरिंग और गैर-विनाशकारी मूल्यांकन में उनके अग्रणी कार्य के लिए मानद डॉक्टर ऑफ साइंस प्राप्त हुआ। प्रसिद्ध सामाजिक उद्यमी और कम लागत वाली सैनिटरी पैड बनाने वाली मशीन के आविष्कारक अरुणाचलम मुरुगनंथम को मासिक धर्म संबंधी स्वास्थ्य जागरूकता और ग्रामीण आजीविका में उनके परिवर्तनकारी योगदान के लिए डॉक्टर ऑफ लेटर्स (डी.लिट.) की उपाधि से सम्मानित किया गया। भारत के बुनियादी ढाँचा क्षेत्र के अग्रणी नेता आर. वेंकटेश्वर राव को उनके असाधारण योगदान के लिए मानद डॉक्टर ऑफ लेटर्स की उपाधि से सम्मानित किया गया।

नैसकॉम के पूर्व अध्यक्ष डॉ. किरण कार्णिक मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित हुए और अपने दीक्षांत भाषण से छात्रों को प्रेरित किया। गीतम के अध्यक्ष और विशाखापत्तनम के सांसद एम. श्रीभारत ने राष्ट्रीय परिवर्तन के लिए प्रासंगिकता-आधारित शिक्षा को बढ़ावा देने के विश्वविद्यालय के दृष्टिकोण को साझा किया। कुलपति प्रो. एरोल डिसूजा, हैदराबाद परिसर के सह-कुलपति प्रो. डी.एस. राव और कुलसचिव डॉ.डी.गुणशेखरन ने स्नातकों को बधाई दी और उन्हें अपने भविष्य के प्रयासों में उत्कृष्टता प्राप्त करने के लिए प्रोत्साहित किया।

# मरीज में लक्षणों से समझ सकते है पार्किन्सन रोग की स्थितिः डॉ. अभिषेक वानकर



**जबलपुर।** पार्किन्सन रोग मस्तिष्क की एक बीमारी है, जिसमें मस्तिष्क की कुछ कोशिकाएँ अपना काम ठीक से करना बंद कर देती हैं। इससे शरीर में कई तरह के लक्षण दिखाई देने लगते हैं। यह बीमारी दुनिया में पिछले 200 सालों से जानी जाती है। डॉ. अभिषेक वानकर, न्यूरोलॉजिस्ट, मॅक्स हॉस्पिटल, नागपूर ने इसके बारे में जानकारी साझा की। डॉ. अभिषेक वानकर, न्यूरोलॉजिस्ट, मॅक्स हॉस्पिटल, नागपूर ने बताया की पार्किन्सन रोग के लक्षण दो तरह के होते हैं – एक जो शरीर की गतिविधियों को प्रभावित करते हैं और दूसरे जो नहीं करते। मुख्य लक्षणों में रोजमर्रा के काम जैसे बिस्तर पर करवट बदलना, उठना, चलना, खाना, नहाना धीमे हो जाते हैं। मरीज को शरीर में जकड़न या कसाव महसूस हो सकता है। इस बीमारी का सबसे दिखने वाला लक्षण हाथों और पैरों का कांपना हो सकता है, जो हल्का या ज्यादा हो सकता है। मरीज का संतुलन बिगड़ सकता है और वह कभी-कभी गिर भी सकता है। समय के साथ मरीज और उसके परिवारजन ये लक्षण बढ़ते हुए महसूस करते हैं। दूसरे प्रकार के लक्षण वे होते हैं जो शरीर की गतिविधियों को सीधे प्रभावित नहीं करते। इनमें सबसे आम समस्या कब्ज (कॉन्स्टिपेशन) होती है। मरीज को बातें समझने में परेशानी हो सकती है, कभी-कभी उसे भ्रम या कुछ चीजें असल में न होते हुए भी दिखाई दे सकती हैं (हैलुसिनेशन)। सूंघने और स्वाद की क्षमता कम हो सकती है। मरीज को चिंता, उदासी (डिप्रेशन) या डर (फोबिया) भी हो सकता है। कुछ मरीजों को यौन कमजोरी (इरेक्टाइल डिस्फंक्शन) या सिर चकराने जैसी समस्या हो सकती है। नींद की समस्या हो सकती है और कुछ लोग सपनों को हकीकत में जीने जैसा व्यवहार भी करते हैं। मरीज को शरीर में बिना कारण के दर्द या थकान भी महसूस हो सकती है। इन सभी लक्षणों से इस बीमारी की पहचान की जा सकती है।

## टमाटर हो या धनियां सभी सब्जियों के दाम दहाई के आंकड़े को पार

# गड़बड़ाया 'बजट', थैले में नहीं अब पॉलीथीन में आ रही सब्जी

वाणिज्य प्रतिनिधि ▶▶ भोपाल

राजधानी के बाजार में इन दिनों सब्जियों की कीमत आसमान छू रही है। वजह बारिश के चलते सब्जियों की आवक कम होना है। टमाटर हो या धनियां इनके दाम दहाई के आंकड़े को पार कर गए हैं, सब्जी महंगी होने से गृहणियों के रसोई का बजट गड़बड़ हो गया है। पहले जहां थैले में सब्जी आती थी, अब पॉलीथीन में आ रही है। सब्जियों पर महंगाई की मार इस कदर पड़ी है कि खरीदार भाव सुन कर तिलमिला रहा है। क्योंकि हाट बाजार में शिमला मिर्च , फूल गोभी , गिलकी, भिंडी सहित सभी तमाम सब्जियां हॉफ सेंचुरी के पार भाव पर बिक रही है।



### महाराष्ट्र, बेंगलुरू और कर्नाटक से आ रही सब्जियां

करोंद स्थित थोक सब्जी मंडी में सब्जियों की आवक महाराष्ट्र, बेंगलुरू और कर्नाटक राज्यों से हो रही है। जिससे दामों में तेजी आई है और सब्जियों में महंगाई का रंग चढ़ा हुआ है।

### भाव पर एक नजर

| | सब्जियों के थोक भाव | फुटकर भाव |
|---|---|---|
| लौकी | 18/20 | 30/40 |
| शिमला मिर्च | 50/60 | 60/70 |
| तोरई | 20/25 | 40/60 |
| टमाटर | 25/27 | 30/40 |
| बैगन भर्ता | 35/40 | 50/ 60 |
| बैगन छोटा | 20/22 | 35/ 40 |
| गिलकी | 25/30 | 40/60 |
| भिंडी | 16/22 | 30/40 |
| अरबी | 20/22 | 40/60 |
| हरी मिर्च | 70/80 | 80/100 |
| गोभी | 25/40 | 60/65 |
| पत्ता गोभी | 20 /22 | 30/40 |
| बरबटी | 35/40 | 60/80 |
| कद्दू | 10/12 | 30/40 |
| धनिया पत्ती | 40/50 | 80/100 |
| नोट : सब्जियों के रेट प्रति किलो में)बैगन छोटा | 20/22 | 35/ 40 |

### बारिश में भीगने से हो रहा हरी सब्जियों को काफी नुकसान

स्थानीय आपूर्ति प्रभावित होने से पिछले 15 दिनों में ही सब्जियों के दाम दोगुने हो गए हैं। सबसे ज्यादा असर टमाटर, शिमला मिर्च और हरी मिर्च पड़ा है। इनके साथ लोकी, तोरई, भिंडी के भाव भी बढ़ गए हैं। सब्जी मो. सलीम के मुताबिक खेतों में पानी भर गया है, जिससे स्थानीय फसलों की कटाई और आपूर्ति पर असर पड़ा है। बारिश में भीगने से हरी सब्जियों में काफी नुकसान हो रहा है।

#### सब्जियों की आवक में 30 फीसदी की कमी

सब्जी विक्रेता राजेन्द्र सैनी के अनुसार स्थानीय स्तर पर सब्जियों की आवक बहुत कम है, मंडी में 80 फीसदी सब्जियां बाहर राज्यों से आ रही है जिसके चलते सब्जियों तेवर चढ़े हुए हैं। बताया जा रहा कि बारिश के चलते स्थानीय सब्जी की फसल में काफी नुकसान हुआ है। अन्य जिलों से आने वाली सब्जियों की आवक में 30 फीसदी की कमी आई है, जिसके चलते सब्जियों के भाव लगभग दोगुने हो गए हैं। आने वाले दिनों में हरी सब्जियां और भी महंगी हो सकती हैं।

# हादसे रोकने रायपुर, कोरबा, दुर्ग-भिलाई के राजमार्ग होंगे हाईटेक आईटीएमएस कैमरों से लैस

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

हरिभूमि सरोकार

देश के 132 ऐसे शहर, जहां वर्ष 2011 की स्थिति में पांच लाख से ज्यादा की आबादी है या ऐसे मेजर डिस्ट्रिक्ट, जहां सबसे ज्यादा रोड एक्सीडेंट की घटनाएं होती हैं, उन शहरों के स्टेट हाईवे पर आईटीएएसएस योजना के तहत हाईटेक कैमरे लगाने का केंद्र सरकार ने निर्णय लिया है। रोड एक्सीडेंट रोकने बनाई गई राज्य की नोडल एजेंसी इस योजना का क्रियान्वयन करने जा रही है।

### ट्रैफिक नियमों का उल्लंघन करने पर कटेगा चालान

स्टेट हाईवे पर रांग साइड के अलावा तेज रफ्तार वाहन चलाने वालों के खिलाफ अब तक कोई कार्रवाई नहीं होती थी। आईटीएमएस कैमरे लगने के बाद स्टेट हाईवे पर रांग साइड तथा तय लिमिट से ज्यादा रफ्तार से गाड़ी चलाने वाले वाहन चालकों के खिलाफ चालानी कार्रवाई की जाएगी। ट्रैफिक उल्लंघन करने वाले वाहन चालकों का ऑनलाइन चालान जनरेट कर मोबाइल, ई-मेल के माध्यम से भेजा जाएगा।

- राज्य के इन तीन शहरों के 118 स्पॉट पर लगाए जाएंगे हाईटेक कैमरे
- जहां पर ज्यादा रोड एक्सीडेंट, उन जगहों पर केंद्र सरकार की मदद से लगाएंगे कैमरे



### जहां ज्यादा एक्सीडेंट वहीं लगाएंगे कैमरे

आईटीएमएस फेस-2 के तहत रायपुर, दुर्ग-भिलाई तथा कोरबा में 118 स्थानों पर हाईटेक कैमरे लगाए जाएंगे। कैमरे उन स्थानों पर लगाए जाएंगे, जहां रोड एक्सीडेंट की घटनाएं सबसे ज्यादा होती हैं।

\- संजय शर्मा
एआईजी ट्रैफिक

**इस वजह से लगाए जाएंगे कैमरे :** एआईजी ट्रैफिक संजय शर्मा के अनुसार, जिन स्थानों पर रोड एक्सीडेंट ज्यादा होते हैं, वहां 24 घंटे ट्रैफिक पुलिस की तैनाती संभव नहीं है। जहां ज्यादा रोड एक्सीडेंट होते हैं, कैमरे लगने के बाद उस स्पॉट की 24 घंटे निगरानी हो सकेगी। एक्सीडेंट होने पर किस वाहन चालक ने गलती की है, कैमरे के माध्यम से आसानी से इसकी जानकारी मिल पाएगी। इसके बाद दोषी वाहन चालक के खिलाफ कार्रवाई करने में आसानी होगी।

**हादसों पर लगेगी रोक :** ज्यादातर रोड एक्सीडेंट की घटनाएं स्टेट हाईवे पर होती हैं। जहां आईटीएमएस के तहत कैमरे लगाए जाने के बाद एक्सीडेंट की घटनाएं कम होंगी। कैमरे की जद में आने से बचने वाहन चालक सावधानी से गाड़ी चलाएंगे तो एक्सीडेंट की घटनाएं कम होंगी। एक्सीडेंट पर अंकुश लगने से सड़क दुर्घटना में मृतकों की संख्या में कमी आएगी।

## सार्वजनिक क्षेत्र के बैंक आत्मनिर्भर भारत की रीढ़

# सरकार से मांग, बैंक निजीकरण की योजनाओं पर तत्काल लगाई जाए रोक

वाणिज्य प्रतिनिधि ▶▶ भोपाल

ऑल इंडिया बैंक एम्प्लाईज एसोसिएशन के आह्वान पर राजधानी भोपाल में बैंक राष्ट्रीयकरण की 56वीं वर्षगांठ के अवसर पर एक संकल्प सभा का आयोजन किया गया। जिसमें राजधानी की विभिन्न बैंकों के सैकड़ों कर्मचारी व अधिकारी शामिल हुए।

इस अवसर पर वक्ताओं ने सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों की मौजूदा चुनौतियों पर चर्चा करते हुए उन्हें आत्मनिर्भर भारत की रीढ़ बताया और सरकार से मांग की कि बैंक निजीकरण की योजनाओं को तत्काल रोका जाए। अगर सार्वजनिक बैंकों को कमजोर किया गया, तो इसका सीधा नुकसान देश की अर्थव्यवस्था, रोजगार और आम आदमी की बचत पर पड़ेगा। सभा को विभिन्न बैंक यूनियनों के प्रमुख पदाधिकारियों वीके शर्मा, दीपक रत्न शर्मा, मोहम्मद नजीर कुरैशी, जेपी झवर, गुणशेखरन,भगवान स्वरूप कुशवाह, देवेंद्र खरे, विशाल धमेजा, अशोक पंचोली, किशन खेराजानी, वैभव गुप्ता सहित वरिष्ठ बैंक नेताओं ने संबोधित किया।

### रिलायंस का रिकॉर्ड मुनाफा, 26,994 करोड़ का शुद्ध लाभ

**नई दिल्ली।** रिलायंस इंडस्ट्रीज लिमिटेड ने वित्त वर्ष 2025-26 की पहली तिमाही (अप्रैल-जून) में 26,994 करोड़ रुपए का रिकॉर्ड शुद्ध लाभ दर्ज किया है, जो अब तक का उसका सबसे ऊंचा तिमाही मुनाफा है। यह लाभ पिछले साल की समान अवधि की तुलना में 78.3 फीसदी अधिक है। कंपनी के अनुसार इस वृद्धि के पीछे उपभोक्ता कारोबारों का दमदार प्रदर्शन और सूचीबद्ध निवेशों की बिक्री से प्राप्त आय प्रमुख कारण रहे। कंपनी का तिमाही लाभ 26,994 करोड़ रुपए रहा।

## यूआईडीएआई ने बनाया प्लान

# अब स्कूलों में बच्चों का आधार होगा अपडेट

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली/रायपुर

भारतीय विशिष्ट पहचान प्राधिकरण दो महीने बाद चरणबद्ध तरीके से विद्यालयों के माध्यम से बच्चों के 'बायोमेट्रिक अपडेट' शुरू करने की परियोजना पर काम कर रहा है। प्राधिकरण के मुख्य कार्यकारी अधिकारी (सीईओ) भुवनेश कुमार ने 'पीटीआई-भाषा' को बताया कि सात करोड़ से ज्यादा बच्चों ने 'आधार' के लिए अपने 'बायोमेट्रिक अपडेट' नहीं किए हैं। पांच साल की आयु के होने के बाद यह प्रक्रिया करना अनिवार्य है। कुमार ने कहा, यूआईडीएआई, विद्यालयों के जरिये अभिभावकों की सहमति से बच्चों के 'बायोमेट्रिक अपडेट' करने की परियोजना पर काम कर रहा है। हम इस समय इस प्रौद्योगिकी का परीक्षण रहे हैं और यह 45 से 60 दिनों में तैयार हो जाएगी। बच्चों के 'बायोमेट्रिक' डेटा की सटीकता और विश्वसनीयता बनाए रखने के लिए अनिवार्य 'बायोमेट्रिक अपडेट' का समय पर पूरा होना एक अनिवार्य आवश्यकता है। अगर सात वर्ष की आयु के बाद भी अपडेट नहीं किया जाता है तो मौजूदा नियमों के अनुसार, आधार संख्या निष्क्रिय की जा सकती है। यह अपडेट यदि पांच से सात वर्ष की आयु के बीच किया जाता है, तो निःशुल्क है लेकिन सात वर्ष की आयु के बाद अपडेट के लिए 100 रुपए का शुल्क निर्धारित है। इसका उद्देश्य स्कूल में दाखिला, प्रवेश परीक्षाओं के लिए पंजीकरण, छात्रवृत्ति का लाभ उठाने, प्रत्यक्ष लाभ हस्तांतरण (डीबीटी) योजनाओं आदि जैसी सेवाओं का लाभ (जहां भी लागू हो) उठाने में आधार के निर्बाध उपयोग को सुनिश्चित करना है।



### विद्यालयों-कॉलेजों में अपडेट प्रक्रिया

यूआईडीएआई के सीईओ भुवनेश कुमार ने कहा, हम विद्यालयों और कॉलेजों में दूसरी अपडेट प्रक्रिया लागू करने की योजना बना रहे हैं, जो बच्चों के 15 साल की उम्र पूरी करने के बाद की जाती है। फिलहाल, नवजात शिशुओं और पांच साल से कम उम्र के बच्चों का आधार उनके 'बायोमेट्रिक' के बिना ही बनाया जाता है।

## सरकार की 5 हजार करोड़ रु. के निवेश की बड़ी योजना

# प्राकृतिक गैस की मांग 2030 तक 60 फीसदी तक बढ़ने की संभावना

वाणिज्य प्रतिनिधि ▶▶ भोपाल

राजधानी एक स्वच्छ एवं स्वस्थ भविष्य की दिशा में बढ़ रहा है। इसके पीछे लोगों द्वारा तेजी से प्राकृतिक गैस को अपनाना है। यह सब संभव हुआ है थिंक गैस की पीएनजी की ओर रुख करने से। जिससे उत्सर्जन और ईंधन का खर्च काफी घटा है। भोपाल सहित सभी जिलों में वायु गुणवत्ता सुधारने के लिए मध्य प्रदेश सरकार ने 5,000 करोड़ रुपए के निवेश की एक बड़ी योजना बनाई है। नई नीतियों, स्थानीय प्रयासों और सरकार एवं कारोबारियों के बीच साझेदारी के साथ भोपाल धीरे -धीरे यहां के निवासियों के लिए ताजी हवा में सांस लेने का एक बेहतर बन रहा है।

### देश विश्व के सबसे बड़े गैस उपभोक्ताओं में शुमार

*भोपाल का ऊर्जा परिवर्तन राष्ट्रीय स्तर पर एक व्यापक परिवर्तन की झलक पेश करता है जहां आईईए की एक नई रिपोर्ट के मुताबिक भारत के प्राकृतिक गैस की मांग 2030 तक करीब 60 प्रतिशत तक बढने की संभावना है। यह रिपोर्ट इस देश को विश्व के सबसे बड़े गैस उपभोक्ताओं में शुमार करती है। इस बढ़ती मांग को पूरा करने के लिए प्रधानमंत्री की स्वच्छ ऊर्जा रूपरेखा में मजबूत बुनियादी ढांचे के निर्माण विशेषकर देशभर में एलएनजी नेटवर्क का तेजी से विस्तार करने को प्राथमिकता दी जा रही है।*

### स्वच्छ परिवहन आंदोलन का हिस्सा बनकर उभरा

भोपाल में लॉजिस्टिक परिचालक रमेश सिंह ने कहा कि थिंक गैस एलएनजी स्टेशन और इनकी नेट मीटरिंग सेवा से हमारे परिचालन में व्यापक पारदर्शिता और कार्यकुशलता आई है। हम रीयल टाइम आधार पर ईंधन के उपयोग पर नजर रख सकते हैं जिससे लागत नियंत्रित करने और प्रदूषण घटाने में मदद मिलती है। यहां भोपाल में एक स्वच्छ परिवहन आंदोलन का हिस्सा बनकर उभरा है।

# सीलिंग फैन दे रहे अच्छी गुणवत्ता के प्रोडक्ट्स अपनाने का सबक

**जबलपुर।** यह कहावत तो आपने सुनी ही होगी ''सस्ता रोए बार-बार, महंगा रोए एक बार' यह हमें सबक देती है कि हमें सस्ती चीज़ों के बजाए अच्छी गुणवत्ता के प्रोडक्ट में निवेश करना चाहिए। यही बात सीलिंग फैन (छत वाले पंखे) पर भी लागू होती है। भारत में उमस भरी गर्मी के बीच सीलिंग फैन का उपयोग कई गुना बढ़ जाता है। हाल ही में हुए अध्ययनों से साफ हो गया है कि 1960 के दशक में पंखों को उच्च गुणवत्ता की सामग्री से बनाया जाता था, जो आधुनिक पंखों की तुलना में बहुत लम्बे चलते थे।अध्ययनों से यह भी साफ हो चुका है कि कॉपर-वाइंडिंग वाले पंखे, एलुमिनियम वाइंडिंग की तुलना में दोगुना लम्बे चलते हैं, इसका कारण यह है कि कॉपर अधिक टिकाउ, जंग रोधी और रीसायक्लेबल होता है। वहीं एलुमिनियम वाइंडिंग का इस्तेमाल करने से पंखा जल्दी खराब होता है। कॉपर वाले पंखे आसानी से रिपेयर किए जा सकते हैं, और इनमें व्यर्थ का उत्पादन भी कम होता है। ऐसे में कुल मिलाकर कॉपर वाइंडिंग वाले पंखे से लागत की बचत होती है। कॉपर टिकाउ होने के कारण पंखे में टूट-फूट की संभावना को कम कर देता है, इससे व्यर्थ कम होने से पर्यावरण पर असर कम होता है, साथ ही पैसे की बचत भी होती है। घटिया उत्पादों को बार-बार डिस्पोज़ करने से पर्यावरण पर दबाव बढ़ता है, जो स्थायित्व के लक्ष्यों में भी बाधा पैदा करता है। इस तरह टिकाउ प्रोडक्ट्स चुनकर आप न सिर्फ अपना पैसा बचा सकते हैं, बल्कि धरती के संरक्षण में भी योगदान दे सकते हैं। इसलिए ज़रूरी है कि शॉर्ट-टर्म बचत केबजाए लॉन्ग-टर्म फायदों के बारे में सोचें।

## राशिफल

**मेष:** परिवार का साथ मिलेगा। नौकरी में अफसरों का सहयोग मिलेगा। कार्यक्षेत्र में वृद्धि के साथ स्थान परिवर्तन हो सकता है। वाणी में मधुरता रहेगी।

**वृष:** कारोबार पर ध्यान दें। कठिनाइयां आ सकती हैं। व्यर्थ की भागदौड़ बढ़ सकती है। परिवार के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। आत्मविश्वास में वृद्धि होगी।

**मिथुन:** लाभ में में वृद्धि होगी। परिश्रम अधिक रहेगा। कारोबार के लिए विदेश जा सकते हैं। स्वास्थ्य का ध्यान रखें। परिवार की समस्याओं पर ध्यान दें।

**कर्क:** सेहत का ध्यान रखें। शैक्षिक कार्यों पर ध्यान केंद्रित करें। मान-सम्मान बढ़ेगा। बातचीत में संतुलन बनाए रखें। वाणी में कठोरता का प्रभाव हो सकता है।

**सिंह:** कला या संगीत के प्रति रुझान बढ़ सकता है। कारोबार से लाभ में वृद्धि होगी। नौकरी में अफसरों का सहयोग मिलेगा। तरक्की के मार्ग प्रशस्त होंगे।

**कन्या:** आत्मविश्वास भरपूर रहेगा। शैक्षिक या शोधादि कार्यों के लिए विदेश जा सकते हैं। मन में निराशा एवं असन्तोष के भाव हो सकते हैं।

**तुला:** व्यर्थ के क्रोध एवं वाद-विवाद से बचें। जीवनसाथी के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। आत्मविश्वास भरपूर रहेगा। बातचीत में सन्तुलन बनाये रखें।

**वृश्चिक:** पठन-पाठन में रुचि बढ़ेगी। नौकरी में तरक्की के अवसर मिल सकते हैं। कार्यभार में वृद्धि होगी। स्थान परिवर्तन भी हो सकता है। आय में वृद्धि होगी।


**धनु:** जीवनसाथी से नोकझोंक हो सकती है। कुटुम्ब में मान-सम्मान की प्राप्ति के योग हैं। लंबी यात्रा पर जाना हो सकता है। सुखद परिणाम मिलेंगे।

**मकर:** व्यर्थ के क्रोध एवं वाद-विवाद से बचें। परिवार की समस्याएं परेशान कर सकती हैं। खर्चों की अधिकता रहेगी। रहन-सहन कष्टमय हो सकता है।

**कुंभ:** नौकरी में अफसरों का सहयोग मिलेगा। आय में वृद्धि होगी। मन प्रसन्न रहेगा। दाम्पत्य सुख में वृद्धि होगी। पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा।

**मीन:** शैक्षिक कार्यों में सफलता मिलेगी। मान-सम्मान मिलेगा। शासन-सत्ता का सहयोग रहेगा। कला एवं संगीत में रुचि बढ़ेगी। खर्च अधिक रहेंगे।

## शब्द पहेली - 5935



**बाएँ से दाएँ**
1.यश प्राप्त करना–5
5.चतुर, जहीन–5
9.दया, तरस–3
10.कामदेव–3
11.लीन, तल्लीन–2
13.बोली, आवाज–2
14.राजदुर्वा–2
15.एक प्रकार का बिस्किट–2,3
18.मत, सलाह–2
19.जो लायक न हो–4
20.अधीनस्थ–4
21.कहानी, गाथा–2
22.श्रवर्णेंद्रिय–2
23.कुएं से पानी भरने का चबूतरा–4
26.दान देने वाला–4
29.वरदान, दूल्हा–2
30.पत्नी का नाना–2,3
33.सूर्य, दिनकर–2
34.भीगा हुआ–2
35.सुर आलाप–2
36.फूलों का रस,अर्क–3
38.तरंग, हिलोर–3
41.जरुरतमंद–5
42.सेंधमार–5

**ऊपर से नीचे**
1.नामकरण–5
2.टैक्स,हाथ–2
3.महीना, मास–2
4.नामवर, प्रसिद्ध–4
5.संधि, सामंजस्य–4
6.सरुर, नशा–2
7.झंकार–2
8.रमण योग्य–5
12.तगारी, नांद–3
13.सुअर–3
15.अभिमान मर्दित होना –2,3
16.समाप्त–2
17.नेकनीयत–5
23.हनुमान–3,2
24.मुलायम–3
25.उम्मीद, आशा–2
27.बहादुरी–3
28.शिव, रविलोचन–2,3
31.नामचीन–4
32.सुसंचालन–4
36.चेहरे का तेज, दर्प–2
37.रिश्तेदार–2
39.अधिकार–2
40.ईश्वर, भगवान–2

### शब्द पहेली- 5934 का हल

| | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| सा | ल | ■ | ब | ला | ■ | य | म | ■ | श | र |
| या | ■ | क | ल | ■ | जो | श | ■ | जा | य | ज |
| ■ | कै | द | ■ | श | र | ■ | का | न | न | ■ |
| न | दी | ■ | खे | मा | ■ | का | त | ना | ■ | जा |
| म | ■ | जा | ल | ■ | का | य | र | ■ | ता | ल |
| ■ | मा | न | ■ | र | म | ल | ■ | का | ला | ■ |
| का | या | ■ | बी | न | ना | ■ | रा | म | ■ | सी |
| र | ■ | क | ह | र | ■ | शो | र | ■ | बा | धा |
| ■ | की | च | ड़ | ■ | सा | ला | ■ | री | त | ■ |
| क | म | रा | ■ | ख | र | ■ | सी | ता | ■ | द |
| म | त | ■ | जी | त | ■ | मा | मा | ■ | दा | म |

हरिभूमि की एजेंसी एवं प्रतियों के लिये संपर्क करें
मों. 9340637789

## सूडोकु नवताल - 5945

★☆☆☆☆ सरल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | 2 | | | | 3 | |
| | | 9 | | 8 | | 2 | 6 | 4 |
| 1 | | | | 3 | 6 | | 9 | |
| 4 | | 3 | | | | | | |
| | 8 | | | 2 | | | 1 | |
| | | | | | | 8 | | 6 |
| | 4 | | 7 | 5 | | | | 3 |
| 3 | 7 | 5 | | 4 | | 1 | | |
| | 2 | | | | 8 | | | |

MANGAL SEMACHA, BANGALORE

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते.
- पहेली का केवल एक ही हल है.

### सूडोकु नवताल - 5944 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 8 | 4 | 5 | 6 | 1 | 3 | 7 | 2 | 9 |
| 7 | 2 | 6 | 4 | 9 | 5 | 3 | 8 | 1 |
| 9 | 3 | 1 | 7 | 8 | 2 | 6 | 5 | 4 |
| 1 | 7 | 2 | 9 | 6 | 8 | 4 | 3 | 5 |
| 5 | 6 | 9 | 3 | 2 | 4 | 1 | 7 | 8 |
| 4 | 8 | 3 | 5 | 7 | 1 | 9 | 6 | 2 |
| 2 | 9 | 7 | 1 | 5 | 6 | 8 | 4 | 3 |
| 3 | 1 | 8 | 2 | 4 | 7 | 5 | 9 | 6 |
| 6 | 5 | 4 | 8 | 3 | 9 | 2 | 1 | 7 |



# दांपत्य जीवन जब टूटे बार-बार विश्वास

जीवनसाथी बार-बार झूठ बोले तो दिल को चोट पहुंचेगी ही, क्योंकि दांपत्य जीवन में प्यार और विश्वास बहुत मायने रखता है। बराबर झूठ बोलने से, एक आदत बन जाने से दांपत्य जीवन तनाव से घिरता है, रिश्तों में दरार पड़ती है। झूठ बोलने के पीछे क्या वजह हो सकती है, जीवन साथी को झूठ ना बोलना पड़े और दांपत्य जीवन में प्यार, विश्वास बना रहे, आपके लिए जरूरी सलाह।

कवर स्टोरी

अनीता जैन

दांपत्य जीवन प्यार, विश्वास, ईमानदारी और पारदर्शिता की मजबूत नींव पर टिका होता है। जब दो लोग जीवनभर साथ चलने का वादा करते हैं, तो वे सिर्फ साथ जीने का ही नहीं बल्कि सच्चाई, सम्मान और विश्वास का भी वादा करते हैं। लेकिन जब जीवनसाथी बार-बार झूठ बोलने लगे, चाहे वो बातें छोटी हों या बड़ी, तो यह न केवल रिश्ते को कमजोर करता है, बल्कि दिल को भी गहराई से चोट पहुंचाता है। यह झूठ किसी खर्च को छिपाना, किसी व्यक्ति से छुप-छुपकर बातचीत करना या फिर देर से लौटने पर झूठा बहाना बनाना हो सकता है। हर बार एक छोटा-सा झूठ, विश्वास में एक दरार पैदा करता है। जब रिश्ते में झूठ बार-बार दोहराया जाए, तो यह केवल झूठ नहीं रह जाता, वह रिश्ते की आत्मा को चोट पहुंचाता है। ऐसे में समझदारी, संवाद, धैर्य और आत्मबल के साथ पेश आना ही सही रास्ता है। ऐसी नाजुक स्थिति में खुद को कमजोर न समझें, यह समझ लें कि आप सम्मान और सच्चाई के अधिकारी हैं। झूठ बोलने की समस्या तब और गंभीर हो जाती है, जब यह आदत बन जाए। व्यक्ति झूठ को सामान्य बात मानने लगता है, जबकि दूसरा साथी खुद को ठगा हुआ महसूस करता है। एक तरफ विश्वास टूटने की पीड़ा होती है, तो दूसरी ओर उस रिश्ते को बचाने की जद्दोजहद। ऐसे में जरूरी है कि भावनाओं में बहने के बजाय हम ठंडे दिमाग से सोचें कि आखिर क्या किया जाए? कैसे अपने रिश्ते को फिर से मजबूत बनाया जाए? आइए, जानते हैं कुछ उपाय-



## झूठ के पीछे की वजह को समझें

झूठ यूं ही नहीं बोला जाता, इसके पीछे कोई न कोई कारण होता है, जैसे-डर, असुरक्षा, टकराव से बचना या कभी-कभी खुद की गलतियों को छिपाने की कोशिश। कई बार यह आदत बन जाती है। जरूरी है कि आप अपने जीवनसाथी को समझने की कोशिश करें। गुस्सा करने से पहले यह जानें कि कहीं आप बहुत ज्यादा कंट्रोलिंग या सवाल पूछने वाली तो नहीं हैं? क्या उन्हें आपके गुस्से का डर सताता है? अगर वजह का पता चल जाए तो समाधान आसान हो जाता है।

## शांतिपूर्वक करें बात

सीधे आरोप लगाने या लड़ाई करने से समस्या और बढ़ जाती है। इसके बजाय एकांत में शांति से बात करें। उन्हें बताएं कि उनके बार-बार झूठ बोलने से आप किस तरह आहत होते हैं। 'तुम मुझसे झूठ बोलते हो तो मुझे लगता है कि मैं तुम्हारे लिए महत्वपूर्ण नहीं हूं।' इस तरह की भाषा अपनाएं, जिसमें मलाल हो, न कि आरोप।



## ट्रस्ट और स्पेस के बीच बैलेंस बनाएं

कई बार अत्यधिक पूछताछ, हर बात पर संदेह, फोन या मैसेज चेक करना जीवनसाथी को असहज कर देता है। इस दबाव से बचने के लिए भी कुछ लोग झूठ बोलने लगते हैं। इसलिए रिश्ते में थोड़ा स्पेस देना, विश्वास करना और खुलापन बनाए रखना जरूरी है। लेकिन अगर झूठ की आदत बन जाए तो सतर्क रहना भी आपकी जिम्मेदारी है।

## झूठ की आदत को छोटा न समझें

'छोटी-सी बात है', 'झूठ तो कभी-कभी चल जाता है', यह सोच बहुत खतरनाक हो सकती है। बार-बार झूठ बोले जाने से एक दिन ऐसा आता है, जब आप अपने साथी की हर बात पर संदेह करने लगते हैं। रिश्तों में कड़ुवाहट घुलने लगती है। इसलिए शुरू में ही इस पर ध्यान दें, इसे नजरअंदाज न करें।

## थेरेपी या काउंसलिंग की मदद लें

अगर आपने बार-बार कोशिश की, लेकिन फिर भी झूठ बोलने की आदत नहीं छूट रही है, तो किसी प्रोफेशनल मैरिज काउंसलर की मदद लेना समझदारी भरा कदम है। कभी-कभी कोई तीसरा निष्पक्ष व्यक्ति स्थिति को बेहतर समझ कर उसका सही समाधान बता सकता है।

## झूठ को सामान्य समझने की मानसिकता को कैसे तोड़ें

जब जीवनसाथी झूठ बोलने को एक सामान्य और स्वीकार्य आदत समझने लगे, तो समस्या और जटिल हो जाती है। उसे यह समझाने की कोशिश करें कि झूठ चाहे छोटा हो या बड़ा, वह रिश्ते की नींव को कमजोर करता है। कई बार व्यक्ति बचपन, पूर्व के अनुभवों या पारिवारिक माहौल की वजह से भी झूठ बोलने की प्रवृत्ति लेकर बड़ा होता है। ऐसे में जरूरी है कि आप उन्हें दोषी ठहराने के बजाय यह एहसास दिलाएं कि सच्चाई से रिश्ते में कितना भरोसा और अपनापन बढ़ता है। उनसे विनम्रता और स्नेह के साथ बातचीत करें। उदाहरणों के माध्यम से समझाएं कि अगर आप भी उनसे कोई बात छिपाएं तो उन्हें कैसा महसूस होगा? धीरे-धीरे यह भावना उनके भीतर पैदा करें कि आपका उद्देश्य उसे बदलना नहीं, बल्कि रिश्ता बेहतर बनाना है।

## बच्चों पर न पड़े प्रभाव

यदि आपके बच्चे हैं, तो यह और अधिक आवश्यक हो जाता है कि आप अपने रिश्ते की स्थिति को गंभीरता से लें। बार-बार के झगड़े, झूठ, मनमुटाव और अविश्वास का असर बच्चों की मानसिकता पर बहुत गहरा पड़ सकता है। वे या तो रिश्तों को लेकर भ्रमित हो जाते हैं या फिर जीवनभर विश्वास और ईमानदारी को लेकर असमंजस में रहते हैं। बच्चों के सामने कभी एक-दूसरे की बुराई ना करें और ना ही उन्हें झूठ बोलने की परिस्थितियों का साक्षी बनाएं। यदि रिश्ते को सुधारना चाहते हैं, तो यह सुधार पूरे परिवार के लिए होना चाहिए, केवल दो व्यक्तियों के बीच नहीं। a

# क्या आप हमेशा सोचती हैं नेगेटिव



कहीं आपको यह तो नहीं लगता कि कोई भी मुझे चाहता नहीं, या फिर आप किसी काम को शुरू करने से पहले ही मान लेती हैं, उसमें असफल होंगी। इस तरह हमेशा नेगेटिव सोचने वाले मनोविकार का शिकार होते हैं, ये अपने आपको कैसे पहचानें और कैसे अपनी नेगेटिविटी से उबरें, जानिए।

मेंटल हेल्थ

अंजू जैन

कुछ लोगों का मन हमेशा उदासी में डूबा रहता है। उन्हें लगता है, कोई उनको पसंद नहीं करता। अपने आपको हर काम में असक्षम मान लेते हैं। अगर आपके साथ भी ऐसा है तो आप नेगेटिवटी से घिरी हुई हैं, मानसिक रोग से ग्रस्त हो सकती हैं। इससे जल्द से जल्द उबरिए। सबसे पहले अपने आपको पहचानें कि क्या आप मानसिक रोग से ग्रस्त हैं, फिर अपनी सोच बदलने का प्रयास करें। यह कैसे संभव है जानें-

**मुझे कोई चाहता नहीं:** 'मेरी किसी को परवाह नहीं।', 'हर कोई खुद में ही मस्त है, मुझे कोई नहीं चाहता।' अगर अकेले में आप ऐसा बार-बार सोचती हैं तो समझ लें कि आपका दिमाग वास्तविकता की बजाय भावनाओं में बह रहा है, बहका हुआ है। ऐसे में कई बार आप अचानक अपराधबोध की शिकार हो जाती हैं, सोचती हैं कि मैंने कुछ गलत किया है।



**क्या करें:** 'द हैप्पीनेस ट्रैप' पुस्तक में मनोविज्ञानी रस हैरिस ने लिखा है कि इस स्थिति में आपको अपनी अनुभूतियों को कंट्रोल में लाना होगा, सच्चे मन से वास्तविकता को पहचानना होगा। 'मैं अकेली हूं, मुझे कोई नहीं चाहता।' ऐसा कुछ सोचना, अस्थाई मानसिक स्थिति के इमोशंस हैं। इन्हें आपको हवा में उड़ाना सीख लेना चाहिए। आप अपने इमोशंस को कंट्रोल करने के लिए मेडिटेशन का भी सहारा ले सकती हैं।

**कोशिश करना बेकार है:** आपको अपनी पसंदीदा जॉब की वैकेंसी की खबर मिलती है। आप पल भर के लिए उत्साहित होती हैं। लेकिन अगले ही पल आपका मन बुझ जाता है, आप अपनी क्वालिफिकेशन से ज्यादा अपनी कमियां गिनने लगती हैं। फिर सोचती हैं कि मुझे यह जॉब नहीं मिलेगी। आप कोशिश से पहले ही बुरे परिणामों का पूर्वानुमान लगाती हैं।

**क्या करें:** यूनिवर्सिटी ऑफ नॉर्थ कैरोलिना की पॉजिटिव इमोशंस एंड साइको-फिजियोलॉजिकल लैब में डायरेक्टर बारबरा फ्रेड्रिक्शन कहती हैं, 'हमारी ज्यादातर नेगेटिविटी मेंटल टाइम ट्रैवल से आती है। नेगेटिविटी से उबरने के लिए आप धीरे-धीरे अपनी पॉजिटिव बातों पर फोकस करिए। एक-एक कर आपको अपनी क्षमताओं का अनुभव होने लगेगा, उसी वक्त संकल्प लें कि आपको पूरी ऊर्जा के साथ यह काम करना है। हर शाम दिनभर की अच्छी बातें, घटनाएं और उपलब्धियां लिखें और इसके लिए ऊपर वाले का शुक्रिया अदा करें। मेडिटेशन करें। आपको निराशा से उबरने में मदद मिलेगी।'

**हर बुरी बात के लिए खुद को जिम्मेदार मानना:** कई बार आप अपने आस-पास होने वाली हर बुरी बात के लिए खुद को जिम्मेदार मानने लगती हैं। कोई किसी मीटिंग या किसी पार्टी में आपके जाते ही निकल जाता है तो आपको लगता है कि वह आपके व्यवहार से नाराज है। यह आत्महीनता के कारण होता है।

**क्या करें:** सबसे पहले आपको इस बात पर विश्वास करना होगा कि दुनिया में या आपके इर्द-गिर्द हो रही हर बात के लिए आप जिम्मेदार नहीं हैं। मनोचिकित्सक और 'यू आर नॉट युअर ब्रेन' की लेखिका रेबेका ग्लेडिंग कहती हैं, 'आपको स्वीकार कर लेना चाहिए कि दूसरों के मूड पर आपका कोई नियंत्रण नहीं है। इस दुनिया में आप सिर्फ अकेले नहीं रहतीं, दूसरे बहुत लोग भी हैं, जिन्हें आपकी या अन्य बातों की परवाह करनी चाहिए।' a

### ऐसे उबरें नेगेटिविटी से

ओहियो स्टेट यूनिवर्सिटी में की गई एक स्टडी में लोगों को अपने शरीर के बारे में नेगेटिव बातें लिखने को कहा गया। फिर उन्हें उनके सामने ही फाड़ कर फेंक दिया गया। इस प्रयोग से उनमें ऐसा विश्वास जगा कि उन्होंने सारी नेगेटिविटी को खत्म कर दिया। अध्ययन के सह लेखक रिचर्ड पैटी, जो साइकोलॉजी के प्रोफेसर भी हैं यही कहते हैं, 'आपको रोज एक कागज पर पॉजिटिव और दूसरे पर नेगेटिव बातें लिखनी चाहिए। फिर पॉजिटिव बातों को सहेज कर रखें और नेगेटिव बातों वाले कागज को फाड़ कर डस्टबिन में डाल दें।'

# खूबसूरती बढ़ाएंगे ये अट्रैक्टिव हेयर स्टाइल्स

हेयर स्टाइल

श्रुति आयंगर

आपका फेस्टिव लुक तब तक पूरा नहीं होता, जब तक परफेक्ट हेयर स्टाइल न कैरी की हो। हरियाली तीज के मौके पर हेयर स्टाइल करते समय ट्रेंड और कुछ बातों का ख्याल रखें।


**ट्रेडिशनल गजरा हेयर स्टाइल:** अगर आप हरियाली तीज के मौके पर एक सिंपल, एलिगेंट और ट्रेडिशनल हेयर स्टाइल चाहती हैं तो यह हेयर स्टाइल आपके लिए बिल्कुल परफेक्ट है। इसे बनाने के लिए सारे बालों को अच्छी तरह से कॉम्ब कर लें। बालों को पीछे ले जाकर एक पोनीटेल बनाएं और लो बन (नीचे की ओर में लपेटे) बना लें। इसे बॉबी पींस से अच्छी तरह से फिक्स कर करें। अब एक लड़ वाले गजरे को बन के चारों ओर लपेटें। ध्यान रहे कि यह सिर्फ एक राउंड हो यही इसकी सुंदरता है। गजरे को दो-तीन जगह पिंस की मदद से फिक्स करें। सामने से दो-तीन हल्की लटें छोड़ सकती हैं ताकि लुक रोमांटिक लगे।





**ट्विस्टेड ब्रेड स्टाइल:** अगर आप हरियाली तीज पर कुछ अलग दिखना चाहती हैं तो यह हेयर स्टाइल आपके लिए सबसे सही रहेगी। यह हेयर स्टाइल ईजी होने के साथ ही अट्रैक्टिव भी लगता हैं। इसे बनाने के लिए बालों को अच्छी तरह से कॉम्ब करके मिडिल या साइड पार्टिंग (जैसे आपके चेहरे के अनुसार सूट करे) करें। एक तरफ से बालों का एक छोटा सा हिस्सा लें और उसे मोड़ें (ट्विस्ट करें) फिर उस मुड़े हुए हिस्से को दूसरी तरफ के बालों के साथ मिलाकर फिर से मोड़ें। इसी तरह बालों को मोड़ते हुए चोटी बनाएं और आखिर में रबर बैंड या पिन से सिक्योर कर लें। आप चाहें तो ट्विस्ट्स के बीच में फ्लावर पिंस, पर्ल बटन भी लगा सकती हैं।

**क्लासिक बन विद नेट एक्सेसरीज:** यह हेयर स्टाइल बहुत ही रॉयल और ग्रेसफुल लुक देता है। ट्रेडिशनल ड्रेसेस के साथ यह बहुत अच्छा लगता है। बन पर नेट के साथ एक्सेसरीज का उपयोग करके इस हेयर स्टाइल को और भव्य बनाया जाता है। इसे बनाने के लिए बालों को अच्छे से कॉम्ब करके मिड या साइड पार्टिंग करें। बालों को पीछे की ओर ले जाएं और मिड हाइट पोनीटेल बना लें। अब इस पोनी को घुमाकर स्लीक बन बनाएं फर पिंस से चारों ओर से बन को अच्छी तरह से फिक्स करें। अब डेकोरेटिव हेयर नेट को बन के ऊपर सावधानीपूर्वक पहनाएं और पिन से फिक्स करें।



**फ्रंट पफ हेयर स्टाइल:** फ्रंट पफ हेयर स्टाइल एक एवरग्रीन हेयर स्टाइल है। इसे बनाने के लिए बालों को अच्छे से कॉम्ब करें। सेंटर से बालों का एक सेक्शन लेकर बैक कॉम्बिंग करें। इसका पफ बनाकर पिनअप कर लें। बाकी के बालों को यूं ही खुला छोड़ दें या चाहें तो मेसी चोटी भी बना सकती हैं और हेयर एसेसरीज से सजा लें। पफ को ज्यादा हैवी न करें इसका वॉल्यूम नेचुरल रखें। a **(हेयर स्टाइलिस्ट रीतिका सहगल से बातचीत पर आधारित)**

# घरेलू कामों से भी होती है एक्सरसाइज

फिटनेस

शिखर चंद जैन

फिट रहने के लिए हमेशा जरूरी नहीं कि जिम में जाकर वर्कआउट ही करें। आप बहुत से घरेलू काम करते हुए भी एक्सरसाइज के फायदे उठा सकती हैं, अपनी फिटनेस मेंटेन कर सकती हैं। इस बारे में जानिए।

रवीना अपने बढ़ते वजन और कमर के बढ़ते घेरे से परेशान थी। मोटापे के कारण न सिर्फ उसका शरीर बेडौल होने लगा बल्कि उसे गैस और अपच जैसी समस्याएं भी सताने लगीं। फैमिली डॉक्टर उसे कई बार सुबह-शाम वर्कआउट करने के लिए या जिम ज्वाइन करने के लिए कह चुके थे। लेकिन रवीना को वक्त ही नहीं मिलता था। सुबह बेटे-बेटी को स्कूल भेजती, फिर पति के साथ ब्रेकफास्ट करती। ग्यारह बजे हाउसमेड आ जाती, उससे लंच बनवाने, कपड़े धुलवाने, बर्तन मंजवाने और पूरे घर की साफ-सफाई करवाने में एक बज जाता। उसके जाने पर वह खाना खाती, टीवी देखती और दो घंटे सो जाती। शाम को सोसायटी की कुछ महिलाएं आ जातीं, उनसे गप-शप करने में 6 बज जाते, फिर डिनर की तैयारी करती। इस तरह न तो उसे जिम जाने की फुर्सत मिलती और न वर्कआउट करने की। एक दिन उसने अपनी सहेली शैलजा से अपनी समस्या बताई और पूछा, 'तू भी तो जिम नहीं जाती फिर कैसे फिट दिखती है?' इस पर शैलजा बोली, 'घर की साफ-सफाई से लेकर बर्तन, कपड़े धोने, गार्डनिंग और खाना बनाने तक का काम मैं ही करती हूं। यही तो है मेरी फिटनेस और हेल्दी रहने का राज। तुझे पता है, घर के काम-काज करने का फायदा भी जिम जाने जितना ही मिलता है।' शैलजा ने बिल्कुल ठीक कहा।



**क्या कहती हैं स्टडीज:** हाल ही में एक अध्ययन के नतीजे में कहा गया है कि घरेलू काम-काज का फायदा जिम जाने या रोजाना वर्कआउट जितना ही मिलता है। पोंछा लगाने, घर साफ करने, बागवानी करने और बाजार से साग-सब्जी या घरेलू सामान लाने से भी काफी कैलोरी बर्न होती है, क्योंकि इन कामों में फिजिकल मूवमेंट्स भी काफी होती हैं। आप वर्किंग वूमेन हों या होममेकर, अगर वर्कआउट के लिए समय नहीं निकाल पातीं, तो अपनी दिनचर्या में से वो पल या काम ढूंढ़ लें, जिससे आप फिजिकल मूवमेंट्स में इंवॉल्व रह सकती हैं। आपको किसी तरह की हेल्थ प्रॉब्लम है, तो डॉक्टर से कंसल्ट कर वर्कआउट कर सकती हैं।



**ये भी हैं तरीके:** एक्सरसाइज का टाइम नहीं मिलता तो फिजिकल एक्टिविटी के लिए घर से ऑफिस जाते समय बस से एक स्टॉपेज पहले उतर कर पैदल जा सकती हैं। इसी प्रकार आते समय भी घर से एक स्टॉपेज पहले उतर सकती हैं। चौथी मंजिल पर स्थित ऑफिस और तीसरी मंजिल पर मौजूद फ्लैट में जाने के लिए लिफ्ट के बजाय सीढ़ियों को यूज कर सकती हैं। इसी प्रकार बागवानी करने से भी तन और मन दोनों फिट रहते हैं। बागवानी के लिए काफी चलना-फिरना पड़ता है, हाथों की मूवमेंट्स करनी पड़ती है। इससे भी एक्सरसाइज होती है।

**इस बात का रखें ध्यान:** अगर किसी को फ्रोजन शोल्डर या टेनिस एल्बो की परेशानी नहीं है, तो उसके लिए स्वीमिंग एक अच्छी एक्सरसाइज हो सकती है। इससे कंधों और भुजाओं की अच्छी एक्सरसाइज हो जाती है। साथ ही कोर मसल्स को मजबूती भी मिलती है। बैठकर पोंछा लगाना भी एक अच्छी एक्सरसाइज है, जिन्हें घुटनों में तकलीफ हो उन्हें खड़े-खड़े पोंछा लगाना चाहिए। a

**(फिटनेस ट्रेनर चिन्मय राय से बातचीत पर आधारित)**



# महिला क्रिकेट : सीरीज 1-1 की बराबरी पर, निर्णायक मुकाबले में भारत की इंग्लैंड से कड़ी टक्कर

एजेंसी ▶▶| चेस्टर ली स्ट्रीट (ब्रिटेन)

भारतीय टीम को लॉर्ड्स की चुनौतीपूर्ण परिस्थितियों में अपने गलत शॉट चयन के कारण दूसरे मैच में हार झेलनी पड़ी थी और अब मंगलवार को होने वाले तीसरे और अंतिम महिला एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट मैच में उसे इंग्लैंड की कड़ी चुनौती का सामना करना होगा। भारत ने बल्लेबाजों के शानदार प्रदर्शन से पहला मैच चार विकेट से जीता था, लेकिन शनिवार को लंदन में खेले गए बारिश से प्रभावित दूसरे मैच में उसे हार का सामना करना पड़ा, जिससे तीन मैचों की श्रृंखला अंतिम वनडे से पहले 1-1 से बराबरी पर है।

### श्रृंखला दोनों टीमों के लिए महत्वपूर्ण

यह श्रृंखला दोनों टीमों के लिए महत्वपूर्ण है क्योंकि विश्व कप दो महीने बाद शुरू होने वाला है। वनडे का यह प्रतिष्ठित महिला टूर्नामेंट 30 सितंबर से शुरू होगा, जिसकी मेजबानी श्रीलंका और भारत के पांच शहर करेंगे। भारत की ऑलराउंड ताकत तथा कुछ खिलाड़ियों की अच्छी फॉर्म के कारण उम्मीद की जा रही थी कि वह दूसरे मैच में ही श्रृंखला अपने नाम कर देगा लेकिन खराब शॉट चयन और परिस्थितियों के अनुकूल ढलने में असमर्थता ने उसकी योजनाओं पर पानी फेर दिया और 29 ओवर के मुकाबले में पहले बल्लेबाजी करते हुए वह आठ विकेट पर 143 रन ही बना सका।



**तीसरा और अंतिम वनडे आज, मैच भारतीय समयानुसार शाम 5.30 बजे से होगा शुरू**

### असफल रहे भारतीय गेंदबाज

भारतीय गेंदबाज भी असफल रहे और इंग्लैंड के शीर्ष क्रम के बल्लेबाजों ने काफी ओवर शेष रहते आसानी से लक्ष्य हासिल कर लिया। अब निर्णायक मुकाबले से पहले भारतीय टीम को कुछ विभागों में खिलाड़ियों के प्रदर्शन पर विचार विमर्श करना होगा। उप-कप्तान स्मृति मंधाना और दीप्ति शर्मा को छोड़कर भारत के अन्य बल्लेबाज सोफी एक्लेस्टोन, एम. अर्लट और लिंसी स्मिथ जैसे गेंदबाजों के सामने संघर्ष करते हुए नजर आए और उसके गेंदबाज भी अपेक्षानुरूप प्रदर्शन नहीं कर पाए। एक्लेस्टोन की सटीक गेंदबाजी के कारण भारतीय बल्लेबाजों को विशेषकर स्पिनरों के खिलाफ संघर्ष करना पड़ा और वे चेस्टर ली स्ट्रीट में धीमी गति के गेंदबाजों के खिलाफ निश्चित रूप से बेहतर प्रदर्शन की उम्मीद करेंगे।

### दो खिलाड़ियों को बड़ी पारी खेलने की जरूरत

भारत को अगर श्रृंखला जीतनी है तो भारत मंधाना, कप्तान हरमनप्रीत कौर, जेमिमा रोड्रिग्स, प्रतीका रावल और हरलीन देओल में से कम से कम दो खिलाड़ियों को बड़ी पारी खेलने की जरूरत होगी। निचले क्रम में रिचा घोष और दीप्ति को उन्हें सहयोग देना होगा। जहां तक इंग्लैंड का सवाल है तो वह श्रृंखला के पहले मैच के बाद की तुलना में काफी बेहतर स्थिति में है। उसे गेंदबाजी में एक्लेस्टोन तथा अर्लट और बल्लेबाजी में एमी जोन्स, टैमी ब्यूमोंट तथा कप्तान नैट साइवर ब्रंट से अच्छे प्रदर्शन की उम्मीद होगी।

### टीमें इस प्रकार हैं

**भारतः** हरमनप्रीत कौर (कप्तान), स्मृति मंधाना (उप-कप्तान), प्रतीका रावल, हरलीन देयोल, जेमिमा रोड्रिग्स, ऋचा घोष (विकेटकीपर), यास्तिका भाटिया (विकेटकीपर), तेजल हसब्निस, दीप्ति शर्मा, स्नेह राणा, श्री चरणी, शुचि उपाध्याय, अमनजोत कौर, अरुंधति रेड्डी, क्रांति गौड़, सयाली सतघरे।

**इंग्लैंड :** नैट साइवर-ब्रंट (कप्तान), एम अर्लट, टैमी ब्यूमोंट, लॉरेन बेल, माइया बाउचियर, एलिस कैप्सी, केट क्रॉस, एलिस डेविडसन-रिचर्ड्स, चार्ली डीन, सोफिया डंकले, सोफी एक्लेस्टोन, लॉरेन फाइलर, एमी जोन्स, एम्मा लैंब, लिंसी स्मिथ।

---

## खबर संक्षेप




### एशिया कप हॉकी के लिए अपनी टीम को भारत नहीं भेजना चाहता पाकिस्तान

**कराची।** पाकिस्तान हॉकी महासंघ (पीएचएफ) ने खेल की वैश्विक नियामक संस्था एफआईएच को सूचित किया है कि सुरक्षा चिंताओं के कारण उसके लिए अगले महीने होने वाले एशिया कप के लिए अपनी टीम को भारत भेजना मुश्किल होगा। पीएचएफ के प्रमुख तारिक बुगती ने कहा कि उन्होंने एफआईएच और एशियाई हॉकी महासंघ (एएचएफ) को पत्र लिखकर टीम को भारत भेजने को लेकर अपने फैसले से अवगत करा दिया है। उन्होंने कहा, 'हमने उन्हें सूचित किया है कि मौजूदा परिदृश्य में हमारी टीम को भारत में खेलते समय सुरक्षा संबंधी खतरों का सामना करना पड़ सकता है। हमने उन्हें बता दिया है कि हमारे खिलाड़ी एशिया कप के लिए भारत जाने के इच्छुक नहीं हैं।'

### द ओपन गोल्फः शीर्ष 35 में रहे भाटिया और राय


**पोर्टरश (उत्तरी आयरलैंड)।** भारतीय मूल के अमेरिकी गोल्फर अक्षय भाटिया 153वें 'द ओपन' गोल्फ में संयुक्त 30वें स्थान पर रहकर मेजर (गोल्फ के चार बड़े टूर्नामेंट) में अपना अब तक का



सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन हासिल किया। भाटिया लगातार दूसरे साल चारों मेजर खेलने में सफल रहे। इस 23 साल के खिलाड़ी ने चार बर्डी और दो बोगी की मदद से दो अंडर 69 का कार्ड खेला। उनका कुल स्कोर चार अंडर (73-68-70-69) का रहा। भारतीय मूल के ब्रिटेन के गोल्फर आरोन राय संयुक्त 34वें स्थान पर रहे। इस साल के चारों मेजर के कट में जगह बनाने सफल रहे राय ने भी आखिरी दौर में दो अंडर 69 का कार्ड खेला। उनका कुल स्कोर तीन अंडर 69-72-71-69) का रहा।

### अनुष अग्रवाला ने जर्मनी में ड्रेसेज स्पर्धा जीती

**हॉफगेइसमर (जर्मनी)।** भारत के अनुष अग्रवाला ने अपने घोड़े फ्लोरियाना के साथ जुबिलमस्टर्नियर हॉफगेइसमर ओपन के ड्रेसेज स्पर्धा में अपनी पहली जीत दर्ज की। पेरिस



ओलंपिक में देश का प्रतिनिधित्व करने वाले अग्रवाला ने 69.891 प्रतिशत अंकों के प्रभावशाली स्कोर के साथ छह खिलाड़ियों में शीर्ष स्थान हासिल किया। इसमें बाकी के अन्य प्रतियोगी जर्मनी के थे। पिया पियोट्रोव्स्की और कथरीना हेमर क्रमशः दूसरे और तीसरे स्थान पर रहीं। यह जीत इस जोड़ी के लिए 'एस' स्तर पर पहली सफलता है। अग्रवाला और सात साल की उनकी इस मादा घोड़े की यह एकसाथ सिर्फ दूसरी प्रतियोगिता थी। अग्रवाला ने कहा, 'मैं फ्लोरियाना पर अविश्वसनीय रूप से गर्व महसूस कर रहा हूं। यह उसकी केवल दूसरी 'एस' प्रतियोगिता थी।

---

## चौथा टेस्ट ओल्ड ट्रैफर्ड मैदान में कल से होगा शुरू

# चोट ने बिगाड़ा भारतीय टीम का हाल, रेड्डी इंग्लैंड दौरे से बाहर, नहीं खेल पाएंगे अर्शदीप

एजेंसी ▶▶| मैनचेस्टर

भारतीय ऑलराउंडर नीतीश कुमार रेड्डी घुटने की चोट के कारण इंग्लैंड के खिलाफ श्रृंखला के बाकी मैचों से बाहर हो गए हैं जबकि चोटिल तेज गेंदबाज अर्शदीप सिंह चौथे टेस्ट के लिए चयन के लिए उपलब्ध नहीं होंगे। दूसरे और तीसरे टेस्ट में खेलने वाले रेड्डी रविवार को जिम में अभ्यास करते हुए चोटिल हो गए थे और अब वह स्वदेश लौटेंगे।

भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) ने कहा, 'नीतीश कुमार रेड्डी बाएं घुटने की चोट के कारण शेष दो टेस्ट मैचों से बाहर हो गए हैं। नीतीश स्वदेश लौट आएंगे और टीम उनके शीघ्र स्वस्थ होने की कामना करती है।' अर्शदीप को पिछले सप्ताह बेकेनहैम में अभ्यास सत्र के दौरान नेट्स पर गेंदबाजी करते समय बाएं अंगूठे में चोट लग गई थी। उन्होंने श्रृंखला में अब तक कोई मैच नहीं खेला है। बयान में कहा गया है, बीसीसीआई की मेडिकल टीम उनकी प्रगति पर नजर रख रही है।'

हरियाणा के तेज गेंदबाज अंशुल कंबोज को कवर के तौर पर टीम में शामिल किया गया है और वह मैनचेस्टर में टीम से जुड़ चुके हैं। चौथा टेस्ट मैच बुधवार को ओल्ड ट्रैफर्ड में शुरू होगा। इंग्लैंड पांच मैचों की एंडरसन तेंदुलकर ट्रॉफी में 2-1 से आगे चल रहा है।



**चौथे टेस्ट के लिए भारत की टीम** शुभमन गिल (कप्तान), ऋषभ पंत (उपकप्तान और विकेटकीपर), यशस्वी जयसवाल, केएल राहुल, साई सुदर्शन, अभिमन्यु ईश्वरन, करुण नायर, रवींद्र जड़ेजा, ध्रुव जुरेल (विकेटकीपर), वाशिंगटन सुंदर, शार्दुल ठाकुर, जसप्रित बुमरा, मोहम्मद सिराज, प्रसिद्ध कृष्णा, आकाश दीप, कुलदीप यादव, अंशुल कंबोज।

### ओल्ड ट्रैफर्ड में इंजीनियर और लॉयड के नाम के होंगे स्टैंड

भारत और इंग्लैंड के बीच यहां प्रतिष्ठित ओल्ड ट्रैफर्ड मैदान पर होने वाले चौथे टेस्ट के इतर पूर्व भारतीय विकेटकीपर बल्लेबाज फारुख इंजीनियर और वेस्टइंडीज के महान खिलाड़ी क्लाइव लॉयड के नाम स्टैंड (दर्शक दीर्घा) को दिए जाएंगे। इंजीनियर और लॉयर्ड की पूर्व काउंटी टीम लंकाशर ने इन दोनों के नाम पर स्टैंड के नाम रखने का फैसला किया है।
इंजीनियर लगभग एक दशक तक लंकाशर की ओर से खेले जबकि वेस्टइंडीज के पूर्व कप्तान लॉयर्ड लगभग दो दशक तक क्लब के साथ रहे और क्लब के



इतिहास में बहुमूल्य योगदान दिया। सूत्रों नेबताया कि स्टेडियम के नामकरण का समारोह 23 जुलाई के शुरू हो रहे टेस्ट मैच के पहले दिन होगा। इंग्लैंड बेहद कड़े मुकाबलों के बाद पांच मैच की श्रृंखला में 2-1 से आगे चल रहा है। सूत्र ने कहा, 'यह क्लब के दोनों दिग्गजों के लिए उचित सम्मान है।' वर्ष 1968 से 1976 के बीच 87 वर्षीय इंजीनियर ने 175 मैचों में लंकाशर के लिए 5942 रन बनाए, 429 कैच लिए और 35 स्टंपिंग की। दूसरी ओर दो बार विश्व कप जीतने वाली वेस्टइंडीज की टीम के कप्तान लॉयड ने 1970 के दशक की शुरुआत में एक विदेशी खिलाड़ी के रूप में आने के बाद क्लब की किस्मत बदल दी। जब मुंबई में जन्मे इंजीनियर ने लंकाशर के लिए पदार्पण किया तो क्लब ने 15 साल से अधिक समय तक कोई बड़ा खिताब नहीं जीता था लेकिन उन्होंने 1970 से 1975 के बीच चार बार जिलेट कप जीतने में टीम की मदद की। दिलचस्प बात यह है कि इंजीनियर ने अपना अधिकतर क्रिकेट ब्रेबोर्न स्टेडियम में खेला लेकिन वहां उनके नाम पर कोई स्टैंड नहीं है।

---

## चाइना ओपन

# विश्व चैंपियनशिप की तैयारी, कोर्ट पर उतरेगी सात्विक-चिराग की जोड़ी



एजेंसी ▶▶| चांग्झू

सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी की भारत की शीर्ष पुरुष युगल जोड़ी मंगलवार से शुरू हो रहे चाइना ओपन सुपर 1000 बैडमिंटन टूर्नामेंट में आगामी विश्व चैंपियनशिप के लिए लय हासिल करने के लक्ष्य के साथ कोर्ट पर उतरेगी।

चाइना ओपन पेरिस में 25 से 31 अगस्त तक होने वाली विश्व चैंपियनशिप से पहले अंतिम प्रमुख प्रतियोगिता है। इसलिए प्रत्येक खिलाड़ी इस प्रतियोगिता में अच्छा प्रदर्शन करने के लिए बेताब होगा। वर्तमान में विश्व में 15वें स्थान पर काबिज सात्विक और चिराग इस सत्र में तीन टूर्नामेंट के सेमीफाइनल तक पहुंचे हैं लेकिन अभी तक फाइनल में जगह बनाने में नाकाम रहे हैं। यही नहीं उन्हें पिछले सप्ताह जापान ओपन में पेरिस ओलंपिक रजत पदक विजेता चीन के लियांग वेई केंग और वांग चांग से हार का सामना करना पड़ा था।

विश्व की पूर्व नंबर एक भारतीय जोड़ी पहले दौर में जापान के केन्या मित्सुहाशी और हिरोकी ओकामुरा का सामना करेगी।

### फॉर्म वापस पाने की उम्मीद करेंगी सिंधु

एकल वर्ग में लक्ष्य सेन, एचएस प्रणय और पीवी सिंधू 20 लाख डॉलर इनामी प्रतियोगिता में अपनी फॉर्म वापस पाने की उम्मीद करेंगे। पिछले कुछ समय से फॉर्म में वापसी करने के लिए संघर्ष कर रहे लक्ष्य पिछले सप्ताह जापान ओपन में दूसरे दौर से आगे नहीं बढ़ पाए थे। यहां उनका पहला मुकाबला चीन के पांचवीं वरीयता प्राप्त ली शी फेंग से होगा। भारत के एक अन्य खिलाड़ी प्रणय पहले दौर में जापान के कोकी वतनबे का सामना करेंगे।अब 16वीं रैंकिंग पर काबिज सिंधू के लिए इंडिया ओपन में क्वार्टर फाइनल तक पहुंचना इस साल उनका सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन रहा है।

---

## फिडे ने की घोषणा

# भारत 23 साल बाद करेगा चेस वर्ल्ड कप की मेजबानी





एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

भारत इस साल 30 अक्टूबर से 27 नवंबर तक शतरंज विश्व कप की मेजबानी करेगा और इस प्रतियोगिता के लिए मेजबान शहर की घोषणा उचित समय पर की जाएगी। विश्व में शतरंज की सर्वोच्च संस्था फिडे ने सोमवार को यह घोषणा की। इस टूर्नामेंट में 206 खिलाड़ी प्रतिष्ठित खिताब और 2026 फिडे कैंडिडेट्स टूर्नामेंट के क्वालीफिकेशन स्थान के लिए प्रतिस्पर्धा करेंगे। भारत ने पिछली बार 2002 में हैदराबाद में इस टूर्नामेंट की मेजबानी की थी। तब विश्वनाथन आनंद ने

### गुकेश, प्रज्ञानानंद और एरिगैसी लेंगे हिस्सा

आगामी प्रतियोगिता में खिलाड़ी नॉकआउट प्रारूप में प्रतिस्पर्धा करेंगे, जहां प्रत्येक राउंड में हारने वाला खिलाड़ी बाहर हो जाएगा। फिडे ने कहा, 'विश्व कप में शीर्ष तीन स्थान प्राप्त करने वाले खिलाड़ी 2026 के कैंडिडेट्स टूर्नामेंट के लिए सीधे क्वालीफाई करेंगे।' मौजूदा विश्व चैंपियन डी. गुकेश, विश्व कप 2023 के उपविजेता आर. प्रज्ञानानंद और वर्तमान में विश्व में पांचवें नंबर के खिलाड़ी अर्जुन एरिगैसी उन स्टार खिलाड़ियों में शामिल हैं, जो इस पर प्रतियोगिता में भाग लेंगे। फिडे के सीईओ एमिल सुतोव्स्की ने कहा, 'हम फिडे विश्व कप 2025 को भारत में आयोजित करने को लेकर बेहद उत्साहित हैं, क्योंकि यह एक ऐसा देश है जहां शतरंज के प्रति काफी जुनून है।'

### फ्रीस्टाइल शतरंज ग्रैंड स्लैमः अर्जुन छठे स्थान पर

**लास वेगास।** भारतीय स्टार अर्जुन एरिगैसी और आर. प्रज्ञानानंद यहां फ्रीस्टाइल शतरंज ग्रैंड स्लैम में क्रमशः छठे और सातवें स्थान पर रहे, जबकि अमेरिका के ग्रैंडमास्टर लेवोन अरोनियन ने खिताब जीता। अरोनियन ने टूर्नामेंट के फाइनल में हमवतन हंस मोके नीमन को 1.5-0.5 से हराया। विश्व के नंबर एक खिलाड़ी नॉर्वे के मैग्नस कार्लसन ने अमेरिका के हिकारू नाकामुरा को हराकर तीसरा स्थान हासिल किया। अर्जुन को अमेरिका के फैबियानो कारूआना से 0-2 से हार का सामना करना पड़ा, जबकि प्रज्ञानानंद ने एक अन्य अमेरिकी वेस्ली सो को 1.5-0.5 से हराकर इस प्रतियोगिता में अंतिम आठ प्रतिभागियों में सातवां स्थान हासिल किया। अरोनियन ने टूर्नामेंट जीतने पर 200000 डॉलर जबकि अर्जुन ने 40000 डॉलर की पुरस्कार राशि हासिल की। प्रज्ञानानंद ने भी सुनिश्चित किया कि वह ज़्यादा पीछे न रहें और अंतिम राउंड में जीत के बाद कुल 30000 डॉलर की राशि अपने नाम की।

---

### आईसीसी ने बनाई कमेटी, दो स्तरीय टेस्ट प्रणाली पर करेगी विचार





**लंदन।** अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) ने टेस्ट क्रिकेट में दो स्तरीय प्रणाली शुरू करने की संभावना तलाशने के लिए अपने नए मुख्य कार्यकारी अधिकारी संजोग गुप्ता की अध्यक्षता में आठ सदस्यीय समिति का गठन किया है। समिति का गठन आईसीसी की सिंगापुर में हुई वार्षिक आम बैठक के दौरान अध्यक्ष जय शाह और गुप्ता के नेतृत्व में किया गया था। गुप्ता को इस महीने की शुरुआत में सीईओ नियुक्त किया गया था। रिपोर्ट के अनुसार, पैनल के अन्य सदस्यों में इंग्लैंड एवं वेल्स क्रिकेट बोर्ड (ईसीबी) के मुख्य कार्यकारी अधिकारी रिचर्ड गोल्ड और क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया (सीए) के मुख्य कार्यकारी अधिकारी टॉड ग्रीनबर्ग भी शामिल हैं। रिपोर्ट में कहा गया है, 'कोई भी बदलाव विश्व टेस्ट चैंपियनशिप के अगले चक्र के लिए किया जाएगा, जो 2027 से 2029 तक चलेगा। इसमें मौजूदा नौ टीम के प्रारूप के बजाय छह-छह के दो डिवीजन का प्रस्ताव है।' समिति को इस साल के आखिर तक आईसीसी को अपनी सिफारिशें पेश करनी होंगी।

---

# मिचेल ओवन का धमाकेदार डेब्यू, ऑस्ट्रेलिया ने वेस्टइंडीज को पहले टी20 में दी मात

एजेंसी ▶▶| किंग्स्टन (जमैका)

मिशेल ओवेन ने अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में अपने पदार्पण मैच में अर्धशतक जमाया और एक विकेट लिया, जिससे ऑस्ट्रेलिया ने वेस्टइंडीज के खिलाफ पांच मैच की टी20 अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट श्रृंखला के पहले मैच में तीन विकेट से जीत दर्ज की।

ओवेन ने 27 गेंद पर छह छक्कों की मदद से 50 रन बनाए। उन्होंने कैमरन ग्रीन (26 गेंदों पर 51 रन, दो चौके, पांच छक्के) के साथ पांचवें विकेट के लिए 40 गेंदों पर 80 रन की साझेदारी की, जिससे ऑस्ट्रेलिया ने मैच में सात गेंद शेष रहते 190 रन का लक्ष्य हासिल कर दिया। वेस्टइंडीज की टीम ने पहले बल्लेबाजी थी आमंत्रित किए जाने के बाद आठ विकेट पर 189 रन बनाए। उसकी शुरुआत अच्छी रही लेकिन अंतिम नौ गेंदों पर पांच रन पर चार विकेट गंवाने के कारण वह 200 रन का

**पांच मैचों की श्रृंखला के पहले मैच में 3 विकेट से दर्ज की जीत**



### ड्वारशुइस ने 36 रन देकर 4 विकेट झटके

ऑस्ट्रेलियाई तेज गेंदबाज बेन ड्वारशुइस ने अपने करियर का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करते हुए 36 रन देकर चार विकेट लिए। इस दौरान उन्होंने चार गेंदों में तीन विकेट हासिल किए। जेसन होल्डर ने उनकी हैट्रिक नहीं बनने दी लेकिन वह अगली गेंद पर आउट हो गए। वेस्टइंडीज के शीर्ष चार बल्लेबाजों ने अच्छी शुरुआत की। रोस्टन चेज ने 32 गेंदों पर 60 रन बनाए और शाई होप (55) के साथ दूसरे विकेट के लिए 91 रन की साझेदारी की। उनके अलावा शिमरोन हेटमायर ने 38 रन का योगदान दिया।

---

## डीसी ओपन से वीनस विलियम्स करेंगी वापसी

# एक साल बाद फिर टेनिस कोर्ट में दिखेगा वीनस का जलवा

एजेंसी ▶▶| वाशिंगटन

वीनस विलियम्स एक साल से अधिक समय के बाद पहली बार टेनिस कोर्ट पर लौटने के लिए तैयार हैं और उनकी दिली इच्छा है कि उनकी छोटी बहन सेरेना भी वापसी करें। वीनस डीसी ओपन से टेनिस कोर्ट पर वापसी करेंगी। दूसरी तरफ सेरेना का हाल में सोशल मीडिया पर एक वीडियो वायरल हुआ था, जिसमें वह रैकेट घुमाती दिख रही हैं। वीनस से जब इस बारे में पूछा गया तो उन्होंने कहा, 'मैं अपनी टीम से कहती रहती हूं कि अगर वह यहां होती तो बहुत अच्छा होता। हमने शुरू से काफी कुछ साथ में किया है और इसलिए मुझे निश्चित तौर पर उसकी कमी खलती है।' उन्होंने कहा, 'लेकिन अगर वह वापसी करती है तो मुझे पूरा विश्वास है कि वह इस बारे में आप सबको अवगत कर देगी।'



### वीनस ने जीते सात ग्रैंड स्लैम एकल खिताब

सेरेना 43 वर्ष की है और उन्होंने 2022 में अमेरिकी ओपन के बाद कोई मैच नहीं खेला था। इसके बाद उन्होंने उस खेल से दूर जाने की घोषणा की थी जिस पर उन्होंने लंबे समय तक दबदबा बनाए रखा था। इस दौरान उन्होंने 23 ग्रैंड स्लैम एकल खिताब और वीनस के साथ 14 युगल खिताब जीते थे। अमेरिका की राजधानी में हार्ड-कोर्ट टूर्नामेंट शुरू होने से एक दिन पहले वीनस ने कहा, 'मुझे नहीं पता कि वह क्या करने जा रही है। मैं उससे इस बारे में नहीं पूछती। मुझे लगता है कि वह हमेशा गेंद को हिट करती रहती है क्योंकि हम ऐसे ही हैं।'

### वीनस ने आखिरी टूर्नामेंट मियामी ओपन मार्च 2024 में खेला था

वीनस ने कहा कि, हाल ही में उनके एक अभ्यास सत्र के दौरान सेरेना वहां आईं और लगभग 15 या 20 मिनट तक उनके साथ रहीं। वीनस ने कहा, 'वह छह महीने की छुट्टी ले सकती है और फिर आसानी से वापसी कर सकती है। आप उस जैसी प्रतिभा को सिखा नहीं सकते।' पिछले महीने 45 साल की हुईं वीनस ने सात ग्रैंड स्लैम एकल खिताब जीते हैं, जिनमें दो अमेरिकी ओपन और पांच विंबलडन खिताब शामिल हैं। उनका आखिरी टूर्नामेंट मार्च 2024 में मियामी ओपन में था, जहां वह पहले ही दौर में बाहर हो गई थीं।

### विस्तृत रिपोर्ट पेश करने दिए निर्देश, अगली सुनवाई 15 सितंबर को

# एनजीटी ने कठौंदा संयंत्र से फैल रही धूल को लेकर मांगा जवाब

हरिभूमि जबलपुर।

राष्ट्रीय हरित अधिकरण, एनजीटी, नई दिल्ली के चेयरमैन जस्टिस प्रकाश श्रीवास्तव, न्यायिक सदस्य जस्टिस सुधीर अग्रवाल व विशेषज्ञ सदस्य डा. ए सेंथिल की संयुक्त पीठ ने जबलपुर के कठौंदा स्थित वेस्ट टू एनर्जी, डब्ल्यूटीई संयंत्र से फैल रही धूल को लेकर जवाब-तलब कर लिया है। इस सिलसिले में विस्तृत रिपोर्ट पेश करने के निर्देश दिए गए हैं। मामले की अगली सुनवाई 15 सितंबर को नियत की गई है।

दरअसल, एनजीटी द्वारा कठौंदा में अपशिष्ट से ऊर्जा पैदा करने के संयंत्र से फैल रहे प्रदूषण को लेकर स्वतः संज्ञान आधारित सुनवाई की जा रही है। एनजीटी ने प्रदूषण नियंत्रण रिपोर्ट में कई कमियों का उल्लेख किया, जैसे कि सहायक ईंधन के



उपयोग, राख निपटान, पौधारोपण विवरण और पूर्ण उत्सर्जन निगरानी के आंकड़ों का अभाव। इसी के साथ जबलपुर नगर निगम को अपशिष्ट पृथक्करण, विरासत अपशिष्ट और जैवनिम्नीकरणीय अपशिष्ट के ऊष्मीय मान पर विस्तृत जानकारी प्रस्तुत करने का निर्देश दे दिया।

#### कचरे से ऊर्जा बनाने वाले प्लांट का हुआ निरीक्षण

एनजीटी ने स्वतः संज्ञान लेकर जबलपुर के कठौंदा इलाके में कचरे से ऊर्जा बनाने वाले प्लांट से हो रहे प्रदूषण की जांच प्रारंभ की। जिसमें पाया गया कि इस प्लांट से धूल के कण दूर-दूर तक फैल रहे हैं। लिहाजा, केंद्रीय व मप्र प्रदूषण नियंत्रण मंडल, पर्यावरण मंत्रालय व कलेक्टर जबलपुर से जवाब मांगा गया।

#### 14 सितंबर, 2024 की रिपोर्ट में गंभीर खामियां

- प्लांट में 600 टन कचरा रोज जलाया जाता है और इससे 11.5 मेगावाट बिजली बनती है, लेकिन यह नहीं बताया गया कि इसमें कितना अतिरिक्त ईंधन डाला जाता है।
- राख (फ्लाई ऐश और बॉटम ऐश) कितनी बनती है और उसका क्या किया जा रहा है, इसकी जानकारी नहीं दी गई।
- प्लांट के चारों ओर कितने पेड़ लगाए गए हैं और बफर ज़ोन तय है या नहीं, यह भी नहीं बताया गया।
- केवल धूल के कण की रिपोर्ट दी गई है, जबकि अन्य जरूरी प्रदूषण मापदंडों की जानकारी नहीं दी गई।

#### जबलपुर नगर निगम को ये निर्देश दिए गए

- गीले कचरे को कैसे प्रोसेस किया जा रहा है, उसकी जानकारी दी जाए।
- इस कचरे की उष्मा क्षमता क्या है, यह भी बताया जाए।
- यह भी स्पष्ट किया जाए कि पुराना कचरा केवल 95,000 मीट्रिक टन ही है या और भी जगहों पर फैला हुआ है।
- नगर निगम आयुक्त और मध्य प्रदेश प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड अगली सुनवाई से कम से कम एक सप्ताह पहले शपथ पत्र पर विस्तृत रिपोर्ट प्रस्तुत करें।

### 139 बीट में 800 कर्मचारी जुटे

# बांधवगढ़ टाइगर रिजर्व में वन्यजीवों की गिनती शुरू

हरिभूमि जबलपुर।

उमरिया जिले के बांधवगढ़ टाइगर रिजर्व में चार दिन तक चलने वाली शाकाहारी जानवरों की गिनती शुरू हो गई है। इस बार की गिनती रिजर्व के नौ अलग-अलग इलाके में फैले 139 बीट्स में की जा रही है। लगभग 800 अधिकारी, कर्मचारी और सुरक्षा कर्मचारी जंगल में पैदल चलकर विभिन्न शाकाहारी जानवरों की संख्या को रिकॉर्ड कर रहे हैं। इस गिनती में चीतल, सांभर, बार्किंग डीयर, बारहसिंगा, नीलगाय, चौसिंगा, लंगूर, गौर, जंगली सुअर, भालू, जंगली कुत्ता, सियार और काला हिरण जैसी कई प्रजातियों को शामिल किया गया है। सभी जानवरों की संख्या को एक स्पेशल फॉर्म में दर्ज किया जा रहा है, जिससे सही आंकड़े मिल सकें।

बांधवगढ़ टाइगर रिजर्व के उपसंचालक पीके वर्मा ने बताया कि यह गिनती 24 जुलाई तक चलेगी। इससे वन विभाग को पता चलेगा कि जंगल में शाकाहारी जानवरों की संख्या में कितनी बढ़ोतरी हुई है या कमी आई है। इस डेटा के आधार पर वन विभाग अपनी संरक्षण नीतियों को बेहतर बनाएगा और जानवरों की सुरक्षा के लिए जरूरी कदम उठाएगा। उप संचालक पीके वर्मा ने कहा कि वन विभाग के लिए यह गिनती बेहद जरूरी है, क्योंकि इससे जानवरों की आबादी में बदलाव को समझा जा सकता है।



साथ ही जंगल के माहौल को स्वस्थ बनाए रखने में मदद मिलती है। बांधवगढ़ में यह गिनती हर साल की जाती है, ताकि वन्य जीवन की बेहतर देखभाल की जा सके।

### एमपी बोर्ड ने करवाई थी 10वीं और 12वीं की दूसरी परीक्षा

# 28 या 29 जुलाई को एमपी बोर्ड जारी कर सकता है दूसरी परीक्षा का रिजल्ट

हरिभूमि जबलपुर।

माध्यमिक शिक्षा मंडल (माशिमं) की ओर से बोर्ड 10वीं व 12वीं की द्वितीय परीक्षा का दो चरणों में मूल्यांकन कार्य पूरा हो गया है। पहला चरण दो से 11 जुलाई तक और दूसरा 12 से 20 जुलाई तक चला। 28 या 29 जुलाई को परिणाम जारी कर दिया जाएगा। इस परीक्षा में साढ़े तीन लाख अभ्यर्थियों की नौ लाख उत्तरपुस्तिकाओं का मूल्यांकन किया गया।

उधर, माशिमं भोपाल के एक केंद्र पर 12वीं के विद्यार्थियों द्वारा 10वीं का प्रश्नपत्र हल करने के मामले में मूल्यांकन किस तरह होगा। इस संबंध में मंडल की परीक्षा समिति 24 जुलाई को निर्णय लेगी। गलत प्रश्नपत्र हल करने वाले उत्तरपुस्तिकाओं को समिति में भेज दिया है। अधिकारियों का कहना है कि इस मामले में समिति निर्णय लेगी।

#### तीसरी बार परीक्षा के तनाव से नहीं गुजरना होगा

मंडल के सचिव केडी त्रिपाठी का कहना है कि विद्यार्थियों का नुकसान नहीं होगा, उन्हें फिर से तीसरी बार परीक्षा के तनाव से नहीं गुजरना होगा। इस प्रकरण में दोषी केंद्राध्यक्ष व पर्यवेक्षक पर कार्रवाई की जाएगी। वहीं अब तक स्कूल शिक्षा विभाग ने केंद्राध्यक्ष व पर्यवेक्षक पर कोई कार्रवाई नहीं की है। स्कूल शिक्षा विभाग ने केंद्राध्यक्ष व पर्यवेक्षक को निलंबित नहीं किया है। बता दें, कि अरेरा कॉलोनी स्थित शासकीय नवीन उमावि के परीक्षा केंद्र पर 19 जून को 12वीं के विद्यार्थियों को 10वीं कक्षा का अंग्रेजी का पर्चा दे दिया था। उसे उन्होंने हल करा लिया।

## डीएफओ मंडला 30 दिन के भीतर याचिकाकर्ता के अभ्यावेदन पर विचार कर निर्णय पारित करें

**जबलपुर।** मध्यप्रदेश हाईकोर्ट ने एक मामले में अंतरिम राहत देते हुए कहा कि आवेदन के निराकरण तक वन रक्षक वर्तमान जगह यानी पश्चिम सामान्य वन मण्डल, मंडला पर ही कार्यरत रहेंगे। जस्टिस एमएस भट्टी की एकलपीठ ने डीएफओ मंडला को 30 दिन के भीतर याचिकाकर्ता के अभ्यावेदन पर विचार कर उचित निर्णय पारित करने के निर्देश दिए। मंडला निवासी रोहित भंगरे की ओर से अधिवक्ता वंदना त्रिपाठी ने पक्ष रखा। उन्होंने बताया कि याचिकाकर्ता वन रक्षक को 17 जून 2025 को सामान्य वन मण्डल, मंडला से कान्हा टाइगर रिज़र्व, मंडला स्थानांतरित कर दिया गया था। दलील दी गई कि याचिकाकर्ता को उसके पहले जून 2023 में ही एक अन्य बीट से स्थानांतरित किया गया था। यह स्थानांतरण तबादला नीति 29 अप्रैल 2025 के विरुद्ध है और यह वन विभाग पर लागू नहीं होती है।

### हाई कोर्ट का आदेश, 30 दिन में करना होगा अभ्यावेदन का निराकरण

# मौजूदा स्कूल जहां उर्दू के विद्यार्थी हैं, वहीं कार्य करने दें : हाई कोर्ट

हरिभूमि जबलपुर।

हाई कोर्ट के न्यायमूर्ति मनिंदर सिंह भट्टी की एकलपीठ ने प्राथमिक शिक्षक उर्दू को मौजूदा स्कूल में कार्य करने देने का आदेश पारित किया है, जहां उर्दू शिक्षक का पद स्वीकृत है और विद्यार्थी मुहैया हैं। इसके साथ ही स्थानांतरण के विरुद्ध अभ्यावेदन का 30 दिन में निराकरण करने के निर्देश दिए हैं। याचिकाकर्ता आजाद चौक, कटनी निवासी इलियास अहमद की ओर से अधिवक्ता शंकर प्रसाद सिंह व पद्मावती जायसवाल ने पक्ष रखा। उन्होंने दलील दी कि याचिकाकर्ता का शासकीय माध्यमिक शाला खमरिया नंबर-दो से शासकीय प्राथमिक शाला कोठी, ढीमरखेड़ा स्थानांतरण कर दिया गया है। याचिकाकर्ता की नियुक्ति उर्दू विषय के लिए की गई थी। लेकिन जिला शिक्षा अधिकारी कटनी द्वारा जहां स्थानांतरण किया गया, वहां न हीं उर्दू के पद स्वीकृत हैं एवं न हीं उर्दू के विद्यार्थी हैं। याचिकाकर्ता द्वारा जिला शिक्षा अधिकारी कटनी को अभ्यावेदन देकर निवेदन किया गया था कि स्थानांतरित स्थान पर न हीं उर्दू के पद स्वीकृत हैं एवं न हीं उर्दू के विद्यार्थी हैं। मप्र शासन के सर्कुलर के अनुसार मान्यता प्राप्त कर्मचारी संगठनों के पदाधिकारी को स्थानांतरण में छूट दी जाएगी। जिस बाबत अभ्यावेदन कलेक्टर कटनी एवं लोक शिक्षण संचालनालय, भोपाल को दिया गया। लेकिन अभ्यावेदन का निराकरण न होने पर व्यथित होकर हाई कोर्ट में याचिका प्रस्तुत की गई।

# मेडिकल पीजी में दाखिले के नाम पर ठगी का तीसरा आरोपी पकड़ाया



**जबलपुर।** गोरखपुर थानांतर्गत हाथीताल कालोनी में एक महिला के डाक्टर पुत्र को मेडीकल पी जी कोर्स में दाखिला दिलाने का झांसा देकर 54 लाख की ठगी को अंजाम देने वाली गैंग के तीसरे आरोपी को भी पुलिस ने मुंबई से गिरफ्तार कर लिया है। गोरखपुर पुलिस ने बताया कि हाथीताल कालोनी निवासी श्रीमती अर्चना शर्मा ने शिकायत दर्ज कराई थी कि उसके मोबाइल पर अज्ञात व्यक्ति का फोन आया था। उसने अपना नाम मुंबई निवासी सानू बंसल वर्मा बताते हुए जानकारी दी कि मेडीकल पी जी कोर्स में दाखिला दिलाने के लिए सशुल्क गाइडेंस देता है। गत 18 सितंबर 2023 को आरोपी ने व्हाट्स अप पर संपर्क कर अर्चना शर्मा को देश भर के मेडीकल कालेजों में उपलब्ध सीटों की सूची भेजी। इसके बाद सानू बंसल ने पुनः अर्चना से संपर्क कर कालेजों की फीस व सीट के बारे में बताया। जालसाजों की बातों में आकर देहरादून के एक निजी मेडीकल कालेज की मेडीसिन सीट हेतु परामर्श मांगा। सानू ने इस कोर्स की फीस 26 लाख रुपये प्रति वर्ष बताई।

अर्चना ने रजिस्ट्रेशन के लिए 99 हजार रुपये जमा कराये। इस तरह सानू बंसल ने अलग-अलग खातों में 54 लाख रुपये ट्रांसफर करा लिए। इसके बाद गुमराह कर सानू ने अर्चना का फोन उठाना बंद कर दिया। पुलिस ने ठगी में शामिल तीसरे आरोपी शंकरलाल गुर्जर को भी मुंबई से अभिरक्षा में लिया है।

### शिक्षक पद पर नियुक्ति का मामला

## हाई कोर्ट ने आपराधिक जानकारी छिपाने पर मांगा जवाब

**जबलपुर।** हाई कोर्ट के न्यायमूर्ति विनय जैन की एकलपीठ ने आपराधिक जानकारी छिपाकर शिक्षक के पद पर नियुक्ति के मामले में जवाब-तलब कर लिया है। इस सिलसिले में राज्य शासन, स्कूल शिक्षा विभाग, कलेक्टर नरसिंहपुर व सुरेश कुमार मालवीय को नोटिस जारी किए गए हैं। याचिकाकर्ता करेली, नरसिंहपुर निवासी प्रदीप कुमार विश्वकर्मा की ओर से अधिवक्ता प्रमेंद्र सेन व आचार्य योगेश बारहा तिवारी ने पक्ष रखा। उन्होंने दलील दी कि याचिका में अनावेदक क्रमांक-आठ के रूप में शामिल किए गए सुरेश कुमार मालवीय ने झूठ का सहारा लेकर माध्यमिक शिक्षक अंग्रेजी विषय के पद पर नियुक्ति प्राप्त कर ली है। नियमानुसार नियुक्ति के समय एक शपथ पत्र प्रस्तुत करना होता है, जिसमें आपराधिक प्रकरणों की जानकारी देनी होती है। मालवीय के ऊपर याचिकाकर्ता से मारपीट व जुआं एक्ट सहित अन्य धाराओं के अंतर्गत आपराधिक प्रकरण पंजीबद्ध हैं। इसके बावजूद वह जानकारी शपथ पत्र में उल्लेखित नहीं की। जिसकी शिकायत पर निलंबित कर दिया गया था। बाद में मालवीय ने विभाग को बरगलाकर निलंबन समाप्त करा लिया। वह फिर से शिक्षक की नौकरी करने लगा है। इसीलिए नियुक्ति निरस्त करने की मांग के साथ हाई कोर्ट की शरण ली गई है।

## हाई कोर्ट ने धान घोटाले में कठोर कार्रवाई पर लगाई रोक

### राइस मिलर को मिली अंतरिम राहत


**जबलपुर।** हाई कोर्ट के न्यायमूर्ति विशाल मिश्रा की एकलपीठ ने धान घोटाले में आरोपित एक राइस मिलर के विरुद्ध आगामी सुनवाई तक एफआइआर के संबंध में कोई कड़ी कार्रवाई करने पर रोक लगा दी है। इस सिलसिले में कलेक्टर जबलपुर, पुलिस अधीक्षक व अन्य को नोटिस जारी कर जवाब मांगा है। याचिकाकर्ता जबलपुर निवासी प्रांजल केसरवानी की ओर से दलील दी गई कि 15 दिसंबर से 31 मार्च के बीच धान खरीदी के मामले में अनियमितता की शिकायत पर कमेटी ने जांच की थी। जांच के बाद 43 राइस मिलर को दोषी करार देते हुए एफआइआर दर्ज की गई थी। दलील दी गई कि याचिकाकर्ता व अन्य की सरकार के पास बैंग गारंटी जमा है। मिलर्स के कारण सरकार को किस तरह घाटा हुआ है, यह स्पष्ट नहीं है। इसलिए एफआइआर को चुनौती दी गई है। यह भी बताया गया कि जिन मिलर्स पर एक करोड़ रुपये से कम की अनियमितता का आरोप है, उन पर एफआइआर दर्ज नहीं की गई है।

### उमस भरी गर्मी से मिली राहत

# दो दिन खामोश रहने के बाद शाम को बरसे बादल

हरिभूमि जबलपुर।

पिछले तीन दिनों से मौसम एकदम साफ और शुष्क है, जिसकी वजह से पारा उछाल ले रहा है. बीच बीच में बादलों की बसाहट से उमस बढ़ रही है. इस बीच सोमवार शाम हलकी बारिश शुरु हुई, जिससे शाम को मौसम खुशनुमा हो गया. रात में शीतल बयारों ने उमस से राहत दी। मौसम विभाग का कहना है की 24 जुलाई से एक बार फिर बारिश का दौर शुरु होगा. अभी फिलहाल रिमझिम वर्षा की संभावना है. पारे में उछाल आने और बारिश थमने से हवा में नमी घट गई है. जिसकी वजह से उमस बढ़ रही है।



स्थानीय मौसम विज्ञान केन्द्र से प्राप्त जानकारी के अनुसार बंगाल की खाड़ी में मानसून का बड़ा सिस्टम बन रहा है। मानसूनी बादलों को जबलपुर आने में 48 घंटों का वक्त लग सकता है।

मौसम विभाग के मुताबिक पिछले 24 घंटों के दौरान नगर का अधिकतम तापमान 33.8 डिग्री सेल्सियस सामान्य से 3 डिग्री अधिक दर्ज किया गया। न्यूनतम तापमान 25.0 डिग्री सेल्सियस सामान्य से 1 डिग्री अधिक रिकार्ड किया गया। हवा में नमी प्रातकाल 83 प्रतिशत और सायंकाल 68 प्रतिशत दर्ज की गई। पिछले 24 घंटों के दौरान वर्षा नहीं हुई। 1 जून से आज तक कुल वर्षा का आंकड़ा 230.5 मिमी (लगभग 24.8 इंच) दर्ज किया जा चुका है। उत्तर पूर्वी हवाएं 4-5 किलोमीटर की रफ्तार से चली। सूर्योदय सुबह 5.37 बजे और सूर्यास्त शाम 6.57 बजे हुआ। गत वर्ष आज के दिन 7.2 मिमि वर्षा हुई। जबकि कुल वर्षा 298.7 मिमी दर्ज की गई थी। गत वर्ष आज के दिन अधिकतम तापमान 34.8 डिग्री और न्यूनतम तापमान 26.0 डिग्री दर्ज किया गया था। अगले 24 घण्टे के दौरान संभाग के अनेक स्थानों पर गरज-चमक के साथ पानी की बौछारें पड़ सकती हैं।

### पुलिस के हाथ लगे 3 लुटेरे, मोबाईल व नगदी बरामद

# मारपीट कर आटो चालक को लूटा

हरिभूमि जबलपुर।

गोराबाजार थाना अतंर्गत गत 3 जुलाई को एक आटो रिक्शा रोककर चालक से मारपीट कर लूटने के मामलें में पुलिस ने तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर घटना में प्रयुक्त बाईक, 33 सौ रुपए नगद, 1 मोबाइल बरामद किया। घटना के संबंध में गोराबाजार पुलिस थाने से प्राप्त जानकारी के अनुसार छुई खदान निवासी आटो चालक अभय यादव 3 जुलाई की शाम आटो में सवारी लेकर बरेला से जबलपुर आ रहा था। बरेला नहर के पास तीन लड़कों ने आटो में सवार यात्रियों से कुछ बोला जिस पर आटो चालक ने उसे मना किया, लड़के आगे चले गए, इस बीच गोराबजार स्थित डाल्फिन होटल के पास मोटर सायकल आटो के सामने अड़ाकर आटो को रोका और ड्राइवर के साथ मारपीट करने लगे, पत्थर भी मारे। राहगीरों ने बीच बचाव किया तो तीनों जान से मारने की धमकी देते हुये भाग गये। पुलिस की विवेचना के दौरान यह बात सामने आई कि एक लड़के ने अभय यादव का 53 सौ रुपए और मोबाइल लूटा था। पुलिस ने रिपोर्ट पर धारा 126(2), 296, 115(2), 351(2), 3(5), 309 बीएनएस का अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया।

सीसीटीव्ही फुटेज और गवाहों के बयान के आधार पर पुलिस ने आरोपियों को चिन्हित किया और उसी आधार पर 19 वर्षीय मीत झारिया, 18 वर्षीय शेख ताहिर, 19 वर्षीय सचिन कोल सभी निवासी पोलीपाथर को गिरफ्तार किया गया। आरोपियों ने वारदात करना स्वीकार किया। उनसे लूट का माल बरामद किया गया। आरोपियों को न्यायालय में पेश कर न्यायिक अभिरक्षा में जेल भेज दिया गया।

## नाले में नवजात शिशु का शव मिलने से हड़कंप

**जबलपुर।** गोहलपुर थाना अतंर्गत आयशा नगर में नाले में एक नवजात शिशु का शव मिलने से हड़कंप मच गया। मौके पर पहुंची पुलिस ने अज्ञात आरोपी के खिलाफ मामला जांच में लिया है। पुलिस का मानना है किसी ने गर्भपात का प्रकरण छुपाने के लिए यह घटना की है। गोहलपुर पुलिस थाने से प्राप्त जानकारी के अनुसार आयशा नगर अधारताल निवासी 45 वर्षीय मोहम्मद अनीश को गत शाम लगभग 5.30 बजे ईको सिटी के पीछे आयशा नगर चौराहा अमननगर नाला में निस्तार करने के लिये गया था तभी नाला के बीच में एक 7 से 8 माह का नवजात शिशु चारा में फसा मिला। मोहम्मद अनीश ने जिंदा समझकर उसे बाहर निकाला जिसकी मौत हो गई थी। शव की नाभि में नरा और थैली लगी हुई थी। किसी अज्ञात ने नवजात शिशु का जन्म छिपाने के लिये नाला के पानी में छोड़ दिया। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ रिपोर्ट पर धारा 94 बीएनएस का अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया।

### हाइकोर्ट ने मंजूरी के लिए आवेदन लगाने को कहा, आरोप-प्रतिभावान अभ्यर्थियों को एमपीपीएससी ने नहीं किया अनारक्षित में शामिल

# राज्य सेवा मुख्य परीक्षा 2025 पर रोक नहीं, पेश करो शेड्यूल

हरिभूमि जबलपुर।

मप्र हाईकोर्ट ने स्पष्ट किया है कि एमपीपीएससी की मप्र राज्य सेवा मुख्य परीक्षा 2025 पर रोक नहीं लगाई गई है। चीफ जस्टिस संजीव सचदेवा व जस्टिस विनय सराफ की खंडपीठ ने एमपीपीएससी को कहा कि मुख्य परीक्षा का शेड्यूल हाइकोर्ट में पेश किया जाए। बेंच ने कहा कि कोर्ट की मंजूरी के लिए आवेदन प्रस्तुत कर अवगत कराएं।अगली सुनवाई 2 सप्ताह बाद होगी।

#### यह है मामला

आरक्षित वर्ग के अभ्यर्थियों भोपाल निवासी सुनीत यादव, नरसिंहपुर निवासी पंकज जाटव एवं बैतूल निवासी रोहित कावड़े की ओर से याचिका दायर की गई है। कोर्ट क़ो बताया गया कि मप्र लोक सेवा आयोग(एमपीपीएससी) द्वारा कुल 158 पदों की भर्ती हेतु प्रारंभिक परीक्षा के परिणाम 05 मार्च को घोषित किए गए। लेकिन परिणाम में वर्गवार कट ऑफ अंक जारी नहीं किए गए। जबकि पूर्व की सभी परीक्षाओं में वर्गवार कट ऑफ अंक जारी किये जाते रहे हैं। तर्क दिया कि सुप्रीम कोर्ट एवं हाईकोर्ट के विभिन्न फैसलों को बायपास करते हुए आयोग ने अनारक्षित पदों के विरुद्ध आरक्षित वर्ग के प्रतिभावान अभ्यर्थियों को मुख्य परीक्षा हेतु चयनित नहीं किया। समस्त अनारक्षित पद सामान्य वर्ग के लिए आरक्षित कर प्रारंभिक परीक्षा का रिजल्ट जारी किया गया। आयोग ने अपनी इस असंवैधानिक त्रुटि को छुपाने के उद्देश्य से 2025 के प्रारंभिक परीक्षा में कट ऑफ मार्क्स भी जारी नहीं किए हैं। जबकी नियमानुसार प्रत्येक चरण की परीक्षा में वर्गवार कट ऑफ अंक जारी किए जाने का प्रावधान है। इसके चलते याचिकाकर्ताओं को मुख्य परीक्षा में चयन से वंचित कर दिया गया है।

#### यह हुआ सुनवाई में

सोमवार को सुनवाई के दौरान शासन की ओर से जवाब के लिए समय मांगा गया। शासन और आयोग की ओर से मेन्स 2025 पर लगा स्थगन हटाने की भी मांग की गई।इस पर हाईकोर्ट ने कहा स्थगन कहां है? दो अप्रैल 2025 को प्रक्रिया को रोका था, तब आयोग द्वारा प्री परीक्षा का कैटेगरी वाइस डिटेल रिजल्ट पेश नहीं किया गया था ।फिर स्टे हटाने की बात कहां से आई। इस पर शासन ने कहा कि दो अप्रैल के आदेश में नीचे दो लाइन लिखी हुई थी कि अगली प्रोसेस बिना कोर्ट की मंजूरी के नहीं होगी। इसलिए कोर्ट की मंजूरी की जरूरत है। ताकि मेन्स परीक्षा कर सकें। यह नौ जून को होना थी। फिर इसे टाल दिया गया था। था।इस पर चीफ जस्टिस ने कहा कि मेन्स का शेड्यूल बनाकर पेश कीजिए और साथ ही इसके लिए एक आवेदन लगा दीजिए। इस पर हम विचार करेंगे। इस पर याचिकाकर्ताओं की ओर से आपत्ति ली गई कि रिजल्ट को लेकर ही आपत्ति है, ऐसे में याचिका के निराकरण तक अगली प्रक्रिया नहीं होना चाहिए। इस पर हाईकोर्ट ने कहा कि पहले आवेदन लगने दीजिए, इसे सुनेंगे।

हरिभूमि कम्यूनिकेशन्स प्राईवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक अचिंत महेश्वरी द्वारा हरिभूमि प्रेस, 66/1, इंडस्ट्रीयल एरिया, रिछाई, जबलपुर (मध्यप्रदेश)– 482002 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, 66/1, इंडस्ट्रीयल एरिया, रिछाई, जबलपुर (मध्यप्रदेश)– 482002 से प्रकाशित। प्रधान संपादक–डॉ. हिमांशु द्विवेदी RNI No.: MPHIN/2008/24240